सेंसेक्स 71,500.76 ▼ -1,628.02
डॉलर 83.165 ▲ +0.092

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)


**आज का अनुमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 10.0 | 18.0 |
| धनबाद | 22.0 | 13.0 | 18.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 16.0 | 22.0 |
| पलामू | 24.0 | 11.0 | 19.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते


रांची, पौष शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत 2080 | रांची, गुरुवार, 18 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 341, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — भारत के खिलाफ मालदीव के कंधे पर ...8



रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित



इमरान हाशमी ने किया खुलासा, आखिर वे ... 12 — देश-विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,650

चांदी (1 किलो) 78,000

## एक नजर

### हवाई अड्डे पर रघुवर दास का स्वागत



**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास के बुधवार को मुंबई से रांची आने पर बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले में हेमंत दास भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, वरुण साहू, रिद्धि राज, रोमित नारायण सिंह, उमेश यादव, शुभम कुमार जायसवाल, संकेत तिवारी, अभिषेक कुमार, संजीव चौधरी, अनीता वर्मा, राम लगन राम, विकास कुमार, रवि नरेंद्र पांडे, सुबोध जयसवाल, रिंकू साहू जॉनी वॉकर खान, ओम प्रकाश उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

### ईडी ने कैबिनेट सचिव वंदना दादेल को दिया दो टूक जवाब

# राज्य सरकार तय नहीं कर सकती कैसे हो पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार, कैबिनेट सचिव और उनकी पार्टी के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की लगातार कार्रवाई के खिलाफ आक्रमक प्रो एक्टिव पॉलिसी से टकराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। बुधवार को ईडी ने झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल को दो टूक जवाब देते हुए पत्र लिखा है। पत्र में ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के किसी भी अधिकारी से जानकारी मांगने और समन जारी करने का कारण पूछने का राज्य सरकार को कोई अधिकार नहीं है। ईडी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करता है। इसे जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं है। ईडी ने स्पष्ट कर दिया है उसके जांच के तरीके कोई और तय नहीं करेगा। इसी के साथ ईडी ने सरकार के साथ ही कई संगठनों और नेताओं की भ्रांति को दूर कर दिया है। मालूम हो कि इसके पूर्व सोमवार को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कैबिनेट सचिव ने ईडी को लिखा था पत्र




मालूम हो कि इसके पूर्व ईडी की ओर से मुख्यमंत्री को सातवां समन भेजे जाने के बाद 11 जनवरी को कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने ईडी को पत्र लिख कर जानकारी मांगी थी कि वह राज्य के सरकारी अधिकारियों को भेजे गये समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करे। यह बताये कि संबंधित अफसर के विरुद्ध क्या आरोप हैं। एजेंसी को जांच में उनके विरुद्ध कहां-क्या साक्ष्य मिले हैं तथा किस मामले में उनसे पूछताछ की जानी है। राज्य सरकार पूरी जानकारी मिलने के बाद ही सरकारी अधिकारियों को ईडी के सामने भेजने और नहीं भेजने के बिंदु पर निर्णय लेगी। उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि राज्य सरकार की अनुमति के बगैर कोई भी अधिकारी एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए नहीं जाएंगे। इसी आधार पर पिछले दिनों साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव ईडी दफ्तर नहीं गये थे और मंगलवार को मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्र में झारखंड सरकार की नौ जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में लिये गये निर्णय से ईडी को अवगत कराया था। बताते चलें कि मनरेगा, अवैध पत्थर खनन और दस्तावेज में हेराफेरी कर जमीन की खरीद बिक्री में हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आईएएस पूजा सिंघल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई कारोबारी और जमीन माफिया होटवार जेल में बंद हैं।

#### ईडी 20 को मुख्यमंत्री का बयान ले सकती है

कैबिनेट सचिव वंदना दादेल के पत्र के बाद चर्चा शुरू हो गई थी कि अब ईडी का स्टैंड क्या होगा। इसको एजेंसी ने साफ कर दिया है। खास बात है कि लैंड स्कैम मामले में सात समन जारी होने के बाद जब ईडी ने आठवीं बार सीएम को पत्र भेजा तब उन्होंने हामी भरते हुए कहा कि 20 जनवरी को ईडी की टीम उनके आवास पर आकर उनका बयान ले सकती है। सीएम के इस स्टैंड के बाद राजनीतिक गलियारे में कयासों का बाजार गर्म है। वहीं कुछ राजनीतिक दल ईडी को धमकाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

#### सीएम पर ईडी की कार्रवाई से नहीं बिगड़ेगा लॉ एंड ऑर्डर : राज्यपाल



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि ईडी अपना काम कर रहा है और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सही जवाब ईडी को देना है। कोई कानून से ऊपर नहीं है। इसलिए लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की बात ही नहीं है। राज्यपाल ने एक अन्य सवाल के जवाइ में कहा कि आखिर पब्लिक क्यों गुस्सा होगी? उसे गुस्सा होने की जरूरत क्या है? ऐसा सवाल ही नहीं उठता है। लोकतंत्र में इन सब बातों की कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री ने भी जांच एजेंसियों को सवालों के जवाब दिये हैं। यदि आपको जननेता बनना है तो आपको जवाब देना ही होगा।

## जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर का उद्घाटन



### सूर्य पूजा-हवन के साथ किया गया अनुष्ठान

### 800 करोड़ रुपये से बना है गलियारा

**एजेंसी। पुरी**

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को मंदिर के गजपति दिव्यसिंह देव के साथ जग्गनाथ मंदिर कॉरिडोर का उद्घाटन किया। देश के चार धामों में से एक 12वीं सदी में बने ओडिशा के पुरी जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर (श्रीमंदिर परियोजना) का काम पूरा हो चुका है। 800 करोड़ रुपए में बनाए गए इस प्रोजेक्ट का मकसद जगन्नाथ मंदिर को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल करना है। ओडिशा सरकार ने उद्घाटन कार्यक्रम में भारत और नेपाल के एक हजार मंदिरों को न्योता भेजा गया था। साथ ही देश के चारों शंकराचार्यों, चारों पवित्र धाम और चार अन्य छोटे धामों को भी आमंत्रित किया गया। मंदिर प्रशासन ने नेपाल के राजा को भी निमंत्रण भेजा गया था। प्रोजेक्ट के तहत मंदिर से लगे बाहरी दीवार (मेघनाद पचेरी) के चारों तरफ 75 मीटर चौड़ा गलियारा बनाया गया है। मंदिर के चारों ओर 2 किलोमीटर में श्रीमंदिर परिक्रमा पथ का निर्माण किया गया है। यहां से श्रद्धालु मंदिर का सीधे दर्शन कर सकेंगे। दिसंबर 2019 में शुरू हुए प्रोजेक्ट के तहत बने रिसेप्शन सेंटर में 6 हजार भक्त एक साथ खड़े हो सकेंगे। यहां 4 हजार परिवारों के लिए सामान रखने के लिए लॉकर रूम, शेल्टर पवेलियन, मल्टीलेवल कार पार्किंग, पुलिस और फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी के लिए शटल बस की सुविधा दी गई है। उद्घाटन के लिए दो दिन पहले यहां महायज्ञ शुरू हुआ। बुधवार को पूणार्हूति के साथ इसे विधिवत श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है।

### सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने बताई चार वर्ष की उपलब्धि

# अब बालू की होगी होम डिलीवरी बनाया जायेगा सैंड टैक्सी पोर्टल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने बुधवार को विभाग की चार वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी दी। उसके साथ ही खान एवं भूतत्व विभाग की जानकारी देते हुए अबू बकर ने बताया कि राज्य में झारखंड खनिज विकास निगम द्वारा तेलंगाना राज्य की तर्ज पर सैंड टैक्सी पोर्टल को मार्च 2024 तक लागू किया जायेगा। पोर्टल पर पंजीकृत ट्रैक्टर वाहनों के मालिकों,नागरिकों और उपभोक्ताओं को बालू का ऑर्डर देने के 48 घंटे के अंदर बालू गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जायेगा। वर्तमान में 14 खनिज ब्लॉकों को नीलामी के लिए तैयार किया गया है। लघु खनिज की नीलामी की जानकारी देते ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



#### ब्लॉक चेन सिस्टम से बीज वितरण करने वाला पहला राज्य बना झारखंड

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव दावा किया कि सीएम के निर्देश पर हमने बेहतर कार्य किया है। झारखंड पूरे देश में पहला ऐसा प्रदेश है, जिसने बीज वितरण में ब्लॉक चेन प्रणाली लागू की है। हमारे इस प्रयास की पूरे विश्व में चर्चा हुई है। सुखाड़ के बावजूद इस वर्ष 1.30 लाख क्विंटल बीज का वितरण वेब पोर्टल के माध्यम से किया गया है। वहीं, कृषि ऋण माफी योजना के तहत स्टैंडर्ड केसीसी में अब तक आठ लाख ऋणी किसान को शामिल किया गया है। अब तक 4 लाख 62 हजार से ज्यादा किसानों को डीबीटी के माध्यम से 1858.3 करोड़ रुपये का वितरण किया गया है। दूध उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करते हुए दूध का संग्रहण 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 2.5 लाख लीटर प्रतिदिन हो गया है जबकि किसानों को तीन रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जा रही है। करीब 38 हजार किसान इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

# धनबाद के 9 कोयला कारोबारियों के 56 ठिकानों पर आयकर छापा

### झारखंड, बंगाल, बिहार, छग में सुबह से आयकर टीम की दबिश

### तीन करोड़ कैश बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को कोयलांचल के नौ कोयला कारोबारियों के 56 ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी कर सनसनी फैला दी। झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ में कई ठिकानों पर छापेमारी की गयी। धनबाद जिले में ही करीब दो दर्जन ठिकानों पर टीम की दबिश देर रात तक जारी रही। इस दौरान टीम ने तीन करोड़ रुपये नगद बरामद किये हैं। कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार के वेडलॉक होटल एंड रिजार्ट में छापेमारी में तीन करोड़ रुपये कैश मिले हैं। टीम ने कोयला कारोबारी दीपक पोद्दार, अनिल खेमका, राजेंद्र कुमार, रमेश अग्रवाल, साबिर आलम, राणा रंजीत सिंह, पिंटू अग्रवाल,अनिल कुमार और रवि रवानी के ठिकानों पर दबिश दी है। इनके कार्यालय, आवास और संबंधित ठिकाने आयकर टीम के निशाने पर रहे। टीम में आईटी के करीब 170 अधिकारी व 250 सीआरपीएफ के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




#### 56 ठिकनों पर सर्च कर रही आईटी टीम

आयकर विभाग के एडिशनल डायरेक्टर (इन्वेस्टिगेशन विंग) नरसिंह खलखो ने बताया कि टीम ने चार राज्यों में छापेमारी की है। 56 स्थानों पर सर्च कर रही है। इस दौरान वेडलॉक रिजार्ट से तीन करोड़ कैश मिले हैं। टीम की छापेमारी जारी है।

### प्रधानमंत्री ने केरल में 4 हजार करोड़ की 3 परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की

# ग्लोबल ट्रेड का बड़ा केंद्र बनने को हम समुद्री शक्ति बढ़ा रहे : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली/कोच्चि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को केरल के कोच्चि में 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की तीन प्रमुख निर्माण परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से देश के दक्षिणी क्षेत्र की प्रगति और विकास में तेजी आएगी। बुधवार को उद्घाटन की गई परियोजनाओं में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) में न्यू ड्राई डॉक (एनडीडी), सीएसएल की इंटरनेशनल शिप रिपेयर फैसिलिटी (आईएसआरएफ) और पुथुवाइपीन, कोच्चि में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के एलपीजी आयात टर्मिनल शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जब भारत फिर से ग्लोबल ट्रेड का एक बड़ा केंद्र बन रहा है, तो हम



फिर से अपनी समुद्री शक्ति को बढ़ाने में जुटे हैं। पिछले दशक में हुए महत्वपूर्ण सुधारों ने बंदरगाहों, शिपिंग और अंतदेर्शीय जलमार्ग क्षेत्रों में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, बंदरगाह, नौवहन और अंतरदेशीय जलमार्ग के सेक्टर में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा अनेक सुधार किए गए हैं। इससे बंदरगाहों में अधिक निवेश आया है और ज्यादा रोजगारों का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि आज समर्पित की गई तीनों परियोजनाओं का उद्देश्य भारत के बंदरगाहों, शिपिंग और जलमार्ग क्षेत्र को बढ़ावा देना है। मोदी ने कहा, आजादी के अमृतकाल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश के हर राज्य की अपनी भूमिका है। भारत जब समृद्ध था, उस समय वैश्विक जीडीपी में हमारी भागीदारी बहुत बड़ी थी, तब हमारी ताकत हमारे पोर्ट्स और पोर्ट सिटी थे। उन्होंने कहा कि हम भारत को समुद्री शक्ति बनाने के लिए बड़े बंदरगाहों और जहाज निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आज जिन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, वे भारत के समुद्री क्षेत्र को मजबूत करने में केरल की भूमिका बढ़ाने में मदद करेंगे।

## इंडिया

# राम मंदिर से लेकर रामचरित मानस पर विवाद और सत्य



सुनील बादल

***अयोध्या*** में राम मंदिर अब एक आकार लेकर उन लाखों-करोड़ों श्रद्धालुओं के सपने के साकार करने जा रहा है जिनके साथ बहुतों को लगता था कि यह एक असंभव चुनावी मुद्दा है जिसपर राजनीति खेली जाती रहेगी ! जैसे-जैसे 22 जनवरी की तिथि पास आ रही है वैसे-वैसे तुलसी रचित रामचरित मानस की मांग बढ़ती जा रही है और साथ ही राजनीतिक विवाद भी बढ़ते जा रहे हैं कि जब कण-कण में राम हैं तो प्राण प्रतिष्ठा क्यों तो इसका जवाब दिया जा रहा है कि हर मंदिर में मूर्तियों में प्राण डालने की प्रक्रिया होती है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस की लोकप्रियता अद्वितीय है, परंतु इस ग्रंथ के किसी न किसी पहलू को लेकर बराबर विवाद भी उठते रहते हैं। रामचरितमानस की भाषा के बारे में विद्वान एकमत नहीं हैं। कोई इसे अवधी मानता है तो कोई भोजपुरी। कुछ लोक मानस की भाषा अवधी और भोजपुरी की मिली जुली भाषा मानते हैं। मानस की भाषा बुंदेली मानने वालों की संख्या भी कम नहीं है। मानस में संस्कृत, फारसी और उर्दू के शब्दों की भरमार है। प्रकाशन विभाग द्वारा सन 1978 में प्रकाशित पुस्तक 'रामायण, महाभारत एंड भागवत राइटर्स के पृष्ठ 110 पर मदन गोपाल ने रामचरितमानस की भाषा में के बारे में लिखते हुए कहा कि तुलसीदास अवधी और ब्रज भाषा में बराबर निष्णात थे। उन्होंने लगभग 90,000 संस्कृत शब्दों को गांवों में प्रचलित किया, जबकि 40,000 देसी शब्दों को को पढ़े-लिखे लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया। तुलसीदास ने अवधी और ब्रज भाषा के मिले-जुले स्वरूप को प्रचलित किया। इसके साथ ही उन्होंने फारसी और अन्य भाषाओं के हजारों शब्दों का प्रयोग किया। तुलसीदास ने संज्ञाओं का प्रयोग क्रिया के रूप में किया तथा क्रियाओं का प्रयोग संज्ञा के रूप में। इस प्रकार के प्रयोगों के




उदाहरण बिरले ही मिलते हैं। तुलसीदास ने भाषा को नया स्वरूप दिया। चित्रकूट स्थित अंतरराष्ट्रीय मानस अनुसंधान केन्द्र के प्रमुख रहे स्वामी रामभद्राचार्य ने रामचरितमानस की भाषा के बारे में कई मौलिक प्रश्न उठाए हैं। इन्हीं के आधार पर उन्होंने अपने संशोधनों का औचित्य भी प्रतिपादित किया है। स्वामी जी ने लिखा है कि रामचरितमानस के वर्तमान संस्करणों में कतृर्वाचक उकार शब्दों की बहुलता है। उन्होंने इसे अवधी भाषा की प्रकृति के विरुद्ध बताया है। इसी प्रकार उन्होंने उकार को कर्मवाचक शब्द का चिन्ह मानना भी अवधी भाषा के विपरीत बताया है। स्वामीजी अनुनासिको को विभक्ति को द्योतक मानने को भी असंगत बताते हैं- 'जब ते राम ब्याहि घर आये। कुछ अपवादों को छोड़कर अनावश्यक उकारांत कतृर्वाचक शब्दों के प्रयोग को स्वामी रामभद्राचार्य ने अवधी भाषा के विरुद्ध बताया है। उनके अनुसार मानस की प्राचीन प्रतियों में उकार और अनुनासिकों का चंद्रबिन्दु नहीं लगा है। जैसे प्रचलित अयोध्या कांड में उकार की बहुलता है, उसी प्रकार अनावश्यक अनुनासिकों की प्रचुरता भी है, जिनकी अवधी भाषा में न तो आवश्यकता है और न ही कोई इनकी अर्थ बोधक भूमिका। स्वामी रामभद्राचार्य इस बात से तो सहमत हैं कि तुलसीदास 'ग्राम्य गिरा' के पक्षधर थे। परन्तु वे जायसी की गँवारू अवधी के पक्षधर नहीं थे। स्वामी रामभद्रचार्य ने 'न्ह' के प्रयोग को भी अनुचित और अनावश्यक बताया है। उनके अनुसार नकार के साथ हकार जोड़ना ब्रज भाषा का प्रयोग है अवधी का नहीं। स्वामीजी के अनुसार मानस की उपलब्ध प्रतियों में तुम के स्थान पर 'तुम्ह' और 'तुम्हहि' शब्दों के जो प्रयोग मिलते हैं वे अनुचित हैं। उन्होंने लिखा है कि बाँदा तथा बुंदेलखंड में तुम शब्द का ही प्रयोग होता है। पिंगल शास्त्र के अनुसार चौपाई में सोलह-सोलह मात्राओ की चार अर्धालियाँ होनी चाहिए, परन्तु स्वामीजी के अनुसार चौपाई वास्तव में 4 पतियों का छंद है। उन्होंने अपनी बात को सिद्ध करने के लिए हनुमान चालीसा का उदाहरण दिया है, जिसमें केवल 80 अर्धालियाँ हैं। इस संबंध में इतना ही कहना प्रर्याप्त हैं कि बहुत से विद्वान हनुमान ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# डीईओ और कम्प्यूटर ऑपरेटर एक लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

एसीबी की रांची टीम ने बुधवार को गुमला जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनील शेखर कुजूर और कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुप किंडो को एक लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि गुमला निवासी कुणाल देव बारला की पत्नी कुंती कुमारी ने एसीबी को शिकायत की थी कि जिला शिक्षा पदाधिकारी ने माघी बालिका उच्च विद्यालय के निरीक्षण के दौरान इनके खिलाफ कई आरोप लगाते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इसके बाद कुंती कुमारी ने स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर दोष ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### गोविंदपुर थाना का एएसआई 15 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**धनबाद।** एसीबी धनबाद ने साल का दूसरा ट्रैप करते हुए धनबाद के गोविंदपुर थाना में एएसआई के पद पर तैनात विक्रम कुमार को 15 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ धर दबोचा। गिरफ्तार एएसआई एक केस मैनेज करने के नाम पर रिश्वत ले रहा था। बताया जाता है कि आवेदक भूली निवासी रौशन लाल अग्रवाल जो नीलामी की गाड़ियां खरीदा और बेचा करते है।

## एक नजर

### छोटामुरी वैष्णवी दुर्गा मंदिर में भक्ति जागरण 22 जनवरी को



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत छोटा मुरी वैष्णवी दुर्गा मंदिर में अयोध्या में श्री राम लाल जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी को संध्या 8 बजे से भक्ति जागरण का आयोजन मुरी युवा समिति द्वारा किया गया है। भक्ति जागरण की टीम रामगढ़, बरकाकाना और रांची से आएंगे और श्रद्धालुओं को भक्ति का रसपान कराएंगे। मुरी युवा समिति ने समस्त मुरी और सिल्लीवासियों से अपील किया है कि भक्ति जागरण में आकर भक्ति संगीत का आनंद ले।

### पुल के नीचे गिरी बाइक एक की मौत, दो घायल

**सिल्ली।** सिली थाना अंतर्गत मुरहु तुकु निवासी अवधेश कुमार महतो उम्र 20 वर्ष कामेश्वर महतो उम्र 16 वर्ष गोडहा निवासी अजय महतो उम्र 22 वर्ष तुकु निवासी तीनों एक ही बाइक पर अपने घर से हरिहर मेला कोचों देखने आ रहे थे बाइक तेज रफ्तार आ रही सतीया पटका पुल के समीप नियंत्रण खोकर पुल के नीचे गिर पड़ी जिससे कामेश्वर महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कामेश्वर महतो की मां प्रमिला देवी ने बताई की एक ही बाइक पर तीनों घर से निकलकर हरिहर मेला देखने के लिए आ रहा था तभी अचानक हमें सूचना मिली कि मेरा बेटा का एक्सीडेंट हो गया है ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना सिली थाना को दिया गया सूचना मिलते ही सिली थाना दलबल के साथ घटनास्थल में पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार करने के लिए सामुदायिक सिली अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर विवेक के द्वारा कामेश्वर महतो को मुक्त घोषित कर दिया गया वही अवधेश कुमार महतो को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया तीसरा युवक अजय कुमार को परिजनों के द्वारा बेहतर इलाज के लिए सिगपुर नर्सिंग होम लाया गया सिंगपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर रमनेश प्रसाद के द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### ब्राइट होप्स स्कूल में राइम्स प्रतियोगिता का आयोजन



**मांडर।** प्रखण्ड स्थित ब्राइट होप्स स्कूल में बुधवार को नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए राइम्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिंदी तथा इंग्लिश राइम्स सुनाए। बच्चों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सफल बच्चों को पुरस्कृत किया गया। नर्सरी से शिवानी, रुद्रा, तनिश एवं हुजैफा, एलकेजी से अनुष्का तिग्गा, शिवन्या सिंह, परिधि, यूकेजी से नवाज अंसारी, कुणाल एवं देवांशी कुमारी सफल रहे। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षिकाएं मनीषा कुमारी, ममता कुमारी, शांभवी सहित अभिभावक गण उपस्थित थे।

### करकट में महाकवि घासीराम महली की जयंती समारोह सह मेला का आयोजन

# लोक संस्कृति को बचाने की जरुरत : मंत्री हफीजुल हसन



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** प्रखंड के ग्राम करकट में महाकवि घासीराम महली की जयंती 165वीं जयंती समारोह सह मेला का आयोजन बुधवार को किया गया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण सह खेलकूद, युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन एवं एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुए। मौके पर बोलते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि धन्य है यह क्षेत्र जिसमें ऐसे ऐसे साहित्यकार जन्म लिए हैं। आज जरूरत है इनकी कला को बचाकर आगे ले जाने की। बहुत ऐसे साहित्यकार ऐसे हैं जिनकी कृति को आगे लाने की जरुरत है। उन्होंने महाकवि घासीराम के कृतियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं बोलते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि समाज को एकसूत्र में पिरोने की जरुरत है। ऐसे महापुरुषों की जीवनी हरेक बच्चा तक पहुँचनी चाहिए। उन्होंने समिति के सदस्यों को सलाह दी कि यहां पर इनकी जयंती के अवसर पर बड़े स्तर पर मेला लगाने की जरुरत है। उन्होंने महाकवि की साहित्य साधना की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक प्रेरक व्यक्तित्व थे। उनसे हमे सीख लेनी चाहिए। गांवों में जागरुकता तथा एकता बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सभा को डॉ उमेश नंद तिवारी और डॉ राम प्रसाद ने भी संबोधित किया।पद्मश्री मधु मंसूरी हँसमुख, महावीर साहु, सीमा देवी समेत अन्य दल के लोगों ने गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नागपुरी साहित्यकार डॉ कृष्ण प्रसाद साहू कलाधर और गायक महावीर साहू को महाकवि घासीराम सम्मान से सम्मानित किया गया तथा जनजाति महली कर्मचारी संघ द्वारा जागरूकता एवं सामाजिक विकास के लिए पूनम कुमारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महाकवि घासीराम स्मारक समिति द्वारा मंत्री और विधायक को मांग पत्र भी सौंपा गया जिसमें मुख्य रूप से संस्कृति भवन पुस्तकालय और सड़क की मांग की गई है। इससे पहले सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर, पत्ते की पारम्परिक पारंपरिक टोपी पहनाकर और चंदन का पौधा देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। धन्यवाद ज्ञापन अशोक महली ने किया। मौके पर महावीर साहू, आशीष कुमार महली, निरंजन बघवार, अशोक कुमार महली , मनोहर मोहंती, कृष्ण प्रसाद साहू कलाधर, विकास सिन्हा, मो मुजीबुल्लाह, परमेश्वर भगत, नाफर अली, हरिनंदन महली , त्रिपुरारी तिवारी, योगेंद्र यादव, भूपेंद्र महली, रमेश महली, अजित कुमार सिंह, बबीता देवी, मनोज महतो, संतोष महली, मनोज महली समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### खूंटी में तीन दिवसीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता शुरू उद्घाटन मैच में कच्चाबारी ने हुलहुंडू को हराया

**खूंटी।** स्थानीय बिरसा कॉलेज के मैदान में कल्याण सोसायटी खूंटी और हॉकी एसोसिएशन खूंटी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता बुधवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हॉकी खूंटी के सचिव दशरथ महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच कर्रा के कच्चाबारी और हुलहुंडू टीम के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण हुए इस मैच में कच्चाबारी की टीम ने 1-0 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता का दूसरा मैच उयूर तोरपा और अनंत विजयी बिलसेरेंग के बीच हुआ, जिसमें अनंत विजयी बिलसेरेंग की टीम ने 3-1 से जीत हासिल की। तीसरा मैच ब्लैक टाईगर खूंटी और पूर्ति ब्रदर्स रागोनोय के बीच खेला गया जिसमें ब्लैक टाईगर खूंटी ने 3-0 से जीत दर्ज की। चौथा मैच आशीष ब्रदर्स मुरहू और मॉर्निंग स्टार बंदगांव के बीच हुआ, जिसमें आशीष ब्रदर्स ने 4-2 गोल से जीत हासिल की। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया है।

## न्यूज बॉक्स

### आईएचएम रांची में लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल ने कराया छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण



**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मेनेजमेंट में लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल रांची के प्राचार्य अभिषेक हरित के नेतृत्व में कुल 312 छात्रों एवं 7 शिक्षकों का शैक्षणिक भ्रमण बुधवार को कराया गया। संस्थान के आधारभूत संरचना दर्शन के दौरान छात्रों को संस्थान के बी एस सी इन एच एंड एचए, डिग्री पाठ्यक्रम एवम लघु पाठ्यक्रमों से संबंधित सभी विभागों जैसे फूड प्रोडक्शन, फूड एंड बेवरेज सर्विस, फ्रंट ऑफिस एंड हाउसकीपिंग डिपार्टमेंट में पढ़ाए जा रहे पाठयक्रम के विभागवार व्यावहारिक कक्षाएं से रूबरू कराया गया। होटल मैनेजमेंट कोर्स के पश्चात छात्रों का होटल उद्योग, विमानन उद्योग, क्रूज लाइनर, रसोई प्रबंधन, सरकारी क्षेत्र के विभिन्न विभाग, अन्य सभी सेवा क्षेत्रों में कैरियर बनाने के अलावा एक सफल उद्यमी बनने के साथ साथ देश विदेश के प्रतिष्ठित होटलों एवं संस्थाओं में रोजगार प्राप्त करने तथा रोजगार सृजित करने जैसे महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया गया।

### श्री कृष्ण प्रणामी ने गुरु गोविंद सिंह के जन्मदिवस पर बांटे कंबल

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट के सयुंक्त तत्वावधान में ठंड के प्रकोप को देखते हुए कांटा टोली स्थित रविदास मोहल्ला, गढ्ढा टोली, कुरैसी मोहल्ला एवं लोवाडीह रेलवे लाईन के आस पास झोपड़ी मे रहने वाले लोगों के बीच 110 कंबल का वितरण किया गया। वितरण करने वालों में बिनोद राम, भुवनेश्वर प्रसाद, बबलू राम, सुधन देवी, शकुंतला देवी, आलोक सिंह, बिष्णु सोनी, ओमप्रकाश सरावगी, धीरज कुमार गुप्ता, डूंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सज्जन पाडिया, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता एव आलोक सिंह शामिल थे।

# नगाड़ा बजाकर समाज को जगाने का काम करेगी सरना समिति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** केंद्रीय सरना समिति की बैठक केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की की अध्यक्षता में हुई। बैठक केंद्रीय कार्यालय 13 आरआईटी बिल्डिंग कचहरी परिसर में हुई। बैठक में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा की गयी। फूलचंद तिर्की ने कहा कि आज आदिवासियों की धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक हक-अधिकारों पर चौतरफा हमला किया जा रहा है। आरोप लगाया कि ईसाई मिशनरियों के द्वारा पहले ही प्रकृति पूजक आदिवासियों के हक अधिकार लूटे जा रहे हैं। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कुर्मी समुदाय के लोग आदिवासियों का हक अधिकार लूटने के लिए आदिवासी बनना चाह रहे हैं। आरएसएस और भाजपा के लोग आदिवासियों को हिंदू बनाने में लगे हैं। प्रकृति पूजक आदिवासी अपनी धार्मिक पहचान सरना कोड की लड़ाई लड़ रहे हैं। मूल आदिवासियों को समझ नहीं आ रहा है कि इससे कैसे बचा जाय। एक तरफ कुआं है तो दूसरी तरफ खाई। उन्होंने कहा कि सरना समिति समाज को जगाने के लिए प्रत्येक गांव में जागरुकता अभियान चलायेगी। गांव गांव जाकर अखरा में नगाड़ा बजा बजाकर समाज को जगाने का काम करेगी।

# आंगनबाड़ीं केंद्रों का लगातार निरीक्षण करें जन प्रतिनिधि : मसीह गुड़िया



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी** झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी द्वारा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय(कन्या) खूंटी के सभागार में बुधवार को जिला स्तरीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नई शिक्षा नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालयों में पांच से 18 आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन, ठहराव एवं 12वीं तक की शिक्षा को पूर्ण कराने में ग्रामीण जन प्रतिनिधियों की जिम्मेवारी के संबंध विस्तृत परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन खूंटी जिला परिषद के अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौबे, जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यार्थियों की सुविधा के लिए जिज्ञासा चौट बोट तथा डीजी-साथ (झारखंड) लांच किया गया। कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि मानव जीवन में शिक्षा का सबसे अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि गांव और समाज से जुड़े होते हैं। जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र के विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों की अद्यतन स्थिति से अवगत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों को बेहतर कैसे बनाया जाय, इसकी सोच रखने की आवश्यकता है। उन्होंने पंचायत स्तर पर योजनाओं के चयन में विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने गांव के अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील करते हुए कहा कि गांव में बच्चे नशापान की ओर अग्रसर हो रहे है, जो चिंता का विषय हैं, इसे लेकर क्षेत्र में लोगों को जागरूक करें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि किसी भी योजना को धरातल पर उतारने में जनप्रतिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell

Very Short e-Procurement Notice(2nd Call)

Tender Reference No:- BCD/EE/ HAZARIBAG/ 09 /2023-24

Date:: -16-01-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of Boundary wall of Upgraded High School Kharna, Bishnugarh, Block- Bishnugarh Dist- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 9841353/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 19-01-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 27-01-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

Further details and subsequent amendments can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 316291 Building (23-24)_D


### दो मोबाईल चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**रातू।** पुलिस ने कांड संख्या 267/20 का निष्पादन करते हुये दो मोबाईल चोरो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में पिथोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली निवासी लक्ष्मण महतो के 20 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार महतो व बुढ़मू थाना क्षेत्र के गेसवे निवासी नयुम अंसारी का पुत्र सयुप अंसारी है। जानकारी के मुताबिक आरोपियो ने तीन वर्ष पूर्व रातु थाना अंतर्गत पुरियों निवासी प्रदीप कुमार महतो के मोबाइल दुकान में 7 से 8 मोबाईल की चोरी कर फरार हो गये थे। भुक्तभोगी ने रातु थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# हरिहर मेला धूमधाम से संपन्न



नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली कोचों पंचायत स्थित स्वर्णरिखा नदी तट पर हरिहर मेला धूमधाम से संपन्न हो गया। यह मेला में एक ही मंच पर पक्ष एवं विपक्ष के नेता साथ बैठे हुए नजर आए। मेले में मंच पर उपस्थित विधायक सुदेश कुमार महतो, पूर्व विधायक अमित कुमार महतो, पूर्व जिला परिषद गौतम कृष्णा साहू, जिला परिषद लक्ष्मी देवी आदि अतिथि गण उपस्थित थे। इस मेले में खिलौना, बर्तन, शंख आलू, कुदाल आदि घरेलू समान दुकानदारों के द्वारा बेचा जा रहा था वही दूर-दराज से आए ग्रामीण ने सामान की खरीदारी करते हुए देखा गया। मेले में आसपास के ग्रामीणों के द्वारा एवं महिलाओ ने लंबी चौड़ी टुसू लेकर नाचते-गाते हुए पहुंची जहां मेला कमेटी के द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किए हुए टुसू को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मेले में मां दुर्गा की मंदिर, बजरंगबली की मंदिर, मां लक्ष्मी की मंदिर, काली की मंदिर, भगवान शिव शंकर की मंदिर आदि स्थापित है जहां मेले में आए हुए पुरुष एवं महिलाओं ने मंदिरों में जाकर माथा टेका साथ ही साथ पूजा अर्चना भी किया। इस क्षेत्र का सबसे बड़ा टुसू मेला माना जाता।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी दोषी करार

**रांची।** पॉक्सो की विशेष अदालत ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले के तीनों आरोपियों को बुधवार को दोषी करार किया है। दोषियों में प्रदीप उरांव, बुलेट उरांव और चैने उरांव शामिल है। इनकी सजा के बिंदु पर 23 जनवरी को सुनवाई होगी। मामले के बारे में बताया गया कि 8 वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा एक शादी समारोह से घर लौट रही थी। इसी दौरान एक नाबालिग सहित चार आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले को लेकर नाबालिग के परिजनों ने मांडर थाना में कांड संख्या 212/2021 दर्ज कराया था। इसके बाद मांडर पुलिस ने सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। चार आरोपियों में से एक आरोपी नाबालिग है, जिसका मामला जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में चल रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ**

विज्ञापन संख्या 02 SBM(G) दिनांक 17/01/2024

संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत 'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)'एवं जल जीवन मिशन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। केन्द्र सम्पोषित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन हेतु जारी दिशा निर्देश के आलोक में निरूपित योजना के कार्यान्वयन के लिए रामगढ़ जिला अन्तर्गत लेखापाल के पद के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है :-

'स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0)

| क्र0 सं0 | पद | पदों की कुल संख्या/ मानदेय | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | कार्य अनुभव | Computer Knowledge/ Experience |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल (Accountant) | 01 (अनारक्षित) 20,000/- (बीस हजार रूपये प्रतिमाह) | सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से B.Com में 50% अंक से उत्तीर्ण | Accounts के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्षों का कार्य से संबंधित अनुभव होना आवश्यक है। | Proficient in MS Office (Word, Excel, Power Point). Should be able to work over spreadsheet, Basic MIS skill. |

संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना एवं नियम शर्ते www.ramgarh.nic.in पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त
रामगढ़

PR 316357 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D


# घर बैठे ही अबुआ आवास का सर्वे करने का लोगों ने लगाया आरोप

# आवास के ब्लॉक कोडनेटर को विधायक ने लगाई फटकार



**नवीन मेल संवाददाता। रातू** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को पंचायत समिति की प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में हटिया विधायक नवीन जयसवाल शामिल हुए। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित मासिक बैठक में पंचायत समिति सदस्यों के अलावा कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रखंड स्तरीय बैठक में पंचायतों में चल रहे कल्याणकारी योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की गई। जिसमें मनरेगा, पशुपालन, कृषि, पेंशन योजना, बाल विकास, चिकित्सा, बैंक, जेएसएलपीएस, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद आपूर्ति, कल्याण, सहकारिता, ग्राम पंचायत को साफ सफाई, नाली निर्माण, गली को सड़क, तालाब गहरीकरण, तालाब सौंदर्यकरण व पंचायत में संचालित अन्य योजना की समीक्षा की गई। पंचायत समिति सदस्यों ने अबुआ आवास योजना में लाभुकों का चयन घर- घर न जाकर ऑफिस में बैठ कर ही लाभुकों का चयन कर सूची बनाने का आरोप लगाया। विधायक ने पदाधिकारियों लगाई फटकार। वहीं कृषि विभाग की ओर से किसानों को समय पर खाद्य बीज उपलब्ध नहीं कराने तथा बैंक के द्वारा 7 प्रतिशत में लॉन देने के बाद 12 प्रतिशत वसूलने की शिकायत विधायक से की गई।

**विधायक ने लगाया फटकार :** अबुआ आवास में लाभुकों के चयन में पंचायत समिति सदस्यों को जानकारी नहीं देने की शिकायत पर विधायक नवीन जयसवाल ने अबुआ आवास के ब्लॉक कोडनेटर अभिषेख कुमार मिश्रा को फटकार लगाया। उन्होंने अबुआ आवास में लाभुको की चयन का सर्वे पंचायत समिति, मुखिया व वार्ड सदस्य के साथ पंचायत में घूम- घूम कर एक- एक लाभुक के घर जाकर योग्य लाभुक का चयन करने का आदेश दिया।

**इन लोगो को नहीं मिलेगा आवास :** प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिशंकर बारीक ने बताया कि रातू के 20 पंचायतों से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से अबुआ आवास के लिये लगभग 15 हजार से अधिक आवेदन दिया गया है। जिन लोगो को वर्ष 1990 से 2023 तक किसी भी तरह का आवास मिला है उन्हें आवास नही दिया जायेगा। इसके अलावा पक्का मकान,तीन पहिया वाहन व सरकारी नौकरी करने वाले भी आवास से वंचित होंगे। प्रथम चरण में सभी को आवास देना संभव नही है। अभी उन लोगो को आवास दिया जायेगा जो आवास के लिए योग्य होंगे। उन्होंने कहा कि जिस लाभुक का नाम सूची में छूट गया है वह दावा आपत्ति कर सकते है। बैठक में प्रमुख संगीता देवी, बीडीओ हरिशंकर बारीक, आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेख कुमार, उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी,कल्याण पदाधिकारी, बीटीएम मुन्नी कुजूर, अबुआ आवास कोडनेटर अभिषेख कुमार मिश्रा, सीएचसी प्रभारी आईएस होरो, जेएसएलपीएस के प्रकाश उरांव, बीपीओ मनीता कुमारी, के अलावा कई विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### रातू में बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग ने की छापेमारी

**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने बुधवार को इलाके के तारूप में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया । सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई छापेमारी में तारूप के 4 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर 97 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। आरोपियों में उमेश महतो पिता किशुन महतो पर 40405 हजार,लोदा उरांव पिता स्व सोमा उरांव पर 40405 हजार, गोपाल महतो पिता शिखर महतो 8081 मनु उरांव पिता बुधनाथ उरांव पर 8081 हजार कुल लगभग 97 हजार का जुमार्ना लगाया गया है।मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने रातू थाने में प्राथमिक दर्ज कराई है । छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल प्रशांत कुमार सिंह, कनीय विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा विवेक द्विवेदी, नवनीत कुमार चौबे कनिय सारणी पुरुष विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल रातु, मिन्हाज अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, व अन्य विद्युतकर्मी शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी**

ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई-अल्पकालीन निविदा संख्या :- 21/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक - 17.01.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम :-

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-14/ 2023-24 | तमाड़ | 1. मिढुडीह से चोगाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०-4.350 कि०मी०)। | 11,96,18,800.00 | ग्यारह करोड़ छियानबे लाख अठारह हजार आठ सौ रू० मात्र। | 9 माह। |
| | | तमाड़ | 2. L021 से मिढुडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०-1.900 कि०मी०)। | | | |
| | | तमाड़ | 3. एन०एच०-33 नुरीडीह से आगरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०-2.800 कि०मी०)। | | | |
| | | तमाड़ | 4. चोगाडीह से बिरसाईडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०-1.000 कि०मी०)। | | | |
| | | तमाड़ | 5. T01- सलगाडीह कैनाल से डेरो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०-2.900 कि०मी०)। | | | |
| | | तमाड़ | 6. जिलिंगसेरेंग से बारूकाण्डे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०-2.500 कि०मी०)। | | | |
| | | तमाड़ | 7. सलगाडीह कैनाल से जानुमपीड़ी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०-4.300 कि०मी०)। | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:- 27.01.2024।
3 ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:- 05.02.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:- 07.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन-835210।
6 ई- निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:- 9431170803

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, खूँटी

PR 316292 Rural Work Department (23-24)_D




## एक नजर

### झारखंड अभिभावक संघ का स्कूल बंद करने की मांग

**रांची।** मौसम में हुए परिवर्तन के बाद कपकपाती ठंड को देखते हुए झारखंड अभिभावक संघ ने स्कूलों को बंद करने की मांग की है। झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने मुख्यमंत्री और स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव को ईमेल के जरिये पत्राचार किया है। जिसमें मांग की गयी है कि ठंड और शीतलहरी के मद्देनजर स्कूलों को बंद किया जाना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि मौसम बहुत ठंड हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र ने भी आनेवाले दिनों में बारिश और घना कोहरा छाये रहने की जानकारी दी है। ऐसे मौसम में स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में कठिनाई होती है। संघ ने जूनियर स्कूलों को बंद करने और सीनियर स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की है।

### माहेश्वरी महिला समिति ने बच्चों के बीच बांटी पठन-पाठन सामग्री

**रांची।** माहेश्वरी महिला समिति की ओर से हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित एचआई आवासीय परिसर में स्लम क्षेत्र के बच्चों के बीच पठन-पाठन एवं अन्य उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। माहेश्वरी महिला समिति की उपाध्यक्ष अनीता साबू, सचिव विमला पलोड़, कोषाध्यक्ष सरला चितलांगिया के साथ सीमा मालपानी एवं शारदा लड्ढा उपस्थित थीं। मौके पर अनिता साबू ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क शिक्षा देना सराहनीय कार्य है। इस दिशा में भारतीय सेना के सेवानिवृत्त कर्मी ललन कुमार मिश्र एवं नेहा मिश्र का योगदान रहा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने दी।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन सूरज संगम मंदिर को सजाया जाएगा

**रांची।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सूरज संगम मारवाड़ी टोला अपर बाजार में 22 जनवरी को भव्य सजावट किया जाएगा। संयोजक राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि अयोध्या की तरह श्री राममंदिर की झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इस दौरान महाभंडारा का कार्यक्रम भी होगा। अध्यक्ष संजय पोद्दार ने कहा कि इस दिन दीपावली की तरह मंदिर की सजावट की जाएगी। आसपास के क्षेत्रों में बजरंग बली के झंडे से श्रृंगार किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय गुप्ता, अजय पोद्दार, मिंटू कुमार, संजय चौरसिया, मोनू कुमार, पीयूष लाल और गेंदू साहू सहयोग कर रहे है।

### इक्फाई विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में प्रदान की गयी 196 डिग्रियां

# पैसा कमाने वाली संस्था न बनें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हर विवि का कर्तव्य : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने निजी विश्वविद्यालयों से कहा है कि वे पैसा कमाने वाली संस्था न बनें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हर शिक्षण संस्थान का कर्तव्य है। झारखंड जैसे राज्य में इसकी आवश्यकता है। राज्यपाल ने ये बातें आर्यभट्ट सभागार में इक्फाई (आईसीएफएआई) विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने ऊपर लगे निजी विश्वविद्यालयों के विरोधी होने के आरोपों को भी खारिज किया है। राज्यपाल ने उपस्थित छात्रों से कहा कि आपकी शिक्षा



8 छात्रों को मिला गोल्ड मेडल

इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के चौथे दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय ने 2023 में स्नातक करने वाले छात्रों को कुल 196 डिग्रियां प्रदान कीं। जिनमें 10 पीएचडी शामिल हैं। 8 स्वर्ण पदक और 8 छात्रों को रजत पदक दिया गया। उन्हें विभिन्न कार्यक्रमों के क्रमशः शीर्ष रैंकर्स और द्वितीय रैंकर्स को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रमन कुमार झा ने डिग्री पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

### छात्रों के सामने आएंगी कई चुनौतियां : चांसलर

छात्रों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. टीआरके राव ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के लिए नैतिकता के साथ व्यावसायिक ज्ञान विकसित करता है। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि उन्हें नवोन्मेषी होना चाहिए और दैनिक जीवन में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उनसे पार पाने के लिए कुछ अनूठे विचार खोजने का प्रयास करना चाहिए।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा : राममय हुई राजधानी

**गांव से लेकर शहर तक हो रही है विशेष तैयारी, होंगे कई कार्यक्रम**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी के बीच राजधानी रांची राममय हो गया है। शहर में हर ओर श्रीराम के स्वागत की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। गांव से लेकर शहर तक राम नाम की बयार बह रही है। 22 जनवरी तक यहां पर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं। इसको लेकर 13 जनवरी से ही कार्यक्रम शुरू हो गया है। सबसे पहले 13 से हरमू मैदान में रामकथा का आयोजन किया गया जो 21 जनवरी तक चलेगा। 21 जनवरी को इन्द्रपुरी मंदिर से पुष्पक विमान से पूरे श्रीराम परिवार के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंच कर विसर्जित होगी। इसके बाद तीन



बजे दिल्ली की टीम द्वारा श्रीराम आधारित नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी। 21 जनवरी को ही शाम छह बजे अल्बर्ट एक्का चौक पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वाती मिश्रा और अनुपमा यादव का भजन होगा। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अल्बर्ट एक्का चौक के समक्ष सुंदर कांड का पाठ होगा। वहीं संध्या में भव्य आरती और बिहार व लुधियाना से आये कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। 21 जनवरी को पुष्पक विमान से श्रीराम दरबार का नगर भ्रमण के साथ शोभा यात्रा निकाली जायेगी। आयोजक रमेश सिंह ने बताया कि पूरी राजधानी को राममय बनाने की तैयारी है। रांची के सांसद संजय सेठ ने एक हजार लोगों के बीच दिया बाती और राम ध्वज का वितरण किया। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को स्लम एरिया के लोग भी प्रभु राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने घरों में राम ध्वज और दीया जलाएं। इसी उद्देश्य के साथ दीया बाती और रामध्वज का वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा 22 जनवरी को सभी मंदिरों में दीपोत्सव और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना होगी।

## अवैध हथियार मामले में सात पर अभियोजन की दी स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से सुखदेवनगर थाना से संबंधित मामले में शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उपायुक्त ने सुखदेवनगर (पंडरा) थाना के कांड संख्या 426/23 में आर्म्स एक्ट के सात प्राथमिकी आरोपियों के खिलाफ संबंधित प्रतिवेदनों के अवलोकन के बाद शस्त्र अधिनियम की धारा के तहत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। इन आरोपियों में आकाश चौधरी उर्फ सोनू, कुमार अनुराग, बिपिन कुमार सिंह, वरूण देव, आशीष आनन्द, मनीष कुमार झा और बिट्टू पाण्डेय उर्फ सुजीत उपाध्याय शामिल है। इनके विरूद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-25 (1-बी)ए/26/35 के तहत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मध्यस्थता केंद्र से सुलझ गया 24 वर्ष पुराना भूमि विवाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भूमि विवाद को लेकर पिछले 24 वर्षो से चल रहे केस को मध्यस्थता केंद्र के प्रयास से सुलझा लिया गया। जिसके बाद दोनों पक्ष राजी खुशी अपने घर को लौटे। भूमि से संबंधित वाद संख्या टाईटल शूट 71/2001 वर्तमान में ओरिजिनल शूट 749/2023 को सब जज-15 राम कुमार लाल गुप्ता के न्यायालय से मध्यस्थता केंद्र में भेजा गया था। जहॉ दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कराने का निर्देश दिया गया था। जिसे अधिवक्ता मध्यस्थ ममता श्रीवास्तव एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ता उमेश्वर महतो और रजनीश कुमार के प्रयास से सुलझा लिया गया। उक्त वाद में वादी श्यामेश्वर दयाल सिंह जो पेशे से अधिवक्ता है। उन्होंने 7 सितंबर 1981 को 1.73 एकड़ जमीन निबंधित पटटा से प्रतिवादी जलेश्वर नायक एवं कलेश्वर नायक के पूर्वज जगमोहन घासी से टेंडर मौजा में जमीन खरीदा था। दोनों प्रतिवादी के वंशज भुखु घासी उर्फ भुखला घासी के द्वारा इस जमीन को लेकर विवाद हुआ। विवाद होने पर यह टाईटल शूट 71/2001 फाईल किया गया था।

## सिविल सेवा की तैयारी करने वाले छात्र सोशल मीडिया से रहें दूर : एके मिश्रा

**चाणक्य आइएएस एकेडमी की रांची शाखा ने मनायी 21 वीं वर्षगांठ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चाणक्य आइएएस एकेडमी की रांची शाखा ने बुधवार को अपना 21 वां वर्षगांठ मनाया। इस अवसर पर एकेडमी के संथापक ए के मिश्रा भी दिल्ली से रांची पहुंचे। उन्होंने बातचीत में कहा कि सिविल सर्विस के टॉप की सूची में आने के लिए किसी भी छात्र को कम से कम 2500 घंटे मन लगाकर गंभीरता से पढ़ाई करने होंगे। इसमे आधा समय छात्र को अपने घर में देना होगा और आधा समय कोचिंग में। ए के मिश्रा ने रांची शाखा के बारे में बताया कि यहॉ का 21 वर्षो का सफर काफी सफल रहा। मुझे खुशी है कि इस सेंटर से तैयारी किये हुए



कई छात्र सफल हुए और इसी राज्य में पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे रहे है। उन्होंने बताया कि बहुत खुशी की बात है कि यूपीएससी में सबसे अधिक बिहार और झारखंड के युवा होते है। उन्होंने आईएएस और अन्य सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे छात्रों से अपील किया कि अपनी तैयारी मन लगाकर करें, सोशल मीडिया से दूर रहे, अन्यथा मन में भटकाव आ जाने से सफलता पाने में परेशानी होगी। आज के समय में छात्र सोशल मीडिया से प्रभावित होते है और उसमें दिखाये जाने वाले टिप्स पर तैयारियों में लग जाते है। जिससे उनका भटकाव हो जाता है। छात्रों को इस स्थिति से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारी शाखा रांची के अलावा हजारीबाग और धनबाद में भी है, यहॉ सभी अच्छे अच्छे शिक्षक छात्रों को पढ़ाते है। इसलिए अब झारखंड के छात्रों को दिल्ली या राज्य से बाहर जाने की जरूरत नहीं, उन्हें अपने ही प्रदेश तैयारी के लिए अच्छी सुविधा मिल रही है।

### शिक्षकों, वैज्ञानिकों और कर्मियों की कमी सबसे बड़ी समस्या : डॉ दूबे

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के नए कुलपति डॉ सुनील चंद्र दूबे ने कहा कि यहॉ की सबसे बड़ी समस्या है शिक्षकों, वैज्ञानिकों और कर्मियों की कमी। इस कारण फंडिंग एजेंसियों से नई परियोजनाएं मिलने में भी कठिनाई है। कुलपति डॉ दूबे बुधवार को प्रेक्षागृह में अलग-अलग समूह में विश्वविद्यालय के शिक्षकों और



शिक्षकेतर कर्मियों को संबोधित किया। रांची के बाहर के कॉलेज और इकाइयों के कर्मी बैठक में ऑनलाइन जुड़े थे। उन्होंने कहा कि यदि जेपीएससी के माध्यम से नियुक्तियों में विलंब होता है, तो वह कृषि वैज्ञानिक भारती बोर्ड, नई दिल्ली के माध्यम से भी रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रयास करेंगे। इसके लिए केंद्रीय कृषि मंत्री और राज्य के कृषि सचिव से भी बात हुई है।

### कई जिलों के पशुपालकों को स्वरोजगार मैत्री का दिया गया प्रशिक्षण

रांची। भारत सरकार के राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत रांची पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में स्वरोजगार मैत्री प्रशिक्षण के 14 वें बैच का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम, गुमला, देवघर, सिमडेगा,



जामताड़ा, खूंटी, लातेहार, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू एवं रायकेला-खरसावां के कुल 22 लोगों ने एक महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा अबतक 520 युवक-युवतियों को मैत्री प्रशिक्षण दिया जा चुका है। समापन कार्यक्रम में जेएसआईए के मुख्य प्रशिक्षण पदाधिकारी डॉ केके तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से कई तरह के सवाल पूछे और काफी संतुष्ट दिखे।

### गुलाब प्रदर्शनी 19 व 20 जनवरी को मेकॉन कम्युनिटी हॉल में

**रांची।** द रोज सोसाइटी ऑफ रांची की ओर से 98वीं गुलाब प्रदर्शनी का आयोजन 19 व 20 जनवरी को मेकॉन कम्युनिटी हॉल में किया जाएगा। इस मनमोहक प्रदर्शनी में हजारों रंग-बिरंगे खूबसूरत गुलाब फूलों के साथ-साथ कलाकारों द्वारा सृजित सैकड़ों कलाकृतियॉ भी सम्मिलित होंगे। प्रतिभागियों को अपने गुलाब की किस्म का नाम लिखना अनिवार्य है। आम लोगों के अवलोकन के लिए प्रदर्शनी शनिवार 20 जनवरी को पूर्वाहन 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। दर्शकों के लिए प्रदर्शनी में प्रवेश निःशुल्क है। सोसाइटी के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने बताया कि प्रादर्श 19 जनवरी को पूर्वाहन 11 बजे से अपराहन 2 बजे तक लगाये जा सकते हैं। प्रविष्टियों की जजिंग उस दिन दोपहर 3 से 5 बजे तक की जाएगी। वैयक्तिक, संस्थागत एवं पार्क, भारतीय गुलाब, लघु उत्पादक, गुलाब सज्जा, गुलाब चित्रकारी, कशीदाकारी, गुलाब छायाचित्र एवं शिल्प, माला व पुष्प गुच्छ आदि विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत प्रादर्श स्वीकार किये जायेंगे।

### डीएवी कपिल देव में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



रांची। डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू में प्रदर्शनी लगायी गयी। जिसमें बच्चों ने विज्ञान, गणित, आर्ट्स एंड क्राफ्ट,अंग्रेजी, हिंदी संस्कृत, कॉमर्स, संगीत और सामाजिक विज्ञान विषयों में मॉडल प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों ने सामाजिक विज्ञान में 110, भौतिकी में 58, कॉमर्स में 21, कंप्यूटर में 16, अंग्रेजी में 27, जीव विज्ञान में 48, सामाजिक विज्ञान में 19, हिंदी में 42, भौतिकी में 58, रसायन शास्त्र में 28 और गणित में 115 प्रदर्शनी का दर्शाया गया।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा पर श्री श्याम मंदिर में होंगे कई कार्यक्रम

**रांची।** अयोध्या धाम में श्री राम जन्म भूमि में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा के



अवसर पर 22 जनवरी को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर को आकर्षक रूप में सजाया जाएगा। इस अवसर पर श्री श्याम मंडल की ओर से 22 जनवरी को कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगें। सुबह 10 बजे से एकल अभियान के श्री हरी सत्संग के वनवासी भाई बहन द्वारा सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जायेगा। 22 जनवरी को पूरे दिन मंदिर परिसर प्रसाद के रूप में शुद्ध घी के लड्डू का वितरण किया जाएगा। संध्या 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा भजनों का कार्यक्रम व दीपोत्सव किया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर में विराजमान रजत सिंहासन पर श्री श्याम प्रभु, वीर बजरंगबली, और शिव परिवार का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

### राम के प्रति अपनी भावना का स्कूल-कॉलेज के बच्चों ने किया प्रदर्शन

# रचनात्मक पेंटिंग से बच्चों ने कराया रामायण का दर्शन

**अमित कुमार। रांची**

राम मंदिर के निर्माण की खुशी से पूरा देश राममय हो गया है, तो वहीं कुछ बच्चे अपनी पेंटिंग से अपने को राम के करीब होने का एहसास करा रहे हैं पर राम तो सबके अंदर हैं। कुछ इसी अंदाज में स्कूल तथा कॉलेज के बच्चों द्वारा भगवान राम और माता सीता की जीवंत चित्रकारी कर लोगों को अचंभित कर डाला। अलबर्ट एक्का चौक के पास 30 के करीब चित्रकार बच्चे एवं बच्चियों ने राम और सीता के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चित्रकारी करते हुए रामायण काल का दर्शन कराया । आठ वर्ष से लेकर 25 वर्ष तक के बच्चों ने कैनवास पेपर पर पूरी रामायण की कथा को अपनी प्रतिभा से उकेरा।





**पीयूष रंजन**

यह तैयारी 22 जनवरी की है। मेरे द्वारा भगवान राम के जीवन में आई चुनौती के साथ वर्तमान में राम मंदिर निर्माण में जो चुनौतियां आई है उसे प्रदर्शित किया है।

**हर्षिता**



मन में शुरू से इच्छा थी कि इस तरह की चित्रकारी करें। आज राम मंदिर निर्माण पर यह मौका मिला है। मैंने राम को धनुधारी के रूप में प्रदर्शित किया है।

**सुमन कुमारी**



अयोध्या तो नहीं जा पाएंगे लेकिन पेंटिंग के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रकट कर रहे हैं। मैंने माता शबरी के जूठे बेर खाते हुए प्रभु राम की चित्रकारी की है।

**मयंक ठक्कर**



इस चित्रकारी से राम युग के उस पल को महसूस करने एक एहसास हुआ है जब यमुना किनारे सीता मां और भगवान श्री राम बैठे हुए हैं और केवट प्रभु श्री राम के पैर धो रहे हैं।

### मेधा डेयरी की दही खाओ-इनाम पाओ प्रतियोगिता 20 को

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड की प्रख्यात ब्रांड मेधा द्वारा मेधा दही खाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 20 जनवरी को मेधा डेयरी, होटवार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। रांची में प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को निर्धारित समय तीन मिनट के अंदर दही खाने का मौका दिया जाएगा। जो प्रतिभागी निर्धारित समय में सबसे अधिक दही खा सकेगा। उसे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीया पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह प्रतियोगिता रेजिस्टर्ड प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के दिन 20 जनवरी को सुबह 10 बजे मेधा डेयरी, होटवार में वैध फोटो प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

**आवश्यकता है**

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्पाही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग को हेमंत सरकार ने बना दिया लूट का चारागाह : रणधीर सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व कृषि मंत्री एवं भाजपा नेता रणधीर सिंह ने प्रदेश की हेमंत सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग को हेमंत सरकार ने लूट का चारागाह बनाकर रख दिया है। सरकार द्वारा चार साल की उपलब्धियों का झूठा बखान किया जा रहा है। सरकार पूरी तरह फेल है। किसान और जनविरोधी इस सरकार का जाना ही राज्यहित में है। भाजपा नेता रणधीर सिंह पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग के मामले में हेमंत सरकार के चार साल को देखा जाए तो पूर्व की रघुवर सरकार ने जो रोडमैप तैयार किया था इस सरकार ने कई योजनाओं को बंद कर दिया, तो कई का स्वरूप बदलने का काम किया गया। रघुवर दास की सरकार में चालू कृषि आशीर्वाद योजना के तहत 5000 से लेकर 25000 रुपये सीधे किसानों के खाते में पैसे जा रहे थे, हेमंत सरकार आई तो सबसे पहले बंद किया गया।

**हेमंत सरकार की नीति और नीयत कुछ भी स्पष्ट नहीं : अनंत ओझा**

मौके पर मुख्य सचेतक सह राजमहल के विधायक अनंत ओझा ने कहा कि सरकार कृषि के क्षेत्र में कुल बजट का मात्र 28 प्रतिशत ही खर्च कर पाई है। इस सरकार की नीति और नीयत कुछ भी स्पष्ट नहीं है। राज्य सरकार रोना रोती है कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य को राशि नहीं दी जाती है वहीं दूसरी ओर लिखित तौर पर स्वीकारती है कि वह केन्द्र सरकार द्वारा मिली हुई राशि को खर्च नहीं कर पाती है।

# धमकी से कोई डरने वाला नहीं, भ्रष्ट लोगों की जगह जेल में : बाबूलाल

## प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से भागे-भागे फिर रहे हैं मुख्यमंत्री

**सीएम राज्य कैबिनेट से ऐसे फैसले ले रहे जैसे झारखंड को कोई अलग देश है**

**कैबिनेट के लिए संविधान विरोधी प्रस्ताव तैयार करने वाले अधिकारी अपने दायित्वों को समझें**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को रांची में एक कार्यक्रम में कहा कि इंडी एलायंस को जनता नकार चुकी है। कहा हेमंत सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। चारों तरफ लूट मची है। खान, खनिज, बालू-पत्थर, कोयला, जमीन की लूट हो रही। बिचौलिए दलाल सत्ता के संरक्षण में फल-फूल रहे हैं। कहा कि ईडी की कारवाई से मुख्यमंत्री भागे फिर रहे हैं। अब तो वे कैबिनेट से ऐसे फैसले ले रहे जैसे झारखंड को कोई अलग देश हो जहां भारत की संसद से पारित कानून लागू नहीं। उन्होंने वैसे पदाधिकारियों पर भी निशाना साधा जो कैबिनेट के लिए ऐसे प्रस्ताव तैयार करते हैं जो संविधान का विरोधी हो। उन्होंने कहा कि भागने, डराने से कानून नहीं डरता है। भ्रष्ट लोगों

**झामुमो एक बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा, झारखंड वाजपेयी की देन**



को कानून के हाथों आना ही पड़ेगा। मरांडी ने कहा कि राज्य के भ्रष्ट मुख्यमंत्री की जगह अब होटवार जेल में ही है। वहीं वह पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो बिकाऊ पार्टी है जिसने राज्य के आंदोलन को बेचा। इसे राज्य की जनता से कुछ भी लेना देना नहीं। झामुमो, कांग्रेस, राजद को केवल परिवार और पैसे की चिंता रहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य भाजपा की देन है और जो विकास दिखता है वह भाजपा सरकारों ने किया है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग राज्य का सपना साकार हुआ। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, से गांव को शहर से जोड़ा गया। पुल पुलिया बनाकर आवागमन को सुलभ किया।

आज मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी दलित पिछड़े महिला युवा सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही। पीएम आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, उजाला योजना, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, पीएम विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि जैसे अनेक कल्याणकारी योजनाओं ने गांव गरीब का जीवन खुशहाल किया है। 80 करोड़ लोगो तक मुफ्त 5 किलो ग्राम राशन प्रति माह पहुंचाया जा रहा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि परिवारवादी पार्टियां देश और राज्य का भला नहीं कर सकती। ये भ्रष्टाचार के लिए सत्ता चाहती हैं, विकास के लिए नहीं।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है। जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। नंबर है 82925 53444। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई होगी। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो संपर्क करें 8292373444 पर।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मिले विधानसभा अध्यक्ष



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट की। दोनों ने एक-दूसरे को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय को विधानसभा अध्यक्ष ने झारखंड विधानसभा की ओर से प्रकाशित डायरी व वार्षिक कैलेंडर भेंट की।

### बाबूलाल मरांडी ने की अपनी टीम की घोषणा, 44 पदाधिकारियों के नाम घोषित

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के करीब साढ़े 6 महीने बाद बाबूलाल मरांडी ने अपनी कार्यसमिति की घोषणा की है। बाबूलाल की नई टीम में 44 पदाधिकारियों को शामिल किया गया है। इनमें 12 प्रदेश उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री, 10 मंत्री, दो कोषाध्यक्ष, एक मीडिया प्रभारी, 2 सह मीडिया प्रभारी, 2 आईटी संयोजक, एक सोशल मीडिया प्रभारी और 9 प्रदेश प्रवक्ता रखे गये हैं। बाबूलाल की नई कार्यसमिति में अधिकांश पुराने चेहरे हैं, लेकिन कुछ नए नेताओं को भी जगह दी गई है। **प्रदेश उपाध्यक्ष** नीलकंठ सिंह मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुईस मरांडी, बडकुंवर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह और आरती कुजूर। **प्रदेश महामंत्री** आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह एवं कर्मवीर सिंह (संगठन)। **प्रदेश मंत्री** गणेश मिश्रा, मुनेश्वर साहू, सरोज सिंह, नंदजी प्रसाद, दुर्गा मरांडी, सुनीता सिंह, मुन्ना मिश्रा, दिलीप वर्मा, मनोज वाजपेयी एवं सीमा पासवान। **प्रदेश प्रवक्ता** प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षाडंगी, रमाकांत महतो, अरूण उरांव, जेबी तुबिद, अमित मंडल, विनय सिंह और अविनेश कुमार। **प्रदेश कोषाध्यक्ष** दीपक बंका एवं मनीष जायसवाल। **प्रदेश कार्यालय मंत्री** हेमंत दास। **प्रदेश मीडिया प्रभारी** शिवपूजन पाठक। **प्रदेश सह मीडिया प्रभारी** योगेंद्र प्रताप सिंह एवं अशोक बड़ाईक। **प्रदेश आईटी संयोजक** विवेक विकास व अमर **प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी** राहुल अवस्थी को बनाया गया है।

### सैकड़ों ने ली भाजपा की सदस्यता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष बुधवार को सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस, झामुमो, राजद छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का पटका पहनाकर सभी का स्वागत एवम अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह भी उपस्थित रहे। सरोज सिंह ने ऑनलाइन सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण राम ने किया। इस अवसर पर लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष एवम पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह,भगत दयानंद यादव,ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व विधायक हीरा राम तूफानी भी उपस्थित थे। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह,गारू प्रखंड की पूर्व जिला परिषद सदस्य शिल्पा कुमारी,मनिका की पूर्व प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी एवम गढ़वा जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार तूफानी के नेतृत्व में सैकड़ों शामिल हैं। बाबूलाल मरांडी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने खुद बहाल कर दिया अपने विभाग का सचिव, लेटर पैड वायरल

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का एक लेटर पैड सोशल मीडिया पर वायरल है। इस लेटर पैड पर लिखा है कि आईएएस आलोक त्रिवेदी जो फिलहाल अभियान निदेशक के पद पर कार्यरत हैं, उन्हें अगले आदेश तक स्वास्थ्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है। इससे पहले स्वास्थ्य विभाग के सचिव अरुण कुमार थे, जो 31 दिसंबर को सेवानिवृत हुए हैं। इसके बाद से ही यह पद खाली था। लेकिन मंत्री बन्ना गुप्ता ने खुद ही आलोक त्रिवेदी को उस पद का प्रभार दे दिया है। बताया जाता है कि मंत्री बन्ना गुप्ता या कोई भी मंत्री किसी भी आईएएस अधिकारी का तबादला नहीं कर सकते हैं। मुख्य सचिव अगर चाहे तो 30 दिनों के लिए किसी भी आईएएस को किसी दूसरे विभाग का या पद का प्रभार दे सकते हैं। बाकी आईएएस अधिकारियों के तबादले से जुड़ा कोई भी आदेश मुख्यमंत्री ही दे सकते हैं। लेकिन बन्ना गुप्ता ने अपने लेटर पैड पर आदेश जारी करते हुए आलोक त्रिवेदी को अगले आदेश तक स्वास्थ्य सचिव का प्रभार सौंप दिया है। इस मामले को लेकर पूर्व मंत्री सरयू राय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया है।

### रिम्स में तीन किलो के ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

**रांची।** रिम्स के न्यूरोसर्जरी और प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने 17 वर्षीय बच्ची के सिर से करीब तीन किलो का ट्यूमर का सफल ऑपरेशन किया है। जानकारी के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) निवासी इस बच्ची को जन्म से सिर और गर्दन के पीछे के एक ट्यूमर की वजह से चलने, सिर तथा गर्दन हिलाने में काफी परेशानी होती थी। इसे मेडिकल की भाषा में प्लेक्सीफॉर्म फॉर्म न्यूरोफाइब्रोमैटोसिस कहते हैं। परिजनों ने कई अस्पतालों में इलाज के लिए भाग दौड़ की लेकिन ऑपरेशन की जटिलता को देखते हुए सभी ने इलाज करने से इनकार कर दिया। अंततः यह बच्ची रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग में प्रो (डॉ) सीबी सहाय की यूनिट में भर्ती हुई। यह ट्यूमर काफी बड़ा था और रक्तस्राव वाला ट्यूमर होने की वजह से टीम को ऑपरेशन करने में काफी जटिलता का सामना करना पड़ा। मरीज की स्थिति अभी बेहतर है और स्वस्थ्य होने पर जल्द छुट्टी दे दी जाएगी। इस ऑपरेशन में न्यूरोसर्जरी विभाग से डॉ सीबी सहाय, प्लास्टिक सर्जरी डिपार्टमेंट से डॉ विक्रांत, डॉ सौरभ के अलावा डॉ राजीव, डॉ दीपक, डॉ विकास, डॉ रवि, डॉ संजीव, डॉ प्रतिभा, डॉ मोनिका, डॉ अमृता, डॉ सचिन, डॉ सुरभि, डॉ नरेश सहित अन्य शामिल थे।

### सीएस अधिकारियों के साथ 18 को करेंगे बैठक

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और ईडी की मुख्यमंत्री से पूछताछ से पहले 18 जनवरी को लॉ एंड ऑर्डर को लेकर जिलेभर के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में आयुक्त, आईजी, डीआईजी, डीसी, एसएसपी ओर एसपी शामिल रहेंगे। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली इस बैठक में राज्य के लॉ एंड आर्डर की समीक्षा की जायेगी। ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर अपना बयान दर्ज कराने के लिए पांच दिनों (16-20 जनवरी) का समय दिया है। 20 जनवरी को पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री ने समय दिया है। ईडी ने पत्र में लिखा है कि इससे पहले आपको पत्र समन का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में निदेशालय इसका अनुपालन कराने के लिए बाध्य होगा और आपका बयान दर्ज करने के लिए खुद ही आपके पास पहुंचेगा। ऐसी स्थिति में विधि व्यवस्था बनाए रखना आपकी जिम्मेदारी है।

**झारखंड हाई कोर्ट में डीजीपी-सीएस ने कहा**

# धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में जुटेंगे दो लाख लोग, सुरक्षा बड़ी चुनौती




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। इस सुनवाई में झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी वर्चुअल मोड में हाजिर हुए। सुनवाई के दौरान पूरे मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति को दोबारा याचिका दायर करने को कहा। साथ ही दोनों अधिकारियों से हाई कोर्ट ने रिपोर्ट मांगी है। हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सुनवाई हुई। धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी के बीच पलामू में तय था। बुधवार को हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद यह कार्यक्रम लगभग रद्द माना जा रहा है। जिला प्रशासन ने पहले बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम रद्द कर दिया था, जिसके बाद प्रशासन के फैसले को चुनौती दी गई है। प्रशासन की ओर से हाई कोर्ट में बताया गया कि कार्यक्रम में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने की बात कही जा रही है। इतनी बड़ी भीड़ के लिए सीसीटीवी, पार्किंग, शौचालय उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती होगी। प्रशासन का पक्ष सुनने के बाद हाई कोर्ट ने आयोजन समिति से कहा कि यदि आप कार्यक्रम की अनुमति के साथ श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं की मांग कर रहे हैं तो पूरी सूची के साथ नई याचिका दाखिल करें। हाई कोर्ट ने गुरुवार दोपहर 12 बजे तक याचिका दाखिल करने का समय दिया है। पलामू में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर श्री हनुमंत कथा आयोजन समिति हाई कोर्ट गयी है। आयोजन को लेकर पिछले कई दिनों से हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। दिसंबर के पहले सप्ताह में बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम पलामू के खनवा में आयोजित होना था। शुरूआत में जिला प्रशासन ने अनुमति दे दी थी। बाद में पर्यावरण को नुकसान का हवाला देते हुए अनुमति रद्द कर दी गई। बाद में आयोजन समिति ने कार्यक्रम स्थल बदलकर चैनपुर के ओडनार कर दिया, जहां बाबा बागेश्वर का कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी तक निर्धारित किया गया।

# सुखाड़ राहत के लिए मिले 45 लाख आवेदन

**सीएम पशुधन योजना में अब तक 10 लाख से ज्यादा लाभुकों को अनुदान की राशि दी गई**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में अब तक कुल 45 लाख 45 हजार से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसमें अब तक 13 लाख 94 हजार से ज्यादा सत्यापित लाभुकों को 478 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। राज्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 438 नोडल लैंप्स-पैक्स को 8.8 लाख रुपये की कार्यशील पूंजी प्रदान की गई है।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले 438 नोडल लैंप्स-पैक्स को 8.8 लाख की कार्यशील पूंजी दी गई**

मुख्यमंत्री पशुधन योजना में अब तक 10 लाख से ज्यादा लाभुकों को अनुदान की राशि दी गई है। राज्य में 5454 तालाब का जीर्णोद्धार और 8081 परकोलेशन टैंक के साथ 3513 डीप बोरिंग की गई हैं जबकि 17320 पंपसेट का वितरण किया गया है। साथ ही 1784 किसानों और स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर और पावर ट्रेलर वितरित किए गए हैं। किसानों के सहयोग के लिए 24 घंटे कॉल सेंटर के साथ किसान हेल्पलाइन की शुरूआत की गई है। राज्य में 25 कोल्ड स्टोरेज का निर्माण पूरा करने की पहल की जा रही है। मछली उत्पादन में 3.30 लाख टन के लक्ष्य के विरुद्ध 2.95 लाख टन उत्पादन हुआ है जबकि 2018-19 में यह उत्पादन 2 लाख टन से कम था। बंद पड़े कोयला खदानों में केज कल्चर की शुरूआत की गई है।

# 25 बीडीओ का तबादला, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य के 25 प्रखंड विकास पदाधिकारी का तबादला किया गया है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग ने ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत आने वाले 25 बीडीओ का तबादला किया है।

**तबादले की सूची इस प्रकार है**

**अदिति गुप्ता** को प्रखंड विकास पदाधिकार, नगर उंटारी, गढ़वा।
**सुमित कु मिश्रा,** बीडीओ, खूंटपानी, प सिंहभूम
**सावित्री कुमारी,** बीडीओ केतार, गढ़वा
**अभिनव कुमार,** बीडीओ, डंडा, गढ़वा
**आशीष कुमार साहू,** बीडीओ, छतरपुर, पलामू
**भोला पांडेय,** बीडीओ, डोमचांच, कोडरमा
**आशा साहू,** बीडीओ, उंटारी रोड़, पलामू
**विवेक कुमार,** बीडीओ, कुन्दा, चतरा
**अमृता सिंह,** बीडीओ पूर्वी टुंडी, धनबाद
**विजय कु मंडल,** बीडीओ, ठाकुरगंगटी, गोड्डा
**सौरभ कुमार,** बीडीओ, सतगांव, कोडरमा
**रितीक कुमार,** बीडीओ, गुदड़ी, पश्चिमी सिंहभूम
**सौरभ कुमार,** बीडीओ, रामगढ़, पलामू
**गौरव कुमार राय,** बीडीओ, काठीकुंड, दुमका
**विश्व प्रताप मालवा,** बीडीओ, हैदरनगर, पलामू
**अमित कु पासवान,** बीडीओ, बड़गड़, गढ़वा
**शशि संदीप सोरेन,** बीडीओ, परमवीर अलबर्ट एक्का, गुमला
**बरूण कुमार,** बीडीओ, तरहसी, पलामू
**सोनाराम हांसदा,** बीडीओ, बांसजोर, सिमडेगा
**गौतम कुमार मोदी,** बीडीओ,नौडीहा बाजार, पलामू
**अरूण कुमार मुंडा,** बीडीओ,पांकी, पलामू
**नूतन मिंज,** बीडीओ, पाकड़टाड़, सिमडेगा
**आरती मुंडा,** बीडीओ, चाकुलिया, पूर्वी सिंहभूम
**संदीप कुमार,** बीडीओ, विश्रामपुर, पलामू
**विजय कुमार,** बीडीओ, कांके, रांची

# राज्य के सभी मंदिरों में हो धार्मिक आयोजन : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीरामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर झारखंड प्रांत के प्रत्येक गांव में उल्लास का वातावरण बना हुआ है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने बुधवार को बताया कि विश्व हिंदू परिषद के सभी कार्यकर्ता 17 जनवरी से 20 जनवरी के बीच प्रखंड बैठक कर राज्य के सभी गांव के प्रत्येक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आरती, महाप्रसाद, मंदिर सहित घर-घर में दीपोत्सव कार्यक्रम करने के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ कार्यक्रम की भव्यता के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग करेंगे। डॉ साहू ने कहा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने निकटतम क्षेत्र के एक मंदिर की व्यवस्था में सहयोग करेंगे।

उन्होंने कहा विश्व हिंदू परिषद सहित संघ के सभी अनुषांगिक संगठनों के सहयोग से 22 जनवरी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

# 'कुपोषित बच्चों की पहचान व उपचार में तेजी लाएं'


**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महिला बाल विकास समाज कल्याण विभाग की दो दिवसीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यशाला में राज्य के 12 जिलों में समर अभियान कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की गयी। विभाग की महानिदेशक राजेश्वरी बी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं मेडिकल पदाधिारियों को कुपोषित बच्चों की पहचान और उपचार कार्य में



तेजी लाने निर्देश दिया। समाज कल्याण निदेशक शशि प्रकाश झा ने समय पर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार पर जोर देने की बात कही। उन्होंने टीएचआर वितरण, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता तथा अति गंभीर कुपोषित बच्चों को समर कार्यक्रम के तहत ससमय डिजिटल प्लेटफार्म पर तय मानक पर उपचार एवं परामर्श-सुविधा पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर कार्यक्रम के तहत अबतक 25 हजार से अधिक चिन्हित अति गंभीर कुपोषित बच्चों को आंगनबाड़ी स्तर पर एसटीएस से सफल प्रबंधन कर उपचार किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि समर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान छह माह से छोटे शिशुओं का प्रबंधन सहित समर अभियान के विभिन्न अवयवों पर यूनिसेफ, एससीओई, रिम्स द्वारा तकनीकि प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### राज्यपाल ने वीर पांडेय गणपत राय को जयंती पर किया नमन



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सिपाही विद्रोह के नायक झारखंड के वीर सपूत पांडेय गणपत राय की जयंती पर कोटि-कोटि नमन किया है। राज्यपाल ने बुधवार को एक्स पर कहा कि राष्ट्रभक्ति, धर्मनिष्ठा और वीरता के प्रतीक, सिख धर्म के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर शत-शत नमन किया है।

### प्रदेश कांग्रेस ने मनायी अमर शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में अमर शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती रांची कांग्रेस भवन में बुधवार को मनाई गयी। मौके पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने देश को आजाद कराने में अमर शहीद पांडेय गणपत राय की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि इनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के थे तथा देश के प्रति उनके अंदर भक्ति का अंकुर बाल्यावस्था में ही फूट चुका था। वक्ताओं ने कहा कि अमर शहीद पांडेय गणपत राय कुशल रणनीतिकार थे। उनकी कुशाग्र बुद्धि ने 1857 की राज्य क्रांति को छोटा नागपुर पठार में एक ऊंचाई प्रदान की।

**शहीद पांडेय गणपत राय की भौरो गांव में मनायी गयी 215वीं जयंती**

# लोहरदगा स्टेशन का नामकरण पांडेय गणपत राय किया जाये : समीर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहीद पांडेय गणपत राय स्मारक समिति ने भौरो गांव में शहीद पांडेय गणपत राय की 215 वी जयंती मनायी। इस अवसर समारोह स्थल पर जिला प्रशासन कि ओर से भव्य विकास व स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने शहीद पांडेय गणपत राय की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर ग्रामीण स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। लोहरदगा के लोक कलाकारों के द्वारा शहीद पांडेय गणपत राय के जयंती पर कई गीत पेश किए गए। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद दीपक




प्रकाश, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा और गांव की मुखिया सुमंती देवी शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहरदगा डी सी बाघमारे प्रसाद कृष्ण, एस पी हरीश बिन जमा, डीडीसी दिलीप प्रसाद सिंह, बीडीओ रंजित सिन्हा, हिंडालको के जीएम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। शहीद पाण्डेय गणपत राय स्मारक समिति भौरो लोहरदगा की अध्यक्ष डॉ वंदना राय और डॉ राजेश लाल ने सभी अतिथियों को स्वागत एवं अभिनंदन किया। मौके पर सांसद समीर उरांव ने कहा कि शहीद पांडेय गणपत राय ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने मांग किया कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन का नामकरण शहीद पांडेय गणपत राय स्टेशन किया जाय। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहीद गणपत राय स्मारक समिति के

### पूर्व विधायक संजीव सिंह के एम्स में इलाज पर मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के मामले में झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह की जमानत याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने राज्य सरकार को यह बताने को कहा है कि एम्स में संजीव सिंह का इलाज शुरू हुआ है या नहीं। यदि इसका जवाब नहीं आया तो आईजी जेल को कोर्ट में हाजिर होना होगा। कोर्ट ने मामले की सुनवाई गुरुवार को निर्धारित की है। याचिकाकर्ता संजीव सिंह ने बीमारी का हवाला देते हुए 30 दिन के प्रोविजनल बेल का आग्रह कोर्ट से किया है। कोर्ट को बताया गया था कि संजीव सिंह गंभीर रूप से बीमार हैं। नीरज सिंह की हत्या के मामले में पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल, 2017 से जेल में बंद हैं। इससे पूर्व भी हाई कोर्ट से संजीव सिंह की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है।

## एक नजर

### सड़क निर्माण में लापरवाही कांग्रेस का एक दिवसीय धरना



**बरही ।** बीते 6 वर्षो से पांडेयबारा स्थित राज केसरी कंस्ट्रक्शन एनएच-2 (जीटी रोड) सिक्स लेन चौड़ीकरण का कार्य कर रहा है. जिसके निर्माण कार्य में घोर अनियमितता देखने को मिल रही है. कार्य की शिथिलता और अनियमितता से स्थानीय परेशान है. जहां तहां सड़कों पर गड्ढे बनाकर छोड़ दिए गए है. जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है. जिसमे अब तक सैकड़ो जाने जा चुकी है. इन्हीं सब मामलों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को कंपनी पेरिस में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया है. धरना कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह झाविस के निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे.

### ट्रेलर की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**बरही ।** ट्रेलर की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. बच्ची की पहचान पद्मा निवासी उदय भुईयां की पुत्री अंजली कुमारी के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार बच्ची अपने पिता और भाई के साथ स्कूटी से अपने घर जा रही थी. इसी क्रम में ट्रेलर संख्या एनएल 01 एबी 7266 से टक्कर होने से बच्ची की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वही पिता और भाई को हल्की चोट लगी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया. वही ट्रेलर को जब्त कर थाना लाया गया.

### 11 करोड़ की सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास

**बरही ।** स्थानीय विधायक सह झाविस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने प्रखंड के तीन विभिन्न क्षेत्रों में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया. जिसके अंतर्गत बैरिसाल से गरजामो तक 1.9 किमी, जीटी रोड गुंजरा मोड़ से मलकोको तक तथा बधियाज्वार के चितरामो पहाड़ से कोल्हुआकला तक के तीन सड़क शामिल है. तीनो पथ ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यमंत्री सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत निर्माण किया जाना है. जिसके कुल प्रक्कलित राशि 11 करोड़ रुपए बताए गए है. निर्माण कार्य एमएस ज्योति इंटरप्राइजेज के द्वारा किया जाना है. शिलान्यास के पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का गाजे बाजे और फूल माला का साथ जोरदार स्वागत किया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल-पुलिया, नाली इत्यादि का जाल बिछाया जा रहा है.

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर अंचल अन्तर्गत मौजा-नवडीहा, थाना संख्या-162, खाता संख्या-47, प्लॉट संख्या-970, रकवा-14.18 एकड़ तथा प्लॉट संख्या-1092, रकवा-6.90 एकड़ गैरमजरूआ खास एवं प्रतिबंधित सूची के अन्तर्गत सरकारी भूमि पर 20-25 व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किए जाने की सूचना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने संज्ञान लेते हुए सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण एवं उसे अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए तीन दण्डाधिकारीयों जिसमें सीओ सदर शशि भूषण सिंह, सीओ इचाक मनोज कुमार महथा एवं सीओ कटकमसांडी अनिल कुमार सहित 100 की संख्या में जिसमें 60 पुरुष एवं 40 महिला सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर कारवाई को अंजाम देने का निर्देश दिया था। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों ने पूरे दल बल के साथ यह कारवाई सुबह 9 बजे से प्रारंभ की जिसे शाम 2 बजे तक अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी भी इस अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में शामिल थे। उपायुक्त ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण करने वालों पर जिला प्रशासन सख्ती से कारवाई करेगी।

### बांडीह खंभवा में जय श्रीराम के जयकारों से गूंजता रहा क्षेत्र

# रामभक्तों ने किया अयोध्या आमंत्रण के लिए अक्षत वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया**
अयोध्या जाने का क्षेत्रों में न्योता बांटने के उद्देश्य से खंभवा और बांडीह के रामभक्त बुधवार को शोभा यात्रा निकाले। शोभा यात्रा खंभवा देवी मंदिर से पूजा - अर्चना, आरती करने के बाद निकाली गई। सैकड़ों की संख्या में महिला -पुरुष और बच्चे जय श्रीराम,जय हनुमान के जयकारे के साथ यात्रा में चल रहे थे। देवी मंदिर से खंभवा शिवमंदिर होते हुए बांडीह होते हुए खंभवा सूर्यमंदिर तक जाने के बाद वहां भी प्रसाद वितरण के बाद यात्रा समाप्त की गई। इस क्रम में रामभक्त गांव की गलियों से गुजरते हुए मेरे झोपड़ी में राम आयेंगे के गीतों पर झूमते चल रहे थे। सभी के हाथों में भगवा झंडा,माथे पर पट्टी बांधे चल रहे थे। सूर्य मंदिर परिसर में ही सबों को अयोध्या पूजित अक्षत हाथ में दिया गया। यात्रा में मिथिलेश कुमार पाठक, कैलाशपति सिंह, ब्रजनंदन पाठक, इंद्रदेव यादव, प्रकाश प्रजापति, अंजेश यादव, प्रदीप सिंह, अरुण सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, गणेश गोप, दिना गोप, ब्रजकिशोर सिंह, रवि सिंह, अनिल मंडल, त्रिभुवन महतो, जीतन महतो,हरी प्रजापति, प्रमोद यादव, नागेश्वर यादव, साईनाथ साव, प्रिंस सिंह, बलदेव महतो, दिगंबर कुशवाहा, अनिता देवी परवीन बॉबी, उर्मिला देवी, सुमिता, कौशल्या, सरिता, पार्वती देवी समेत सैकड़ों भक्त शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### इरगा में किया गया अयोध्या के पूजित अक्षत का वितरण



**हजारीबाग।** प्रखंड दारु में श्रीराम भक्तों के द्वारा अयोध्या धाम से पूजित अक्षत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में दारू प्रखंड के इरगा के राम भक्तों के द्वारा काफी हर्षोउल्लास के साथ पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्रक बांटे गए। राम भक्तों ने सभी घरों में पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्रक सौंपते हुए प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को उत्सव के रूप में मनाने और उसके पश्चात श्री अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन के लिए जाने को कहा गया। आगामी 22 जनवरी को राम उत्सव के रूप में मनाने के साथ ही सभी को अपने घरों में दीपावली की तरह दिए जलाने की अपील की गई। इस पुनीत कार्य में इरगा की कई महिला व पुरुष भक्ति गीत में झूमते हुए व श्रीराम का जयकारा लगाते हुए सभी घरों में अक्षत का वितरण किया।

### जरूरतमंद व असहायों के बीच किया गया खिचड़ी वितरण



**हजारीबाग।** त्रिवेणी कांत ठाकुर मेमोरियल ट्रस्ट हजारीबाग के द्वारा सदर अस्पताल परिसर में जरूरतमंद एवं असहाय के बीच सभी को खिचड़ी खिलाया गया। यह संस्था समाज सेवा में अग्रणी हमेशा आगे रहती है, साहित्य पुरस्कार एवं साहित्य सम्मान के साथ-साथ यह सामाजिक सेवा भी इसकी एक कड़ी है। कभी कंबल वितरण कभी फल वितरण विभिन्न जगहों असहायों के बीच हर समय यह संस्था खड़ी रही है। इस वितरण कार्य में ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष सीता देवी ट्रस्ट के सदस्य चंद्र मोहन पटेल, कविता कुमारी, पूजा कुमारी, आकाश कुमार के साथ रोटी बैंक के मोहम्मद खालिद ने भी सहयोग किया।

### रामभय हुआ हजारीबाग, 22 जनवरी का है इंतेजार : मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम गदोखर के प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में पहुंचकर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया। खुद विधायक मनीष जायसवाल ने अपने हाथों में झाडू लेकर यहां झाडू लगाया और मंदिर में लगे झोल को साफ किया। तत्पश्चात अयोध्या ने राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर 22 जनवरी को हजारीबाग में भी ऐतिहासिक रूप से इसे रामोत्सव के रूप में मनाने का अपील ग्रामीणों से किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हजारीबाग में विशेष उत्साह लोगों में देखा जा रहा है। पूरा क्षेत्र राममय हो चुका है। सभी लोग 22 जनवरी की तैयारी में जुटे हुए हैं और हजारीबाग में इस ऐतिहासिक दिन को स्मरणीय बनाने का प्रयास जारी है। मौके पर विशेष रूप से कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, स्थानीय भाजपा मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, गदोखर मुखिया नारायण साव, बीरेंद्र कुमार बीरू, सोमर साहू, लखन साव, लक्ष्मण कुमार, जितेंद्र साव, लीला साव, दीपक कुमार, राजेन्द्र साव, किशोरी पासवान, रंजित दास, मुकेश साव, कारू भुइयां, छोटेलाल साव, बाबू पासवान, रामाशीष पासवान, सुरेंद्र पासवान, राजु ठाकुर, प्रकाश यादव, डब्लू साव, प्रकाश पासवान, प्रकाश कुमार, सुरेश साव, गुमानी साव, राम साव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### हरली पंचायत भवन में डाक जागरूकता शिविर का आयोजन



**हजारीबाग।** दारू प्रखंड के हरली पंचायत भवन में डाक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान, शिकायत निरीक्षक विकास रंजन, मुखिया सजना खातून, पंचायत समिति सदस्य छोटन प्रसाद उपस्थित थे। शिविर में बताया गया कि भारतीय डाक आज सेवाओं के कारण अपनी पहुंच घर घर तक बना चुका है। आर्टिकल की बुकिंग व वितरण में देश में अग्रणी है। सुकन्या समृद्धि खाता, बचत खाता, रेकिंग डिपॉजिट खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, महिला सम्मान बचत पत्र आदि के द्वारा लोगों को लघु बचत की सुविधा व अधिकतम ब्याज दे रहा है। डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के माध्यम से लोगों को बीमा सुविधा न्यूनतम प्रीमियम पर अधिकतम बोनस के साथ प्रदान कर रहा है। सरकार द्वारा स्कॉलरशिप, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, पीएम किसान, गैस सब्सिडी आदि का भुगतान डाकघर के खाता पर उपलब्ध है। सभी ग्रामीण डाकघर में भी आधार मोबाइल अपडेशन एवं 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का मुफ्त में आधार एनरोलमेंट की सुविधा उपलब्ध है। मौके दारू डाकघर के उप डाकपाल रामाश्रय प्रसाद, सेंट्रल सबडिवीजन के डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, डाक कर्मचारी छोटेलाल मेहता, अभिमन्यु गुप्ता, रामेश्वर प्रसाद, सुषमा कुमारी, आभा कुजूर, अमन कुमार, प्रदीप कुमार, बजरंगी गोस्वामी, अनिल मुर्मू, चांदनी, अनु कुमारी, अंकित, आदर्श, राजेंद्र यादव सहित काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

### इंस्पेक्टर की तत्परता से बहाल हुई ट्रैफिक व्यवस्था

**बरही ।** बुधवार को कोनरा बाईपास रोड पर कुछ ट्रक वाले सड़को पर गाड़ी खड़े करके सड़क जाम कर दिए थे. जिससे सड़क पर लंबी कतार लग गई थी. छोटे वाहन वाले सहित कई ट्रक वाले भी परेशान थे. कई चालको को जाम के कारणों का पता तक नहीं था. वही कुछ चालको ने बताया कि यह जाम केंद्र सरकार द्वारा ट्रक चालकों के खिलाफ लाए गए कानून के विरोध में किया गया है. इसकी सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी दल बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे. त्वरित कारवाई करते हुए जाम खुलवाया और यातायात व्यवस्था बहाल किया. देखते उन्होंने बताया कि ट्रकों के हड़ताल या किसी भी सड़क जाम संबंधित उन्हे कोई भी सूचना नही है. कोई भी व्यक्ति एनएच बाधित नहीं कर सकता है. एनएच बाधित करना कानून अपराध है. ऐसा करने वालो के खिलाफ सख्त करवाई की जायेगी. उन्होंने स्थानीय दुकानदारों को भी चेतावनी दिया कि सड़क किनारे अवैध मजमा लगाने वाले या भीड़ लगवाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त करवाई की जायेगी. जाम हटवाने में इंस्पेक्टर के साथ सब इंस्पेक्टर महेंद्र बैठा और बरही थाना के सशस्त्र बल ने सहयोग किया.

### समाज कल्याण विभाग ने डायन प्रथा जागरूकता रथ किया रवाना

# सभ्य समाज में डायन प्रथा एक कलंक की तरह है : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सामाजिक कुरीति को दूर करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग के द्वारा चार जन जागरूकता रथ को रवाना किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने उपायुक्त आवासीय कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा सभ्य समाज में डायन प्रथा एक कलंक की तरह है। यदा कदा इस तरह की बातें/ खबरें राज्य एवं ज़िले में आती है। इसी को ध्यान में रखते हुए आमलोगों को जागरूक करने एवं कानूनी प्रावधानों पर जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया है, ताकि समाज में इस तरह बुराई को खत्म किया जा सके। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी भूमिका निभाएं, समाज को जागरूक करें। और खासकर इन मामलों के पीड़ित/ प्रभावित महिलाओं को समाज में उनका हक दिलाने में मदद करें और इनकी आवाज को बुलंद करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दुप्रभा खलखो ने बताया कि समाज कल्याण विभाग आगामी 15 दिनों तक सघन जागरूकता अभियान चलाएगी। इस दौरान विभाग द्वारा लोगों को जागरूकता रथ, पोस्टर पंपलेट, नुक्कड़ नाटक आदि विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने का प्रयास करेगी। वैसे समाज कल्याण विभाग से सालभर महिलाओं, बच्चों आदि के हक, अधिकार एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जानकारी देने के लिए जन जागरूकता का कार्यक्रम संचालित किया जाता है। विभागीय गतिविधियों के अलावा कई गैर सरकारी संगठन इस कार्य में लगे हुए हैं। उन्होंने भी समाज के प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, आम लोगों को महिलाओं एवं बच्चियों को समाज में उनका सामाजिक एवं वैधानिक हक दिलाने में अहम भूमिका निभाने की अपील की। जागरूकता रथ रवाना के मौके पर उपायुक्त नैन्सी सहाय के अलावा ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो, डीपीआरओ पंचानन उराव, ज़िला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग, चाइल्ड लाइन के अधिकारी एवं कर्मी मौजुद थे।

# बहू ने निभाया बेटे का फर्ज, ससुर को मुखाग्नी देकर पेश की अद्भुत मिसाल



**नवीन मेल संवाददाता। टाटीझरिया** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो में टुकन साव उम्र (80 वर्ष) की मौत बिमारी के कारण 13 जनवरी को हो गई थी। घर परिवार के कोई सदस्य इस दुख की घडी में आगे नहीं आए। मृतक के पुत्र की भी मौत 15 वर्ष पहले हो गई है। काफी विचार विमर्श के बाद मृतक की बहु मोसोमात सोहरी ने अपने ससुर मृतक टुकन साव का अंतिम संस्कार के लिए आगे आई। उन्होंने 14 जनवरी को बहु ने ससुर को मुखाग्नि देकर प्रखंड क्षेत्र में अनुठी मिसाल कायम की। मंगलवार बंधिया पोखर घाट में जाकर तृतीय गात्र श्राद्ध पिंडदान कार्यक्रम को किया मालमू हो कि मृतक के एक पूत्र व तीन पुत्रियां थी। जिसमें पुत्र सुरेश साव की 15 वर्ष पहले मौत हो चुकी है । तीन बेटियों की शादी भी हो चुकी है। तीनों ही अपने पिता की मृत्यु पर पहुंची थी। बहु मोसोमात सोहरी ने बताया कि घर परिवार को ससुर के श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया था। जिसमें कोई भी मुखाग्नि देने के लिए घर परिवार का सदस्य तैयार नही हुआ। बहु ससुर को अपने पिता की तरह मानती थी। जब लोग आगे कोई सामने नहीं आया तो मैने इनका अंतिम संस्कार पुत्र की भांति किया।

# सहकारिता से समृद्धि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** संयुक्त निदेशक कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग कृषि, पशुपाल एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रमण्डलीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहकारिता से समृद्धि विषय पर आयोजित कार्यशाला में प्रमंडलीय जिला हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, कोडरमा एवं चतरा जिला के सभी पैक्स अध्यक्ष एवं अन्य सहकारी समितियों के अध्यक्षों ने भाग लिया। कार्यशाला में पैक्सो एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों एवं ग्रामीण क्षेत्र के कृषि पर आधारित व्यवसाय को बढ़ाने, सहकारी समिति की महत्व, तथा आपसी समन्व्य के साथ जनमानस के आर्थिक समृद्धि एवं स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से सद्दढ़ बनाने के निमित कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्व्यन पर चर्चा की गई। साथ ही पूर्व में किये गये कार्यों की समीक्षा भी की गई। मौके पर संयुक्त निबंधक, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग, संयुक्त निदेशक, सस (मुख्यालय) रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक निबंधक एवं पैक्स अध्यक्षों ने बारी बारी से अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रत्येक जिला के बेहतर कार्य करने वाले पैक्स अध्यक्ष को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में मनाया 18वां स्थापना दिवस

# विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की अपनी प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
दारू स्थित ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में स्थापना दिवस सह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। ज्ञात हो की इस विद्यालय का उद्घाटन 16 जनवरी 2006 को ब्रज किशोर जायसवाल के द्वारा किया गया था। खेलकूद प्रतियोगिता में प्री प्राइमरी और जूनियर बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता, फ्रॉग रेस, कलर रेस इत्यादि में बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने खेल भावना का समुचित प्रदर्शन किया। विद्यालय में चम्मच रेस, सुई धागा रेस, बैलून रेस, कुर्सी रेस, 100 मी दौड़, 200 मी दौड़, कलर प्रतियोगिता, मैथ रेस, इंग्लिश कम्पटीशन, ड्राइंग कम्पटीशन जैसी अनेक प्रतियोगिताए आयोजित की गई। विद्यालय संचालक बजरंग सहाय ने कहा कि विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिताओं का बड़ा महत्व है और खेलकूद में भी छात्रों के भविष्य को संवारा जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र भूषण ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भाग लेने से विद्यार्थी शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में नयन, पिया, निक्की, गौरव, अंशु, अर्पित, लक्ष्मी, ज्योति, स्मृति, सचिन, अंशफ रजा, रानी, बाल्मीकि, गुंजन, भौमिक, शानवी, ऋषव, आराध्या, जिया, वर्षा, पियूष, शक्ति सहित कई बच्चे शामिल थे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक बजरंग सहाय, प्रधानाचार्य जितेन्द्र भूषण, मंजू सहाय, प्रकृति सिन्हा, यशोदा देवी, कुमारी कनक, रितिका रागिनी, प्रियंका कुमारी, रेखा देवी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राये मौजूद थे।

### विधायक सह एचडीसीए अध्यक्ष के प्रयास से बदली वेल्स क्रिकेट मैदान की तस्वीर


# 14 फरवरी को नए पवेलियन का होगा उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक सह हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) के अध्यक्ष मनीष जायसवाल के निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच ने हजारीबाग के वेल्स क्रिकेट मैदान की सूरत बदल कर रख दी। जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े वेल्स क्रिकेट मैदान का कायाकल्प कर ना सिर्फ. खिलाड़ियों के अनुरूप एक गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट मैदान का स्वरूप दिया बल्कि यहां कई बड़े बदलाव भी किए। यहां ग्राउंड के बाउंड्री वॉल को सुदृढ़ कराया, नया पवेलियन का निर्माण कराया जिसमें 6 रूम, 2 प्लेयर्स चेंजिंग रूम, 2 हॉल, 4 टॉयलेट और 4 दुकानों का निर्माण कराया। इसके अलावे ग्राउंड में फेंसिंग कार्य, चार टर्फ विकेट का निर्माण, पूरे मैदान में सिलेक्शन वन ग्रास लगाया गया। उससे पूर्व चार फ्लड लाइट का भी अधिष्ठापन कर इसे रात्रि टूर्नामेंट कराने के अनुरूप बनाया गया। बुधवार को सदर विधायक सह एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल की अध्यक्षता में वेल्स क्रिकेट मैदान परिसर में ही संघ के कार्यकारिणी समिति की एक अहम बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की आगामी 14 फरवरी को नवनिमार्णाधीन पवेलियन का उद्घाटन किया जायेगा और आने वाले वरसात के मौसम में यहां वृहत पौधारोपण अभियान चलाया जायेगा। पवेलियन उद्घाटन में झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संजय सहाय और सचिव देवाशीष चक्रवर्ती सहित कई गणमान्य लोगों को निमंत्रण भेजा जाएगा। साथ ही विधायक मनीष जायसवाल ने यह घोषणा किया की अपने विधायक निधि की राशि से अलग से टॉयलेट भी बनाया जायेगा। बैठक के पश्चात विधायक मनीष जायसवाल और संघ के अन्य सदस्यों ने ग्राउंड और ग्राउंड परिसर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर जायजा भी लिया और कई सुधार के निर्देश भी दिए। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया की बेहतर आधारभूत संरचना खिलाड़ियों अभ्यास के लिए बेहद जरूरी है और इसी को ध्यान में रखते हुए वेल्स क्रिकेट मैदान को क्रिक्रेट खेल और खिलाड़ियों के सुविधा के अनुरूप विसकित किया जा रहा है। हजारीबाग के इस मैदान से अच्छे खिलाड़ी निकलेंगे तो हमारा यह प्रयास सफल होगा। आने वाले दिनों में निश्चित रूप से यहां से निकलकर जिला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलेंगे। बैठक में विशेष रूप से क्रिकेट संघ से जुडे. विकास चौधरी, प्रमोद कुमार, दीपू जैन, सुमन कुमार लाल, अनिल अग्रवाल, बंटी तिवारी, जयप्रकाश, मनोहर सिंह, रंजीत कुमार सिन्हा, विमलेश दुबे, रितेश सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा का कार्यक्रम शुरू

# हजारीबाग विधायक ने अपने बूथ पर किया दीवार लेखन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार बुधवार को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र स्थित बिहारी दुर्गा स्थान के समीप हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के आवासीय परिसर के बूथ संख्या 209 के नजदिक आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त भाजपा के 'दीवार लेखन कार्यक्रम' का शुभारंभ हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने दीवार लेखन कर दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने 'एक बार फिर से मोदी सरकार' नामक स्लोगन वाल पर ब्रश और पेंट के सहारे लिखा। उल्लेखनीय है कि इस स्लोगन के साथ देश भर के हर बूथ पर वाल राइटिंग का कार्यक्रम किया जा रहा है। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की हमारा प्रयास है कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता इस अभियान में शामिल हों और इस बार 400 पार के नारे के साथ एक नई ऊर्जा के साथ जनता के बीच हम पहुंचे। मौके पर स्थानीय नगर भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, किशोरी राणा, अविनाश कुमार सोनू, ऋषि शर्मा, विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी, नरेश ठाकुर, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय, विशेषांक वर्मा, विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## एक नजर

### राम जानकी मंदिर सिमडेगा में अखंड हरि कीर्तन 21 से

**सिमडेगा।** 22 जनवरी को होने वाले अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामनवमी प्रबंधन समिति महावीर मंडल सिमडेगा के तत्वाधान में 21 जनवरी से महावीर मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन आयोजन किया गया है ।जानकारी देते हुए अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने बताया है कि 22 जनवरी को दिन के 12:00 बजे महा आरती का आयोजन होगा, वहीं दोपहर 3:00 बजे भव्य शोभायात्रा का आयोजन शहर में की जाएगी। इसके बाद संध्या 7:00 बजे से भजन संध्या एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे इधर आयोजन को लेकर सभी प्रकार की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है।

### हसदेव अरण्य वन की कटाई के विरोध में धरना प्रदर्शन

**सिमडेगा।** आदिवासी कांग्रेस सिमडेगा के बैनर तले छत्तीसगढ़ राज्य के हसदेव अरण्य वन की कटाई के विरोध में बुधवार को धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील मिंज ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अनूप लकड़ा विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था।इस अवसर पर अनूप लकड़ा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा जिले के हसदेव अभारण्य जो पांचवी अनुसूची क्षेत्र में आता है, लेकिन ग्राम सभा की अनुमति नहीं ली गई ना ही कोई जनसुनवाई नहीं हुई।

### पुलिस संग स्कूली बच्चों के ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कुरडेग।** जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को कुरडेग पुलिस और एसएस उच्च विधालय के छात्र छात्राओं ने कुरडेग सिमडेगा मुख्य पथ के प्रकाला में बगैर हेलमेट के दुपहिया वाहन चला रहे चालकों को फुल देते हुए हेलमेट पहनकर एवं यातायात के नियमों का पालन कर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया ।इस दौरान बच्चों ने चालको से कहा कि जीवन रक्षा के लिए हेलमेट पहनकर ही बाइक चलायें अधिकतर सड़क दुर्घटना में बाइक चालकों के माथे पर गंभीर चोट ही मृत्यु का कारण बन जाता है ।बच्चो ने पुलिस की मौजूदगी में बगैर हेलमेट बाइक सवारो को रोक कर फुल देते हुए हेलमेट लगाकर बाइक चलाने की शपथ दिलायी मौके पर मौजूद एसआइ नरेश मराण्डी ने बगैर हेलमेट पहने चालको से कहा कि यातायात के नियमों का पालन करते हुए सड़को पर वाहन चलाने की बात कही। उन्होने चालको को जागरूक करते हुए कहा कि यातायात के नियमों को तोड़ने वाले चालकों के खिलाफ चालान काटे जाएगें साथ ही लोगो से अपील करते हुए कहा कि निर्धारित गति सीमा से अधिक वाहन नही चलायें मौके पर एएसआई दुर्योधन उरांव एवं थाना के सशस्त्र बल उपस्थित रहे ।

### झारखंड पार्टी ने वन भोज सह मिलन समारोह का किया आयोजन

# लूट-खसूट और भ्रष्टाचार के बल पर चल रही झारखंड सरकार : एनोस एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड**

प्रखंड के पर्यटन स्थल बसंतपुर में बुधवार को हसीन वादियों के बीच झारखंड पार्टी के द्वारा वन भोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का,युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का,अमन खेस,शिविर टोप्पो,आइरिन एक्का,अनूप श्रीवास्तव मुख्य रूप से मौजूद रहे। जहां पर सभी लोगों ने नए वर्ष 2024 का स्वागत करते हुए एक दूसरे को शुभकामना देकर लजीज व्यंजन का लुफ्त उठाया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा आज हम सभी यहां पर इकट्ठा हुए हैं या खुशी की बात है इसी प्रकार संगठन को मजबूत करते हुए आगामी लोकसभा और विधानसभा और नगर परिषद के चुनाव में झारखंड पार्टी सभी सीटों पर जीत दर्ज करते हुए क्षेत्र का विकास में सहभागिता देगी। आज वर्तमान समय युवाओं का है महिलाओं का है ऐसे में सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए झारखंड पार्टी बढ़-चढ़कर कार्य करेगी इसमें सभी कार्यकर्ता सहयोग करें। मौके पर झापा नेता अमजद खान ने कांग्रेस पार्टी को एवं भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह सिर्फ धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम करती है और वोट बैंक की राजनीति करती है ।ऐसी पार्टी को लोग बाय कट करें और आने वाले दिनों में झारखंड पार्टी का सहयोग कर इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने में सहयोग करें ,क्योंकि इस क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से विफल है एवं सिर्फ और सिर्फ कुछ लोगों में सिमट कर रह गई है। मौके पर पूर्व मंत्री एनोस एक्का संबोधित करते हुए नए वर्ष की शुभकामनाएं दी एवं सभी लोगों को संगठित रहते हुए झारखंड पार्टी का साथ देने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि लूट खसूट भ्रष्टाचार बल पर झारखंड सरकार चल रही है और इससे जनता पूरी तरह से त्रस्त हो गई है ।सरकार सिर्फ और सिर्फ लोगों को बेवकूफ बनाने का काम किया है ऐसे में अब लोग झारखंड पार्टी का सहयोग करें झारखंड पार्टी इस क्षेत्र का पूरा विकास करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही कार्यकर्ता जुट जाएं और प्रत्येक घरों जाकर झारखंड पार्टी के नीति सिद्धांत को बताकर संगठन को मजबूत करने का काम करें ,क्योंकि संगठन में ही बल होता है और कार्यकर्ता के बल पर ही पार्टी काम करती है।

### मुखिया की अगुवाई में बाल सभा का हुआ आयोजन

**कोलेबिरा।** प्रखंड अंतर्गत नवाटोली पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय सह उत्क उच्च विद्यालय सरगापानी में मुखिया कल्पना देवी की अध्यक्षता में बाल सभा का आयोजन किया गया ।बालसभा में बाल संसद के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।एवं विभिन्न विद्यालय से आए हुए बाल सांसदों के मंत्रियों से अपने-अपने विभाग के कार्य एवं दायित्व की चर्चा की गई ।साथ ही विद्यालय संचालन में बाल संसद की अहम भूमिका पर बिंदुवार चर्चा की गई ।बालसभा में विभिन्न स्कूलों से आए हुए बाल सांसदों के द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत कराया गया एवं बाल संसद को प्रत्येक विद्यालय में कार्यशील रूप से संचालित करने का दिशा निर्देश दिया गया। जिससे विद्यालय संचालन में आसानी हो एवं बाल संसद के माध्यम से पुस्तकालय संचालन ,साफ सफाई ,पोषाहार वितरण एवं अनुशासन के अलावे विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया गया साथ ही विभिन्न विद्यालय से आए हुए बाल सांसदों के द्वारा अपना -अपना समस्या रखा गया।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गांव में लगाया स्वास्थ्य शिविर

# सेवा कार्यों से ही है क्रॉस सोसायटी की पहचान करे स्थापित : डीसी



नवीन मेल संवाददाता। बानो भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, इकाई सिमडेगा द्वारा बानो प्रखण्ड के उकौली पंचायत अंतर्गत सिकोरदा गांव में निःशुल्क चिकित्सा सहायता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रयुक्त अजय कुमार सिंह मौजूद रहे जहां पर ग्रामीणों द्वारा उपायुक्त को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। निःशुल्क चिकित्सा सहायता शिविर में पहुंच उपायुक्त ने ग्रामीणों बीच दवाईयों का वितरण किया। शिविर में सदर अस्पताल सिमडेगा एवं बानो प्रखण्ड के डॉक्टरों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवा प्रदान कर मरीजों की स्वास्थ्य जांच की और उनके बीच दवाओं का वितरण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि निःस्वार्थ सेवा कार्यों से विश्व में विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुकीं रेड क्रॉस सोसाइटी की एक अलग पहचान आदिवासी बहुल सिमडेगा जिले में भी स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके लिए हम सबों को मिलकर काम करना होगा और रेड क्रॉस सोसाइटी, ईकाई सिमडेगा को मजबूत और सशक्त बनाना होगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस संस्था के माध्यम से स्वास्थ्य व अन्य सेवा का लाभ पहुंच सके।साथ ही मौके पर उपायुक्त को ग्रामीणों ने कई सारी समस्याओं को पत्र के माध्यम से अवगत कराया। उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा उसका ससमय निराकरण करने की बात कहीं। मौके पर मुखिया कृपा हेमरोम, प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो मो. नईमउद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष, बानो रोतीया समाज के महेश सिंह, रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव मोहन सिंह, चेयरमैन मोतीलाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने हर्बल औषधि केन्द्र स्कूलों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने बुधवार को बानो प्रखण्ड का भ्रमण किया।इस दौरान उपायुक्त ने संत मिखाएल औषधि अनुसंधान केंद्र हुरपी हाटिगंहोड़े, घाटबाजार एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बानो का निरीक्षण किया। प्रथम भ्रमण में उपायुक्त ने संत मिखाएल औषधि अनुसंधान केंद्र हुरपी हाटिगंहोड़े पहुंच वहां के हर्बल डॉक्टर ऑस्कर हेंब्रम से मुलाकात कर औषधि अनुसंधान केंद्र से संबंधित जानकारी लेते हुए वहां बनने वाली हर्बल दवाईयां के बारे जाना। दूसरे भ्रमण में उपायुक्त ने हाट बाजार का निरीक्षण कर थाना प्रभारी, बानो को आवश्यक निर्देश दिए।तीसरे भ्रमण में उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो पहुंच शिक्षकों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चियों को होने वाले कई सारी समस्याओं से अवगत हुए। स्कूल के प्रधानाध्यापिका ने उपायुक्त को पानी एवं विद्युत की समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने पानी सहित सभी समस्याओं का ससमय निराकरण करने की बात कहीं। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, बानो को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना से मैदान निर्माण करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात उपायुक्त ने बच्चियों से उनके क्लास रूम में जाकर मुलाकात की, दसवीं में पढ़ रहे बच्चियों को प्री बोर्ड परीक्षा से संबंधित कई मुख्य बातें बताई। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने आप सभी का रिजल्ट को बेहतर बनाने के लिए कई सारे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे, जिसे कि आप सभी का बेहतर रिजल्ट के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलें सके। इसके अलावा उपायुक्त ने पठन-पाठन हेतु बच्चियों को प्रेरित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताएं।

## न्यूज बॉक्स

### शिलान्यास के बहाने सरकार पर बरसे विधायक मुंडा



**बानो।** प्रखण्ड मुख्यालय से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली सड़क का बुधवार को विधिवत सड़क का शिलान्यास कर कार्य बेहतर करने का निर्देश विधायक कोचे मुंडा ने संवेदक को दिया मौके पर नारियल फोड़ कर तथा पूजन कर सड़क निर्माण का शिलान्यास किया।साथ ही प्रखण्ड के सिकोरदा से चोरबान्दू होते हुए महाबुवाग सिमाना तक लगभग आठ किलोमीटर, आरईओ पथ गिरदा से ऊनिकेल पथ का मरमती कार्य का शिलान्यास सयुक्त रूप से किया शिलान्यास कार्यक्रम के बाद में आयोजित सभा मे तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने वर्तमान सरकार केंद्र की योजनाओं को धरातल पर कार्य नही करा रही हैं। वर्तमान सरकार कानून का पालन नहीं कर रही है।रोज ईडी का नोटिस भेजा जा रहा है परंतु कानून का उलंघन कर रही हैं। यहाँ पर लूट मची हुई है।आगामी चुनाव में ध्यान रहे ऐसे निकम्मा सरकार को उखाड़ कर फेकना है। गिरदा क्षेत्र में कार्य सही रूप से नही करने पर खूब खरी खोटी सुनाया ।उन्होंने ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य ढंग से तथा समय पर पूर्ण करे।
कार्यक्रम में हुरदा मंडल अध्यक्ष ओमिन सिंह बानो प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह विश्वनाथ बड़ाईक,ने अपने विचार व्यक्त किया।मौके पर सांसद प्रतिनिधि शिवराज बड़ाईक, विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह ,भूषण साहू ,चंद्रपाल सिंह ,पन्ना लाल ओहदार, आदि लोग उपस्थित थे।

### कार्यपालक अभियंता से मिले भाजपा नेता, खराब ट्रांसफार्मर को जल्द बदलने की मांग क्री



**सिमडेगा।** खराब विद्युत ट्रांसफार्मर के संबंध में पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने विद्युत कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मरांडी से मुलाकात कर महीनों खराब ट्रांसफार्मर के कारण अंधेरे में जीवन बसर कर रहे ग्रामीणों की समस्या को लेकर एक आवेदन सौंपा। आवेदन में श्री बेसरा ने सिमडेगा के 10 प्रखंडों के विभिन्न क्षेत्रों में खराब ट्रांसफार्मर की सूची सौंपा। श्री बेसरा ने उपरोक्त सभी खराब ट्रांसफार्मरों को लेकर कार्यपालक अभियंता से कहा है कि महीनों से खराब ट्रांसफार्मरों के कारण प्रभावित ग्राम के ग्रामीण अंधेरे में जीवन बसर कर रहे हैं।इन खराब ट्रांसफार्मरों को अगर जल्द दुरूस्त नहीं किया गया तो ग्रामीणों के द्वारा विद्युत विभाग के लचर रवैए के खिलाफ सड़क पर उतर कर आन्दोलन किया जाएगा।बता दें कि उपरोक्त खराब ट्रांसफार्मर के संबंध में श्री बेसरा ने केन्द्रीय मंत्री माननीय अर्जुन मुंडा से भी मुलाकात कर उन्हें जानकारी एवं आवेदन दिया गया है।साथ ही जनता की कई ऐसे समस्याओं को भी सुनाया जिसमें सिमडेगा नगर क्षेत्र के सुन्दर पुर महतो टोली ग्राम में झुलते विद्युत तार का भी जिक्र किया। एवं कहा कि इस झुलते विद्युत तार को दुरूस्त नहीं किया गया तो कभी भी इस झुलते विद्युत तार के चपेट में बड़ा हादसा हो सकता हैं। इसका समाधान भी जल्द से जल्द हो ताकि भविष्य में झुलते विद्युत तार के कारण किसी भी अप्रिय घटना ना घटे। मौके पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य दीपनारायण दास भी उपस्थित थे।

### नेहरू युवा केंद्र एवं पुलिस द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन



**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस और नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत दिनांक 11 जनवरी से 17 जनवरी तक चल रहे सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का बुधवार को समापन किया गया।अभियान के दौरान नेहरू युवा केंद्र के युवाओं ने सप्ताह के प्रत्येक दिन यातायात परिचारी रवि शंकर सिंह और अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से जिले के लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। युवाओं ने लोगों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सड़क नियमों का पालन करने की अपील की। इसके अलावा वाहन के सभी कागजातों को भी दुरुस्त रखने के सम्बन्ध में जागरूक किया। उन्होंने स्कूल के छात्र - छात्रों को भी किशोरावस्था में सड़क सुरक्षा से संबंधित धाराओं और सड़क सुरक्षा में लापरवाही पर लगाए जाने वाले जुमार्ने से भी अवगत कराया। युवाओं एवम अन्य लोगों से उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सिमडेगा ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अपील को दोहराया। सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान में संजय पान, अनुराधा, सुषमा, आरती, प्रिया, शीतल, पूजा, अभिमन्यु, गंगोत्री, सत्यवती, भद्रशीला, कुंती, पम्मी, किरण, आरती, बलराज, अरुण, अमर, नीलकान्त, अनुज, रंजीत, पवन, प्रकाश, ममिता, सुबोध, सौरव सहित जिले के विभिन्न युवाओं मंडल से आए युवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भाजपा सिमडेगा ने दीवार लेखन कार्यक्रम की शुरूआत की



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा द्वारा दीवार लेखन कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसमें फिर से मोदी सरकार का स्लोगन भाजपाइयों के घरों में लिखने का कार्य शुरू किया गया है इधर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने भी शहर में दीवार लेखन का कार्य शुरूआत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को इस कार्य को युद्ध स्तर पर करने की बात कही वहीं दूसरी केरसई, मंडल अंतर्गत करंगागुड़ी के रेगारटोली में दिवार लेखन का कार्य किया गया, जिसमें मंडल अध्यक्ष मानकी लाल के द्वारा दिवार लेखन कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, मंडल मंत्री सुधीर मांझी,सेवई मंडल महामंत्री कृष्णा मांझी, शंकर बड़ाईक, मंगल मांझी, सत्या देवी मुख्या बासेन, सुलोचनी देवी, एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में पारंपरिक कथक नृत्य व अर्द्ध शास्त्रीय नृत्य का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

जवाहर नवोदय विद्यालय में पीएम श्री योजनान्तर्गत पारंपरिक कथ्थक नृत्य एवं अर्द्ध शास्त्रीय नृत्य का आयोजन किया गया। इस मौके पर सौम्य भार्गव एवं प्रतिष्ठा भार्गव ने अपने नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। देर शाम तक जेएनवी परिसर दर्शकों की तालियों से गूंजता रहा। प्राचार्य बी पी गुप्ता ने दूर दराज से आए इन अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का स्वागत किया तथा उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थियों में भी नृत्य विधा के क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस, उन्हें निखारने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि विद्यार्थी नृत्य-संगीत के क्षेत्र में भी बेहतर मुकाम हासिल कर सकें। नर्तक (कत्थक विधा) सौम्य भार्गव ने स्वर्ण मयूर सम्मान (दुर्ग, छतीसगढ़), अंतरराष्ट्रीय नृत्य कलामणि सम्मान (काठमांडू, नेपाल) एवं तपस्वी सम्मान (कटक, ओडिशा) से नवाजे जा चुके हैं। इस मौके डॉ. प्रमोद कुमार महतो, रामायण पासवान, मनोज कुमार, नमिता कुमारी, डॉ. सुमन कुमार सिंह, रेणु कुमारी सिंहा, पूनम कुमारी, बिकास चंद्रा, घनश्याम, बिजय कुमार भुईंया, प्रदीप कुमार साव, सुभम, रुचि गुप्ता, प्रवीण कुमार, वीरभान, प्रभात कुमार, गीता कुमारी, सुनील कुमार (कौशल शिक्षक) सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी के शिक्षक आशुतोष कुमार पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रामायण पासवान ने किया।

### निरीक्षण के दौरान कोलेबिरा विधायक ने सड़क चौड़ी करण में पाई अनियमितता, कहा

# जांच उपरांत संवेदक पर कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

कोलेबिरा मनोहरपुर मुख्य पथ चौड़ीकरण का कार्य जारी है।जिस पर कोलेबिरा विधायक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां निरीक्षण के क्रम में सड़क निर्माण पर भारी अनियमिता का आरोप लगाया। जिसके बाद विधायक ने कहा कि जनता के शिकायत पर कोलेबिरा से मनोहरपुर तक का सुदृढ़ीकरण एवं सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इस रास्ते पर आम जनों की शिकायत है कि इस रास्ते पर आने जाने वाले राहगीरों को पेड़ों से टकराकर कई बार दुर्घटना हुई है। कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। कई लोगों की जान भी चली गई है। यह रास्ता का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य जारी है परंतु रास्ते पर कई पेड़ ऐसे हैं जिन्हें अभी तक नहीं काटा गया है जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि यह रास्ता का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य हो रहा है परंतु यह प्राक्कलन के अनुरूप नहीं हो पा रही है, जो कि मेटल और डस्ट दिया जा रहा है इसका थिकनेस अलग-अलग है। साइड में 8 इंच एवं अंदर में 6 इंच 5 इंच कहीं-कहीं चार इंच ही मेटल डालकर रास्ता का कार्य किया जा रहा है और रोड के साइड भी फ्लैंक है लेकिन अभी तक फ्लैंक नहीं डाला गया है और फ्लैंक नहीं होने से कालीकरण रोड पर बड़ी गाड़ी चलेगी तो रास्ता टूट जाएगा। रास्ता में कंपैक्ट दिया जा रहा है उसमें पानी की मात्रा बहुत कम है और रोलिंग भी नहीं के बराबर चलाया जा रहा है। विधायक ने कहा शिकायत पर सड़क में हो रही अनियमितता पाई गयी है जांच के बाद संवेदक पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने गंभीर मामला बताते हुए रॉयल्टी चोरी के बारे में कहा कि इस रास्ता पर अवैध क्रशर से मटेरियल का सप्लाई किया जा रहा है। उसकी भी जांच होना चाहिए क्योंकि अवैध क्रशर से आ रहा है। जिसके तहत सरकार के राजस्व का चोरी भी किया जा रहा है।

### उर्दू शिक्षकों के पदों को समाप्त करने के विरोध में अंजुमन इस्लामिया ने किया प्रदर्शन

# रिक्त पड़े पदों को समाप्त करना एक साजिश : मौलाना मिन्हाज



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

राज्य सरकार द्वारा उर्दू शिक्षकों के 4401 पदों को समाप्त करने के विरोध में अंजुमन तरक्की उर्दू और सेंटल अंजुमन इस्लामियां के बैनर तले विरोध प्रर्दधन किया गया। इस्लामपुर में आयोजित विरोध प्रर्दशन कार्यक्रम में लोगों ने प्रारूप की कॉपी जलाई और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए झारखंड सरकार से नियमावली को वापस लेने की मांग की गई। मौके पर अंजुमन के पदाधिकारियों ने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी उस आदेश को तुरंत वापस लिए जाने की मांग की जिसमें उर्दू प्रशिक्षित शिक्षक के शत-प्रतिशत पद एवं स्नातक प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संवर्ग के 50 प्रतिशत सीधी नियुक्ति से भरे जाने वाले पद को मरणशील संवर्ग घोषित कर उर्दू शिक्षकों की बहाली पर रोक लगाने की बात कह गई है। अंजुमन सदर मो. ग्यास ने कहा कि हम उर्दू भाषी निदेशालय की इस अलोकतांत्रिक एवं असंवैधानिक कार्रवाई से चिंतित हैं क्योंकि निदेशालय का यह कदम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के अनुरूप नहीं है। साथ ही निदेशालय को यह अधिकार नहीं है कि वह बिना राज्य कैबिनेट के निर्णय के किसी संवर्ग को मरणशील घोषित कर दे। मौलाना मिन्हाज रहमानी ने कहा कि उर्दू भाषा को एकीकृत बिहार के समय से ही राज्य की दूसरी राजभाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है। जिसकी झारखंड बनने की बाद भी सरकारी गजट में पुष्टि की गयी है। अब उर्दू शिक्षकों के रिक्त पड़े पदों पर नियुक्ति किए जाने के बजाय पदों को ही समाप्त करने की साजिश राज्य के उर्दू भाषी लोगों के साथ अन्याय है। अभी भी वर्षों से 3500 से अधिक सरकारी विभागों में उर्दू के पद रिक्त हैं जिन्हें भरा जाना बाकी है। उर्दू के साथ ये अन्याय असहनीय है। उर्दू भी संविधान से मान्यता प्राप्त 22 भाषाओं में एक है,इसे भी वो सुविधाएं मिलनी चाहिए जो अन्य 22 भाषाओं को मिल रही हैं। कहा गया कि इस मामले में सीएम अपने स्तर से हस्तक्षेप कर उर्दू शिक्षकों की बहाली में आए व्यवधान को खत्म किए जाने का आदेश दें और उचित कारवाई कर इस आदेश को अविलंब निरस्त करें ताकि उर्दू आबादी में जो आक्रोश और गुस्सा है,वो समाप्त हो। मौके पर डा. मोहसीन आलम, हाजी जावेद, लुकमान हैदर, इफ्तेखार लल्लु, मो इम्तियाज, सलमान आरिफ, मोअज्जम, अय्युब अंसारी,तहमीर रिंकू, अनस, मिन्हाज सहित कई लोग मौजूद थे।

**अभी भी वर्षों से 3500 से अधिक सरकारी विभागों में उर्दू के पद रिक्त हैं जिन्हें भरा जाना बाकी है**

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर चला स्वच्छता अभियान

# 22 को होगी प्राण प्रतिष्ठा लक्ष्मण की अगुवाई में सफाई



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा नगर परिषद क्षेत्र के संकट मोचन मंदिर कुंजनगर, शिव मन्दिर सुन्दरपुर, सरना मन्दिर सलडेगा में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अवाहन पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा की उपस्थिति में मन्दिरों की साफ-सफाई किया गया। साथ ही जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अगुवाई में करंगागुड़ी मंदिर एवं उपाध्यक्ष प्रणव कुमार की अगुवाई में बनदुर्गा मंदिर की सफाई की गई। श्री बड़ाईक ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जी का प्राण प्रतिष्ठा भव्य रूप से किया जायेगा, जिसको लेकर पूरे देश में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। देश के हर मंदिरों की साफ-सफाई की जा रही है और उसमें पूजा अर्चना का भी कार्यक्रम हो रहा है।मौके पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं समय-समय पर उन्होंने स्वच्छता पर अभियान चलाया है। 22 तारीख अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा होगा उसी के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। करंगा गुड़ी मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# धनबाद में पीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस की सारी छुट्टियां रद्द



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जनवरी को धनबाद के दौरे पर रहेंगे। इसके मद्देनजर धनबाद में अगले आदेश तक पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी गई है। एसएसपी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश के अनुसार 27 जनवरी को प्रधानमंत्री के धनबाद जिले के बलियापुर थाना क्षेत्र में प्रस्तावित आगमन, भ्रमण के मद्देनजर पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों का सभी प्रकार का अवकाश तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

कहा गया है कि सभी थाना, ओपी प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, परिचारी प्रवर, डीएसपी और एसडीपीओ को निर्देश दिया जाता है कि प्रधानमंत्री आगमन के अवसर पर विधि-व्यवस्था ड्यूटी को देखते हुए किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा। विशेष परिस्थिति में आरक्षी, हवलदार संवर्ग के कर्मियों का अवकाश सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी स्वीकृत करेंगे जबकि पुलिस पदाधिकारियों का अवकाश एसएसपी स्वीकृत करेंगे।

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत वे धनबाद में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा रोड शो भी करेंगे। प्रधानमंत्री हर्ल प्लांट जैसी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

## 875 लीटर अवैध स्प्रिट बरामद, एक पकड़ाया

**बोकारो।** उत्पाद विभाग ने जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारडीह टोला तांतरी पंचायत में छापेमारी कर मंगलवार देर रात जितेंद्र कुमार सोरेन के घर में 25 जरकिन में 875 लीटर अवैध कच्चा स्प्रिट बरामद किया। साथ ही जितेंद्र सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, मुख्य अभियुक्त धीरज साव, संजय साव, प्रदीप साव फरार हैं। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# आश्वासन के बाद खत्म हुआ सिरका कोलियरी में आंदोलन





**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सिरका कोलियरी में चल रहा कांग्रेस का आंदोलन बुधवार की देर शाम बैठक के आश्वासन के बाद खत्म हो गया। कोलियरी के क्षेत्र में विस्थापित और मजदूरों की समस्या को लेकर लोकल सेल समिति के अध्यक्ष बैजनाथ मिस्त्री के साथ 19 जनवरी को बैठक होगी। 19 जनवरी को लोकल सेल समिति के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के साथ बैठक होगी। इस बात को लेकर अंचल अधिकारी ने आस्वस्थ किया। इसके बाद आंदोलनकारी लोग सिरका कोलियरी के कांटा घर और माइंस से बाहर निकल गये।

## पूर्व विधायक ममता देवी को माइंस में घुसने से रोका

कांग्रेस के जिला महासचिव समसूद खान ने स्थानीय मजदूरों और विस्थापितों की समस्या को लेकर माइंस को बंद करने का ऐलान किया था। जिसमें पूर्व विधायक ममता देवी भी शामिल होने वाली थी। जब वह आंदोलन में शामिल होने के लिए सिरका माइंस में पहुंची तो आजसू नेता और लोकल सेल समिति के लोगों ने उन्हें माइंस में घुसने नहीं दिया। सड़क पर ही आजसू नेता और मजदूरों ने हंगामा शुरू किया। हंगामा कर रहे लोगों ने ममता देवी को बाहरी नेता तक बता दिया। इसके बाद ममता देवी अपने समर्थकों के साथ जीएम कार्यालय में पहुंची। वहां भी वार्ता के बाद कांग्रेस को कुछ खास हाथ नहीं लगा। अंत में लोकल सेल समिति के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों के साथ वार्ता करने पर जोर दिया गया।

## सीसीएल प्रबंधन लोकल सेल समिति के साथ नहीं है इंवॉल्व : जीएम

सिरका माइंस में पूरे दिन प्रोडक्शन और लोडिंग बंद रहने के कारण सीसीएल को भारी नुकसान हुआ है। इस मामले में अरगड्डा प्रक्षेत्र के जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने बताया कि लगभग 200 लोगों ने माइंस का कार्य ठप कर दिया था। उनका प्रोडक्शन और डिस्पैच नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन के मुख्य समस्या यह है कि लोकल नागरिक आपस में बैठकर वार्ता नहीं कर रहे हैं। लोकल सेल समिति के साथ सीसीएल प्रबंधन का कोई भी संबंध नहीं है। यह सारी व्यवस्था स्थानीय स्तर पर बनाई गई है। अगर जल्द ही आंदोलन खत्म नहीं होता है और माइंस में कार्य शुरू नहीं होता है तो वह आगे की कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन के साथ वार्ता करेंगे।

## खबरें रामगढ़ की

### नमामि गंगे योजना जन जागरूकता के लिए गंगा दौड़ का हुआ आयोजन




**रामगढ़।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड रांची द्वारा नमामि गंगे योजना अंतर्गत प्रचार-प्रसार एवं व्यापक जन जागरूकता के लिए 15 जनवरी से 17 जनवरी तक विशेष अभियान चलाने को लेकर प्राप्त निर्देश के आलोक में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिये गये। बुधवार को छत्तरमांडू स्थित व्यवहार न्यायालय रामगढ़ से गंगा दौड़ का आयोजन किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी रीना कुजूर, जिला खेल पदाधिकारी मार्कस हेंब्रम, अंचल अधिकारी रामगढ़ सत्येंद्र कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मियों सहित जिलेवासियों ने गंगा दौड़ में भाग लिया। दौड़ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा से सदर अस्पताल, नगर परिषद कार्यालय, जिला परिषद होते हुए टाउन हॉल से इंडोर स्टेडियम के उपरांत समाहरणालय परिसर में समाप्त हुई। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों के प्रति जानकारी देते हुए सभी से नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने, यहां वहां कूड़ा कचरा न फेंकने, शौचालय का प्रयोग करने, एक बार इस्तेमाल की जाने वाली प्लास्टिक से बने वस्तुओं का प्रयोग न करने आदि की अपील की।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने विद्युत विभाग के एसडीओ को मांग पत्र सौंपा



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांडू प्रखंड अंतर्गत उत्तरी करमा, दक्षिणी करमा, रतवे तथा छुटकी डुंडी पंचायत में बिजली बिल को लेकर एसडीओ विद्युत विभाग कुजू को मांग पत्र सोंपा गया। जेबीकेएसएस के सक्रिय सदस्य व छोटकी डुंडी निवासी दीपक महतो ने कहा कि आजकल अप्रत्याशित में बिजली बिल आता है। बिना मीटर रीडिंग के भी बिजली बिल आता है ।बिजली बिल भुगतान /जमा नहीं करने पर जबरन कनेक्शन काट दिया जाता है। उन्होंने कहा की अनियमित बिजली बिल से ग्रामीण काफी परेशान एवं तंग आ चुके हैं। उन्होंने इसका जल्द निराकरण करने का आग्रह किया गया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रवि महतो, दीपक महतो, लालू प्रसाद, प्रभु दयाल महतो, लालकेश्वर महतो, कुलदीप महतो, तुलेश्वर महतो, धीरन कुमार, अजय कुमार, संजय महतो, अभय कुमार, बिनोद महतो, लीलावती महतो, रूपा महतो, कैलाश कुमार, सचिन महतो, रुपेश महतो आदि शामिल थे।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन मनाएं दीपावली : सिंधु झा



**रामगढ़।** अयोध्या से आये पूजित अक्षत और भगवान श्रीराम जी की छवि पत्रिका के साथ रामभक्त देशवासियों को आमंत्रित करने का कार्य पूरे देश में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। उक्त बातें 17 जनवरी को विज्ञप्ति जारी कर प्राचार्य सह जिला प्रमुख मातृशक्ति सिंधु झा ने कही। उन्होंने कहा की राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के आह्वान पर राज्य के सभी जिलों में निमंत्रण देने का अभियान संपन्न हो गया और इस कार्य में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति,दुर्गा वाहिनी सहित अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता भाई और बहनों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। सिंधु झा ने राज्य सरकार से 22 जनवरी को एक दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग के साथ हिंदुओं की आस्था का ध्यान रखते हुए 21 एवं 22 जनवरी को मांस एवं मदिरा की बिक्री पर निषेध लगाने का मांग किया। उन्होंने कहा की झारखंड सहित रामगढ़ जिले में इस पुनीत कार्य में को संपन्न करवाने वालों में मुख्य रूप से विहिप के प्रांत सह मंत्री एवं झारखंड में अक्षत वितरण निमंत्रण अभियान के प्रांत प्रमुख मनोज पोद्दार, विहिप प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, सहमंत्री रंगनाथ महतो, प्रकाश रंजन, विभाग संयोजक प्रिंस अजमानी एवं रामगढ़ जिला मंत्री सह अक्षत वितरण निमंत्रण अभियान के जिला प्रमुख छोटू वर्मा आदि पदाधिकारियों का योगदान अहम रहा।

### निर्माणाधीन कृषक पाठशाला का उप विकास आयुक्त ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** नगर परिषद अंतर्गत कैथा में निर्माणाधीन कृषक पाठशाला के कार्य को ससमय पूरा करने हेतु उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में बुधवार को उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने स्थल निरीक्षण कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने समेकित बिरसा ग्राम योजना सह कृषक पाठशाला के निर्माण के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। कृषक पाठशाला के निर्माण के उपरांत रामगढ़ जिला अंतर्गत कृषि, पशुपालन, मत्स्य सहित अन्य संबद्ध विभागों के किसानों को बेहतर तरीके से मछली पालन, गाय पालन, बकरी पालन, फलों की खेती आदि करने को लेकर प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने निर्माण कार्यों से संबंधित प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने एवं कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लेने एवं ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

### विद्या भारती प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा की वर्षा रानी झारखंड में प्रथम



**रामगढ़।** सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा वर्षा रानी विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 'विद्या भारती प्रतिभा खोज' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने वर्षा रानी को सम्मानित कर बधाई दी और उनकर उज्वल भविष्य की कामना की। मालूम हो कि 'विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान' प्रत्येक वर्ष पूरे झारखंड के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा आयोजित करती है।

## खबरें बरकट्ठा की

### चामुदोहर में ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनायी सड़क



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम चामुदोहर के टोला ललकी माटी के ग्रामीणों ने श्रमदान करके गांव चामुदोहर के टोला ललकी माटी से इचाक बरकट्ठा मार्ग तक रोड का निर्माण किया जिसकी लंबाई 1700 फिट और चौड़ाई 12 फिट है। ग्रामीणों ने बताया कि पक्की सड़क से चामुदोहर गांव के इस टोला में जाने के लिए यहां कोई रास्ता नहीं था। यहां पर लोग आवागमन के लिए पगडंडियों के सहारे आते थे। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर लोग देश की आजादी से पहले से इस रोड की परेशानी से जूझ रहे थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब कोई व्यक्ति अचानक कभी बीमार पड़ जाता है तो उसे उपचार के लिए बड़ी गाडियां जैसे एंबुलेंस,कार जैसे बड़ी वाहन पहुंच नहीं पाती थी जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जब संस्था मानव विकास के कार्यकताओं ने इस टोला के बारे में सुना तो संस्था मानव विकास की पूरी टीम पहुंची और इस रोड की चौड़ीकरण कर समतलीकरण करने का प्रस्ताव रखा जिसके एवज में संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद ने सभी श्रमदान करने वाले को एक एक कीट उपहार के तौर पर देने को कहा था। रोड मरम्मती का कार्य पूर्ण होने पर गूंज के सहयोग से संस्था मानव विकास के द्वारा कीट का वितरण किया गया जिसमे गर्म कपड़ा,चप्पल,कंबल और अन्य सामग्री भी शामिल थे और ग्रामीणों ने इस कीट को प्राप्त कर बहुत ज्यादा खुश हुए। कीट वितरण के दौरान संस्था सचिव बीरबल प्रसाद एवम कार्यकर्ता रोबिन कुमार,राहुल कुमार,मरिया दास बासके, दुर्गा सिंह और अन्य ग्रामीण लोग भी शामिल थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुइयों में विधायक ने उन्नयन कार्य का किया शिलान्यास



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुईयो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में चाहरदीवारी एवं उन्नयन कार्य का विधायक अमित कुमार यादव ने शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद अंतगर्त एक करोड 16 लाख रुपए की लागत से एमएस राहुल ऋषि कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर उपप्रमुख सूरजी देवी, प्रधानाध्यापक हीरालाल राणा, उपमुखिया मंजु देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, भोला प्रसाद मौजूद थे. विधायक अमित यादव ने कहा की विद्यालय के उन्नयन हेतु विविध कार्य होने से गांव के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल विद्यालय में बन पाएगा। बच्चों को विद्यालय में उत्तम शिक्षा के साथ-साथ बेहतर सुविधा व संसाधन मिलेगी. विधायक ने कहा कि मैं जनहितैषी कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहूंगा, पूरे क्षेत्र में विकास का कार्य तेजी से हो रहा है. दिन प्रतिदिन बरकट्ठा विधानसभा नई ऊंचाइयों को छू रहा है. उन्होंने कार्य करा रहे संवेदक को कहा कि विकास योजना में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. चारदीवारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए तथा निर्माण कार्य समय से पूरा करें. इस अवसर पर एई सुरेन्द्र तिवारी,जेई अभिजीत कुमार, अभिकर्ता बालेश्वर महतो, शिक्षक फैयाजुल रहमान, रीतलाल प्रसाद, सीआरपी फलजीत राणा, उत्तीम महतो, राजेश प्रसाद, विजय प्रसाद, सहदेव यादव, धर्मेंद्र प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ केंद्रित जागरूकता शिविर

**गिरिडीह।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बुधवार को सर जेसी बॉस बालिका उच्च विद्यालय, गिरिडीह में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं प्रधानाध्यापक जेसी बॉस बालिका उच्च विद्यालय के उपस्थिति में लगभग 350 बालिकाओं का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बाल विवाह उन्मूलन, डायन प्रथा, बालिकाओं से संबंधित घटित होने वाली क्राइम एवं एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम सर जेसी बॉस बालिका उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं, जिला पोषण समन्वयक, गिरीडीह एवं क्षेत्रीय प्रबंधक समर उपस्थित हुए।

# कैटरिंग की आड़ में शराब का धंधा एसपी के आदेश पर कार्रवाई

**केटरिंग समानों से लोड पिकअप वैन को शराब के स्टॉक के साथ किया जब्त**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह पुलिस को अवैध शराब के कारोबार में एक के बाद दूसरी सफलता मिली है। बुधवार की सुबह जहां नगर थाना पुलिस ने केटरिंग समानों से लोड पिकअप वैन को शराब के स्टॉक के साथ जब्त किया।

दूसरी तरफ जिले के सरिया थाना पुलिस ने एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में सरिया के भगत सिंह चौक में छापेमारी कर गाय को खिलाने वाले भूसी लोड 407 गाड़ी से 84 पेटी शराब के स्टॉक को जब्त किया। जबकि 407 के चालक को भी दबोचने में पुलिस सफल रही। दोनों ही सफलता एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मिला।

इस दौरान एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ और सरिया थाना प्रभारी ने भगत सिंह चौक से गुजर रहे भूसी लोड गाड़ी को रोका गया और जब गाड़ी की जांच की गई, तो गाड़ी से 84 पेटी ब्रांडेड शराब के स्टॉक पड़े मिले। जो भूसी के भीतर पेटियों में दबे हुए थे। जब्त पेटियों में इंप्रियल ब्लू के शराब भरे थे। इस दौरान पूछताछ में चालक ने खुलासा किया है की उसे भूसी लोड गाड़ी को बिहार ले जाना था। और बिहार पहुंचने के बाद जानकारी दिया जाता की भूसी के भीतर दबे शराब के स्टॉक को कहा पहुंचाना था।

बहरहाल शराब के अवैध कारोबार में शामिल तस्कर नए नए फंडे अपनाकर शराब के अवैध कारोबार करने का प्रयास तो कर रहे है लेकिन पुलिस के गुप्तचर भी इन तस्करों के सिंडिकेट को आर्थिक चोट दिये जा रहे है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर गिरिडीह, बेंगाबाद, गांडेय में शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा माह 2024 मनाये जाने एवं प्रचार प्रसार अंतर्गत 17 जनवरी को सदर प्रखंड गिरिडीह, गांडेय एवं बेंगाबाद प्रखंड में सड़क सुरक्षा हेतु शपथ एवं जागरूकता का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देने के लिए जागरूकता रथ रवाना किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके बहुमूल्य जीवन के बचाव को लेकर यातायात के नियमों का पालन करने को कहा गया। साथ ही उन्हें यातायात के नियमों का पालन करने को लेकर शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित कई अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। गांडेय प्रखंड में संपन्न हुए कार्यक्रम में दीपेश कुमारी, मुखियागण सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## मृत बड़ी बहन को देखने आई छोटी बहन की भी हो गई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचायत तेतरिया सलैडीह गांव में मंगलवार की देर रात एक महिला चक्कर आने से गिर गई। परिजन उपचार के लिए सरिया ले जा रहे थे, तभी रास्ते में ही मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर बुधवार सुबह मृतक की बहन तेतरिया सलैडीह पहुंची। जहां शव देखकर रोने लगी। रोते हुए उसकी मौत भी मौके पर ही हो गई। मृतक की पहचान तेतरिया सलैडीह निवासी 70 वर्षीय बंधनी देवी तथा राजधनवार थाना क्षेत्र के मुरना निवासी 65 वर्षीय अम्बिया देवी के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए त्रिभुवन साव ने बताया कि बड़ी बहन की मौत की खबर सुनकर मुरना से आई छोटी बहन शव देखकर रोने लगी। दोनों शवों को अंतिम संस्कार के लिए परिजन तैयारी में जुट गये। जबकि दूसरे शव को मुरना ले जाया गया। इस दौरान मुखिया इस्लाम अंसारी, पूर्व पंसस बालेश्वर विश्वकर्मा, सुरेंद्र दास, गुली दास, प्रमोद दास, विनोद दास आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## युवा कांग्रेस का लोस स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित

गिरिडीह। गांडेय विधानसभा क्षेत्र के महेशमुंडा में गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो हसनैन अली के नेतृत्व में लोकसभा स्तरीय युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, गिरिडीह जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धनंजय सिंह आदि लोग उपस्थित हुए।

# भाकपा माले की प्रखंड कमेटी सदस्यों की मीटिंग में अभियान तेज करने का निर्णय लिया

### पार्टी महासचिव ने संबोधित कर संगठन मजबूती के साथ चुनाव में मजबूत दावेदारी का किया आह्वान




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
भाकपा के गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड कमिटी सदस्यों की एक संयुक्त जिला स्तरीय बैठक सरिया के राजशाही रिसोर्ट में संपन्न हुई। जिसकी अगुवाई पार्टी विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव सहित अन्य ने की। इस महत्वपूर्ण मीटिंग में स्वयं पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य तथा राज्य सचिव मनोज भक्त भी मौजूद थे।

पार्टी महासचिव ने अपने संबोधन में कहा कि, देश की जनता के सामने अभूतपूर्व संकट है। हर हाल में हमें जनता की अगुवाई कर उनके प्रमुख सवालों को मजबूती से उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जन संघर्ष के रास्ते संगठन को और भी मजबूत करते हुए कोडरमा सीट की दावेदारी कर रहे हैं।

बैठक में आगामी 22 जनवरी को मरकच्चो में शहीद संकल्प सभा, 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर जगह-जगह श्रद्धांजलि संकल्प कार्यक्रम, 24 जनवरी को कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर सामाजिक न्याय दिवस कार्यक्रम 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाते हुए अधिकाधिक जगहों पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करने तथा 30 जनवरी को महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर भी संकल्प कार्यक्रम आहूत करने का निर्णय लिया गया। इन सभी कार्यक्रमों में पार्टी कतारों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। साथ ही आज की मीटिंग के जरिए सभी सांगठनिक जिम्मेवारियों को पूरा करते हुए आगामी 17- 18 फरवरी को माले का गिरिडीह जिला सम्मेलन आहूत करने का भी आह्वान किया गया।

मौके पर पार्टी नेता राजेश यादव, सीताराम सिंह, राजेश सिन्हा, पूरन महतो, परमेश्वर महतो, अशोक पासवान, जयंती चौधरी, उस्मान अंसारी, पूनम महतो, मीना दास, पवन महतो, भोला मंडल, संदीप जायसवाल, किशोरी अग्रवाल, मनोवर हसन बंटी, असगर अली, रीतलाल वर्मा, रामकिशुन यादव, मुस्तकीम अंसारी, कुलदीप राय, मुन्ना मिस्त्री, नागेश्वर यादव, रामू बैठा, शेखर सुमन, गजेंद्र महतो, विजय पांडेय, अरुण विद्यार्थी, मनोज पांडे, विजय सिंह, लालमणि यादव, अशरेश तुरी सहित अन्य मौजूद थे।

# बोकारो में पिस्टल के साथ बिहार का युवक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**
सिटी थाना क्षेत्र के दुंदीबाग के पास पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से देशी लोडेड पिस्टल एवं एक अन्य मैगजीन में 7.65 का पांच कारतूस बरामद किया। सिटी थाना में सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि सिटी थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना पर रोहित कुमार सिंह निवासी मुकरेरा, थाना रिविलगंज, जिला छपरा, बिहार को गिरफ्तार किया गया। छपरा में भी उसके विरुद्ध लूट के दो मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

# पुरानी पेंशन बहाली बन सकता है मुद्दा

देश में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर सरकारी कर्मियों का धैर्य अब जवाब देता दिख रहा है। केंद्र सरकार को चेताने के लिए कर्मियों ने आठ जनवरी से 11 जनवरी तक 'रिले हंगर स्ट्राइक' की थी । नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा ने जंतर-मंतर पर सरकार को चेतावनी दी थी कि अब कोई धरना प्रदर्शन नहीं होगा। सरकार हमें, देशव्यापी हड़ताल करने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार 1974 की रेल हड़ताल जैसा माहौल न बनाए। मिश्रा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कह दिया, 1974 की हड़ताल के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का क्या हाल हुआ था। देश में आपातकाल लगा और उसके बाद कांग्रेस पार्टी को करारी हार मिली थी। अब जल्द ही सभी कर्मचारी संगठनों की बैठक बुलाई जाएगी। देश भर में होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल की तिथि तय होगी। हड़ताल की स्थिति में ट्रेनों व बसों का संचालन बंद हो जाएगा। केंद्र एवं राज्य सरकारों के दफ्तरों में कलम नहीं चलेगी।1974 में जॉर्ज फर्नांडीस की अगुआई में रेल हड़ताल हुई थी। उस वक्त कहा गया था कि सरकार अगर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करती, तो उस पर मुश्किल से दो सौ करोड़ रुपये खर्च होने थे, लेकिन सरकार को हड़ताल तोड़ने के लिए करीब दो हजार करोड़ रुपये खर्च करने पड़े थे। इसके बाद रेल कर्मियों में असंतोष फैल गया था। वह हड़ताल 8 मई 1974 को प्रारंभ होकर 27 मई 1974 तक चली थी। इस दौरान रेलवे में सारा कामकाज ठप हो गया था। हजारों लोगों को जेल जाना पड़ा था। अनेक लोगों को नौकरियों से हाथ धोना पड़ा था। शिवगोपाल मिश्रा का कहना था, हमने सरकार के समक्ष कई बार आग्रह किया है कि पुरानी पेंशन लागू की जाए। सरकारी कर्मियों को बिना गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म करने और परिभाषित एवं गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' की बहाली से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। इसके लिए समय-समय पर ज्ञापन सौंपे गए हैं। कैबिनेट सचिव के साथ बैठक में यह मुद्दा उठाया गया है। रामलीला मैदान में सरकारी कर्मियों की कई रैलियां हो चुकी हैं। इनमें केंद्र और राज्यों के लाखों सरकारी कर्मियों ने हिस्सा लिया था। इतना कुछ होने पर भी केंद्र सरकार ने कर्मियों की इस मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया।केंद्र सरकार, अड़ियल रवैया अख्तियार कर रही है। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा, केंद्र सरकार एनपीएस में संशोधन करने जा रही है। हम संशोधन के लिए आंदोलन नहीं कर रहे हैं। अगर कोई भी कर्मचारी नेता या संगठन, सरकार के संशोधन प्रस्ताव पर सहमत होते हैं तो '2004' वाली गलतियां, '2024' में भी दोहराई जाएंगी। एनपीएस एक डस्टबीन है। करोड़ों कर्मियों का दस फीसदी पैसा और सरकार का 14 फीसदी पैसा, डस्टबीन में जा रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है।

**नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) के संयोजक शिवगोपाल मिश्रा ने जंतर-मंतर पर सरकार को चेतावनी दी थी कि अब कोई धरना प्रदर्शन नहीं होगा। सरकार हमें, देशव्यापी हड़ताल करने के लिए मजबूर कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार 1974 की रेल हड़ताल जैसा माहौल न बनाए। मिश्रा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कह दिया, 1974 की हड़ताल के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का क्या हाल हुआ था। देश में आपातकाल लगा और उसके बाद कांग्रेस पार्टी को करारी हार मिली थी। अब जल्द ही सभी कर्मचारी संगठनों की बैठक बुलाई जाएगी।**

इन दिनों

# गठबंधनों की माया से मुक्त होकर चलेगी मायावती


ललित गर्ग




***बहुजन*** समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके न केवल विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया है बल्कि नये राजनीतिक समीकरण खड़े कर दिये हैं। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को इस घोषणा से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं भाजपा का चुनावी नफा-नुकसान इससे अवश्य प्रभावित होगा। यही कारण है तीनों दलों के रणनीतिकार अपने-अपने नजरिए से सियासी आंकलन करने में जुट गये हैं। मायावती अगर विपक्षी गठबंधन में शामिल होतीं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को फायदा हो सकता था, लेकिन अब यह फायदा भाजपा को मिल सकता है। हाल के दिनों में भाजपा की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाये जा रहे थे कि वे इंडिया गठबंधन के लिये कोई उजाला नहीं बनेगी। इस ताजे ऐलान की मुख्य वजह पहले ही दिखाई देने का एक बड़ा कारण मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना भी रहा है। आज जब सभी विपक्षी दल भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मिलकर एकजुट हुए हैं, उसमें बसपा जैसी बड़ी पार्टी का ना होना भी महत्वपूर्ण हो जाता है। निश्चित ही बसपा का हाथी इंडिया गठबंधन के सपनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया है। लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में शासन का अनुभव रखने वाली मायावती ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए स्वतंत्र चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती के अकेले चुनाव लड़ने से बसपा को लोकसभा में सीटों का कितना फायदा होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन अपने वोट बैंक के लिहाज से मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने ऐलान कर खिसकता हुआ जनाधार बढ़ाने का एक अचूक तीर चलाया है। उन्होंने अपने वोटरों को एक संदेश भी दिया है कि उनके वोट बैंक में कोई दूसरा हिस्सेदारी नहीं ले सकता है। जबकि समाजवादी पार्टी इस तरह का लाभ लेने के लिये तमाम तरह के दांवपेंच चलाती रही है। बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं। मायावती एवं अखिलेश यादव के बीच कुछ समय से खटास बढ़ने एवं अविश्वास की स्थितियां गहराती हुई दिख रही थी, यही कारण है मायावती ने सपा के मुखिया को रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट का लाभ उनको न होकर गठबंधन दल को हुआ। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में बसपा की मजबूत पकड़ का लाभ इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। लेकिन मायावती ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित, संरक्षित एवं वृद्धिंगत करने के लिये ही यह दूरगामी फैसला लिया है, जिसका लाभ बसपा को मिलेगा। मायावती का यह राजनीति फैसला जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझने और आचरण करने का भी सही कदम है और सफलता ऐसे ही सही कदमों के साथ चलती है। मायावती का यह दांव राजनीतिक तौर पर निश्चित ही दूसरों की बजाय खुद के लिये बेहद फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि बसपा का वोट बैंक उसी का है, उसमें कोई सेंधमार नहीं कर सकता। इसीलिये बसपा के लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ने से कई फायदे मिलते नजर आ रहे हैं। पहला फायदा तो यही है कि पार्टी अपने पूर्व अनुभवों के लिहाज से मानकर चल रही है कि उसका वोट प्रतिशत कम नहीं होगा। दूसरा और महत्वपूर्ण फायदा बसपा को यह है कि उनके वोट का फायदा या हिस्सेदारी कोई अन्य दल नहीं ले सकता है। इन स्थितियों में अगर वोट प्रतिशत कम नहीं होता है, तो निश्चित तौर पर उनकी सीटें भी कहीं कम नहीं होने वालीं। भाजपा की प्रचंड लहर में भी भले ही उनकी सीटें कम हों, लेकिन वोट प्रतिशत में कोई सेंधमारी नहीं हो सकी। इसलिए बरकरार वोट प्रतिशत के साथ अकेले सियासी मैदान में उतरना पार्टी के लिए फायदे का सौदा होगा। इन सभी गणनाओं के आधार पर अकेले चुनाव का रास्ता उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने एवं भविष्य के लिये बसपा को मजबूती देने वाला राजमार्ग बन सकता है। इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि मायावती ने अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद के लिए इस चुनाव में पहली बार खुले तौर पर बगैर किसी दबाव के रणनीति बनाने और उसे अमली जामा पहनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा सियासी खेल खेला है।

**बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी।**

## आपकी बात

### जब तक शिक्षक भूखा है ज्ञान का सागर सूखा है


डॉ. रंजू सैनी

शिक्षक अपने आप में ऐसा शब्द जो कभी भी पूर्ण नही होता , शिक्षक और शिक्षा निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है ,शिष्य और गुरु जबसे छात्र और शिक्षक बने तब से माता सरस्वती से ज्यादा लक्ष्मी का महत्व बढ़ गया बढ़ता भी क्यूं न, आखिर शिक्षक को भी घर और जिम्मेदारियां निभानी होती है, अब तो शिक्षक टीचर और छात्र स्टूडेंट हो गए और इनके शब्दों के अर्थ भी बदल कर अर्थ , धन का महत्व बढ़ने लगा । शिक्षक के नाम बदलते गए और जो उनका काम था उसका भी रुप बदलने लगे, बात स्कूलों को करे तो वहां प्राथमिक , माध्यमिक, उच्च शिक्षा में परमानेंट शिक्षक, पारा शिक्षक, सहायक शिक्षक आदि रख लिए गए जिनका काम तो समान है पर पैसे का भुगतान अलग होते हैं, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में अथिति शिक्षक, अनुबंध शिसक,आवश्यकता आधारित शिक्षक, परमानेंट शिक्षक आदि नाम के टीचर आ गए है जिनका काम तो एक ही है पर किसी को मानदेय मिलता है तो किन्ही को सैलरी मिलती जिसमे गैप बहुत अधिक होता है, इस असंतुष्टि का असर हर शिक्षक पर पड़ता ही है, एक कहावत है भूखे पेट भजन नही होता । पर हर हालत से लड़ कर सभी भजन तो करते है और अपने हर काम का दायित्व निभाते ही हैं। एक टीचर को अपने कैरियर का ग्राफ उपर लाने के लिए, ज्ञान प्राप्त के लिए भी पैसे की जरूरत होती है,सम्मानपूर्वक जीवन से लेकर मरण तक पैसे की जरूरत सबको होती है । सरकार को चाहिए कि एक शिक्षक को अच्छे पैसे न दे सके तो सम्मापूर्वक जी सके इतना तो कर सके। सबको स्थाई न कर सके पर उनके उच्च शिक्षा का मान सम्मान की तो इज्जत करें, उन्हें इस तरह के मानदेय दिए जाए कि उन्हें उच्च शिक्षा लेने पर खुद को कोसना न पड़े और सबको उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर सके। **(शिक्षक नेता रांची)**

### अलाव का प्रबंध नहीं होने से परेशानी

जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद भी किसी भी सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध नहीं किये जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेकर राहगीरों व यात्रियों को तो अत्यधिक पीड़ा उठानी पड़ रही है। जिले के एकमात्र नगर निगम मेदिनीनगर में भी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित किसी भी सार्वजनिक स्थल पर शासन स्तर पर अलाव नहीं जलवाया गया है।

**- आलोक कुमार मेदिनीनगर**

संगीत की दुनिया

# भारत के खिलाफ मालदीव के कंधे पर चीन ने रखी बंदूक


डॉ. अनिल कु. निगम

***चीन*** कुछ समय से भारत पर लगातार हमलावर है। चीन एलएसी का उल्लंघन निरंतर करता रहा है। लेकिन हर मोर्चे पर विफल रहने के बाद उसने भारत के खिलाफ अत्यक्ष युद्ध छेड़ दिया है। वह यह काम भारत के पड़ोसी देशों को अपनी कर्जजाल नीति में उलझाकर कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लक्ष्यद्वीप यात्रा के बाद जिस तरीके से मालदीव के तीन मंत्रियों- मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महजूम ने भारत के प्रधानमंत्री मोदी पर जुबानी हमला किया, वह मालदीव का हमला नहीं है बल्कि उसने यह काम साम्राज्यवादी चीन के इशारे पर किया है। ध्यातत्व है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू चीन के समर्थक हैं और वह अपने देश में भारत विरोधी राजनीति कर ही सत्ता में आए हैं। सितंबर 2023 में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के उम्मीदवार मोइज्जू वहां के राष्ट्रपति चुने गए थे। उनका चीन के साथ मजबूत संबंधों पर जोर है। मोइज्जू ने भारतीय सैनिकों को मालदीव से बाहर करने के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। इसलिए ऐसा माना जा रहा था कि वह राष्ट्रपति बनने के बाद चीन के इशारे पर काम करेंगे। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि मालदीव के मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत के खिलाफ जहर क्यों उगला? इसके पीछे निहितार्थ क्या थे? इसके पीछे चीन क्यों है? वास्तविकता तो यह है कि चीन केवल मालदीव को ही नहीं, बल्कि भारत के पड़ोसी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका सहित सार्क देशों में तेजी से अपनी पैठ बना रहा है। इसके लिए वह इन देशों को अपनी कर्ज जाल नीति और विस्तारवादी नीति के तहत अपने चंगुल में फंसा रहा है। चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है। नेपाल में ड्रैगन कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुका है। नेपाल में चीन एयरपोर्ट, रोड, कॉलेज, शॉपिंग मॉल तक बना रहा है और रेलवे लाइन बिछा रहा है। नेपाल भारत के लिए बहुत प्रासंगिक है लेकिन ओली सरकार ने भारत के साथ अत्यंत पुराने रिश्तों को बिगाड़ दिया था। हालांकि मौजूदा प्रधानमंत्री प्रचंड ने रिश्तों को सुधारने की अच्छी कोशिश की है।

**चीन ने नेपाल में 1.34 अरब डॉलर का निवेश किया है। नेपाल में ड्रैगन कई प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर चुका है। नेपाल में चीन एयरपोर्ट, रोड, कॉलेज, शॉपिंग मॉल तक बना रहा है और रेलवे लाइन बिछा रहा है।**


बोधि वृक्ष


## कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

इस पर्वत को लेकर अनेक कथाए प्रचलित है। जिनके मान्यता है कि कैलाश पर्वत पर भगवान शिव का वास है। पर इसके कोई वैज्ञानिक तर्क नहीं है। कैलाश पर्वत की ऊंचाई 6638 मीटर है। वही माउन्ट एवरेस्ट की लम्बाई कैलाश की तुलना में लगभग 2 किमी अधिक है। और आज तक माउन्ट एवरेस्ट जो कि दुनिया की सबसे ऊँची छोटी है। एवरेस्ट पर आज तक लगभग 7 हजार से अधिक लोग सफल चढ़ाई कर चुके है। पर एवरेस्ट से 2000 मीटर छोटे कैलाश पर अभी तक कोई नहीं पंहुचा है। ये एक अद्भुत रहस्य है। इस पर्वत में 100 से अधिक छोटे परमिंड है। जिनके जुड़ने से इस पर्वत का निर्माण हुआ है। इस पर्वत के चारो और शिल्पकला से जानवरों के मुंह की आकृति बनाई गई है। चारो तरह अलग-अलग जानवरों की आकृति है। और इन प्रतिमाओ से चार नदिया निकलती है। जो इस पर्वत को चार भागो में बांटती है। मानसरोवर तथा राक्षस झील कैलाश पर्वत पर स्थित है। कैलाश पर्वत अनेक नदियों का उद्गम स्थल भी है। जिसमे-ब्रह्मपुत्र, सिन्धु, सतलुज तथा घाघर प्रमुख है। कैलाश पर्वत को हिन्दू, बौद्ध तथा जैन धर्मो में इसे पवित्र स्थान माना गया है। दुनिया की सबसे ऊँची मीठे पानी की झील मानसरोवर झील इस पर्वत पर है। माना जाता है कि सुबह ब्रह्म महूर्त के समय इस झील में भगवान स्वय स्नान करने के लिए आते है तथा इसमे एक बार स्नान कर लेने वाले व्यक्ति का मोक्ष प्राप्त हो जाता है। मानसरोवर झील में कल्पवृक्ष है। जो हर मनोकामना पूरी करता है। इस वृक्ष के फल के सेवन से जीवन सफल बन जाता है पर इस वृक्ष तक एक पवित्र आत्मा वाला इंशान ही पहुँच सकता है। मानसरोवर के विपरीत दिशा में राक्षस झील है। मान्यता है कि इस झील का निर्माण राक्षसों के राजा रावण ने किया था। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# अवध में श्रीराम बिराजें- 11

## ।।।। सरल जीवन में उत्कृष्टता का स्पंदन ।।।।


डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***महर्षि*** रमण के अंतिम क्षण में उनके शिष्यों ने पूछा कि अब देह छूट रही है। आप कहां जायेंगे ? महर्षि ने कहा कि कहां जाऊंगा । जाने को कहीं कोई जगह नहीं है। जो हूं वही रहूंगा और जहां हूं वहीं रहूंगा।एक ही अस्तित्व है और दूसरा कोई अस्तित्व नहीं है। दिक्कत है कि हम होश में नहीं है, हम जटिल बने हुए हैं। रामकथा में वर्णन है कि चित्रकूट में भरत पहुंच गये है। वहां यह तय होता है कि भरत और शत्रुघ्न वन में रहेंगे और प्रभु श्रीराम सहित माता जानकी एवं लक्ष्मण को अयोध्या आना है। इस योजना के बारे में बताने गुरु वशिष्ट और भरतजी वन में श्रीराम के पास जाते हैं। वहां राम पूरी विनम्रता से कहते है कि जो कहां जायेगा, उसे वह स्वीकार कर लेंगे। इसी प्रकार जब सुमंत वन में दशरथ की आज्ञा सुनाते है कि उन्होंने वन घूमाकर वापस लाने को कहा है, तब राम विनीत भाव से कहते है- हे तात सुमंत ! मैं आपसे ज्यादा क्या कहूं ? आप बड़े हैं। मैं आपको प्रत्युत्तर देने में भी पाप का भागी होता हूं। सत्य के समान कोई धर्म नहीं है। बात सरलता की है। यदि सरल है तो पक्षियों की चहचहाहट को सुनना ध्यान हो सकता है। अपनी भीतर की आवाजों में लीन होना समाधि बन सकता है। हम सोये हुए हैं, और जीवन में नृत्य चल रहा है। हम बस खोजते रहते हैं, हमें पता नहीं है। जबकि मन, भाव और शरीर इसी प्रकृति का अंग है जो एक ही प्रवाह की लहर से प्रवाहित हो रही है। सरल बने रहना बहुत मुश्किल है। सरलता और जटिलता के दोलक के बीच मनुष्य झूलता रहता है। लेकिन राम तब भी संतुलन का परिचय देते है, जब माता कैकेयी दो वरदान के बारे में बताती है। राम कहते है कि इससे कोई हमारी हानि नहीं होगा। भरत राजा बने, यह अच्छी बात है। वन में विशेष रूप से मुनियों से मेरा मिलन होगा। जिससे मेरा सभी प्रकार का कल्याण है। यह विनम्रता की चरम अभिव्यक्ति है। जीवन में जो भी व्यक्ति अपने मन को दर्पण की भांति निर्मल बना लेता है, तो उसमें प्रभु का रूप प्रतिबिंबित होने लगता सरल व्यक्ति अगर एक वृक्ष के पास भी खड़ा होगा तो उसमें परमात्मा के सौंदर्य को अनुभव करेगा। वह पक्षी की गीतों में उस निराकार के स्वर का रसास्वादन करेगा। खिलते फूल में परमात्म के सुवास का बोध करेगा। राम ही निषाद को भरत का स्थान दे सकते हैं।

**रामकथा में वर्णन है कि चित्रकूट में भरत पहुंच गये है। वहां यह तय होता है कि भरत और शत्रुघ्न वन में रहेंगे और प्रभु श्रीराम सहित माता जानकी एवं लक्ष्मण को अयोध्या आना है।**


## टेक वर्ल्ड

### 5 जी इस्तेमाल के आधार पर भारत टॉप 3 देशों में शामिल

बेंगलुरू में नोकिया की 6जी रिसर्च लैब के उद्घाटन के दौरान नोकिया के अध्यक्ष और सीईओ पेक्का लुंडमार्क में भारत में 5जी कनेक्टिविटी नेटवर्क के डेप्लॉयमेंट के बारे में बात की। उनके अनुसार, भारत वर्तमान में सबसे बड़े 5जी उपयोगकर्ता में से एक है और ये सबसे बड़े 5जी स्थापित बेस वाले टॉप 3 देशों में आता है। बता दें कि, ये उपलब्धि भारत में 5जी तकनीक के विकास और उसे लागू करने की अहम प्रगति को दिखाती है। वहीं लुंडमार्क के मुताबिक, ये दूरसंचार के बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने के लिए देश की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भारत में 5जी रोल आउट वास्तव में उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि ये अब तक के सबसे तेज टेलीकॉम नेटवर्क रोल आउट में से एक रहा है और भारत के पास बड़ा 5जी बेस है। उनके मुताबिक, भारत में 5जी डाउनलोड स्पीड कई अन्य उन्नत बाजारों में पाई जाने वाली स्पीड के आगे है। प्रमुख देशों में टेलीकॉम गियर शिपमेंट में गिरावट के बावजूद भारत का 5जी रोल आउट एरिक्सन और नोकिया के कारोबार में गिरावट की भरपाई करने में सक्षम है। नोकिया ने 2023 की जून तिमाही में भारत में टेलीकॉम उपकरणों की ब्रिकी से 333 प्रतिशत की बढ़त के साथ लगभग 9,500 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। खट फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस जियो और एयरटेल अपने नेटवर्क को मजबूत करने के लिए चालू वित्त वर्ष में लगभग 75 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में जियो लगभग 42 हजार करोड़ रुपये और भारतीय एयरटेल लगभग 33 सौ करोड़ रुपये का निवेश कर सकती है। **(क्रमशः)**




स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



त्रिशूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रसिद्ध गुरुवयूर मंदिर में प्रार्थना करते हुए।



त्रिशूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में 'मलयालम रामायण' की प्रस्तुति से भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के बाद कलाकारों से उन्होंने बात की और उनकी प्रस्तुति की प्रशंसा की।

## एक नजर

### असम में भूकंप के हल्के झटके

**गुवाहाटी।** असम में बुधवार को रिक्टर पैमाने पर 3.5 तीव्रता का हल्का भूकंप आया। नेशनल सेंटर ऑफ सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र दरांग जिले में 20 किमी की गहराई पर था। केंद्र ने कहा कि भूकंप सुबह 7.54 बजे आया। किसी के घायल होने या किसी नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है।

### शराब ठेके में लगी आग, सो रहे सेल्समैन की जलकर हुई मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में एक शराब के ठेके में आग लग गई। जिसके चलते ठेके के अंदर सो रहे सेल्समैन की जलकर मौत हो गई है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया और अंदर अचेत अवस्था में पड़े सेल्समैन को अस्पताल पहुंचाया। अस्पतला में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना में बताया जा रहा है कि लाखों की शराब जलकर राख हो गई। फायर डिपार्टमेंट ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सीएफओ गाजियाबाद से मिली जानकारी के मुताबिक, साहिबाबाद क्षेत्र के राजीव कॉलोनी मोहननगर में सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर शराब ठेके में आग लगने की सूचना मिली।

### महाराष्ट्र स्पीकर के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 22 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस फैसले के खिलाफ शिवसेना-यूबीटी नेता सुनील प्रभु की याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है, जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही ₹असली₹ शिवसेना है। चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले को इस शुक्रवार के बजाय अगले सप्ताह सोमवार को सूचीबद्ध करने के लिए उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के अनुरोध को मान लिया। इस मामले को सुनवाई के लिए पहले 19 फरवरी को तत्काल सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया था। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट ने 15 जनवरी को शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर नार्वेकर के फैसले पर सवाल उठाया था, जिसमें कहा गया था कि सीएम शिंदे के नेतृत्व वाला समूह ही असली ₹शिवसेना₹ है। इसके पास विधायिका में बहुमत है।

# मणिशंकर अय्यर की बेटी के संस्थान पर हुई कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत सरकार ने कानूनों के उल्लंघन ने संस्थान सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च थिंक टैंक का एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिया है। गृह मंत्रालय ने बुधवार को यह कार्रवाई की है। एफीसीआरए लाइसेंस के निलंबन का मतलब है कि अब सीपीआर संस्थान विदेशों से फंड प्राप्त नहीं कर सकता है। बता दें कि विदेशओं से धन प्राप्त करने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों के लिये एफसीआरए पंजीकरण जरूरी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जानकारी दी कि कथित तौर पर विदेशी फंडिंग के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का विदेशी अंशदान विनियमन



अधिनियम लाइसेंस रद्द कर दिया गया है। बता दें कि कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर इस थिंक टैंक की अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी हैं। क्या है सीपीआर का काम? सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च दिल्ली स्थित एक थिंक टैंक है जो 21वीं सदी की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी से जुड़े मुद्दों पर रिसर्च करता है। सीपीआर विभिन्न घरेलू और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अनुदान प्राप्त करता है।

### कांग्रेस आम लोगों के सुझावों से तैयार करेगी घोषणा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कहना है कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी अपना घोषणा पत्र आम लोगों की राय से तैयार करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी चिदंबरम ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जनता का घोषणापत्र बनने जा रहा है। हम आम लोगों की राय लेकर घोषणापत्र तैयार करेंगे। देश का कोई भी नागरिक हमें ईमेल और वेबसाइट के माध्यम से सुझाव दे सकता है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि 'आवाज भारत की'-एक पहल है कि लोगों के सुझावों के आधार पर कांग्रेस का घोषणा पत्र तैयार किया जा सके।

# बिहार में घर में घुसकर मां-बेटी की हत्या, शव जलाने का प्रयास

**एजेंसी। बेतिया**

बिहार के पश्चिम चंपारण में स्थित बगहा में बुधवार को पुलिस ने एक घर से दो महिलाओं के शव बरामद किए।

बताया जाता है कि अपराधियों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से वार कर मां और बेटी की हत्या कर दी। आशंका जताई गई है कि शवों को जलाने की भी कोशिश की गई है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार को स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पटखौली ओपी क्षेत्र के कुम्हार बगीचा टोला वार्ड नं-3 में एक मकान से मां और बेटी का शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान शोभा तिवारी (40) एवं उनकी विवाहिता पुत्री खुशबू कुमारी के रूप में की गई है। पुलिस का कहना है कि शव जले हुए हालत में मिले है एवं शव के आस-पास खून का छींटा भी मिला है। मृतक के परिजनों को आशंका है कि हत्या करके शव को जलाया गया है। बगहा के पुलिस अधीक्षक किरण कुमार जाधव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर अनुसंधान कर रही है।

मुजफ्फरपुर से एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है, अनुसंधान जारी है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए श्वान दस्ते की भी मदद ली जा रही है। कुछ तथ्य प्रकाश में आए हैं, इस पर अनुसंधान किया जा रहा है, निकट भविष्य में कांड का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

### भाजपा ने दिग्गजों को सौंपी जिम्मेदारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में राज्य के दिग्गजों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। इन दिग्गजों को तीन से पांच लोकसभा क्षेत्र का जिम्मा सौंपा गया है और उनकी जिम्मेदारी है कि वह संबंधित इलाके के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बीते रोज नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में क्लस्टर प्रभारी की बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे और उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा की। इस चर्चा के बाद राज्य के लोकसभा क्षेत्र का क्लस्टर बनाया गया और इनका प्रभारी दिग्गज नेताओं को बनाया गया है। पार्टी ने राज्य को सात क्लस्टर में बांटा गया है और उनका प्रभारी नियुक्त किया है। ग्वालियर चंबल क्लस्टर का प्रभारी पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा को बनाया गया है।

# 22 को तृणमूल की रैली स्थगित कराने हाईकोर्ट पहुंची भाजपा

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) सुवेंदु अधिकारी ने 22 जनवरी को होने वाली तृणमूल कांग्रेस की रैली को स्थगित करने की मांग करते हुए बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अधिकारी ने अपनी याचिका में अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य भर में सशस्त्र बलों के जवानों की तैनाती के लिए हाई कोर्ट के हस्तक्षेप की भी मांग की। विपक्ष के नेता ने तर्क दिया कि पश्चिम बंगाल में विभिन्न धार्मिक त्योहारों के दौरान हिंसा की घटनाएं हुई हैं और इसे ध्यान में रखते हुए ऐसी सावधानियां



आवश्यक हैं। न्यायमूर्ति हरीश टंडन की अगुवाई वाली खंडपीठ ने अधिकार की याचिका स्वीकार कर ली है और गुरुवार को सुनवाई होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी धर्मों के बीच एकता का संदेश फैलाने के उद्देश्य से 22 जनवरी को कोलकाता में सद्भाव रैली की घोषणा मंगलवार को की थी। उन्होंने कहा था, सद्भावना रैली किसी अन्य आयोजन का प्रतिकार नहीं है। साधु-संतों के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। मैं हमेशा उनकी बात सुनती हूं। हम सभी धर्मों की एकता का संदेश फैलाने के लिए रैली का आयोजन कर रहे हैं, क्योंकि अगले दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई ने 4 किलो सोना जब्त किया

**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 2 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का 4 किलोग्राम सोना जब्त किया है। इस संबंध में डीआरआई की टीम ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई सूत्रों के अनुसार मंगलवार को मुंबई एयरपोर्ट पर डीआरआई की टीम निगरानी कर रही थी। इसी दौरान जेद्दा से आए दो संदिग्ध लग रहे यात्रियों के सामान की जांच की गई। जांच के दौरान दोनों यात्रियों के इनरवीयर में मोम के रूप में दो किलोग्राम सोने का चूरा मिला।

जो दोनों यात्रियों के इनरवियर में विशेष रूप से सिला हुआ था, जिसे डीआरआई की टीम ने जब्त कर लिया। इसके बाद दोनों के सामान की तलाशी के दौरान 3 मिक्सर ग्राइंडर में छिपाकर लाए गए 2 किलोग्राम सोने के टुकड़े मिले, जिसे जब्त कर लिया गया।

# लादेन की तरह मैसेज भेज रहा शाहजहां, नहीं ढूंढ पा रही पुलिस

**एजेंसी। कोलकाता**

ईडी ने संदेशखाली हमला के मामले में तृणमूल नेता शेख शाहजहां की तुलना ओसामा बिन लादेन से की है। ईडी के वकील ने बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में कहा कि शाहजहां ओसामा बिन लादेन की तरह वॉयस मैसेज भेज रहा है। उसके बाद भी पुलिस उसे ढूंढ नहीं पा रही है? इसके जवाब में राज्य सरकार के वकील ने कहा कि शाहजहां के घर के सामने लगे 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इस पर जज ने पूछा कि अब तक उसकी गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई? तब राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि वह फरार है और उसकी तलाश जारी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को संदेशखाली मामले की सुनवाई



करते हुए सीबीआई और राज्य को दोपहर दो बजे तक एक-एक एसपी रैंक के अधिकारी के नाम अदालत में सौंपने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट शाम चार बजे फैसला सुनाएगा। केंद्र के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू और वकील धीरज त्रिवेदी ने संदेशखाली मामले में ईडी की ओर से दलील दी है। राज्य का प्रतिनिधित्व महाधिवक्ता (एजी) किशोर दत्ता और अधिवक्ता अमितेश बनर्जी ने किया।

### अहमदाबाद में निर्माण स्थल के पास पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के भदाज इलाके में एक निर्माण स्थल के पास पांच साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना का पता तब चला जब बच्ची खून से लथपथ और परेशान होकर अपने घर लौटी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और घटनास्थल पर मजदूरों से पूछताछ कर रही है। अपराधी की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने आश्वासन दिया है कि अपराधी को पकड़ने और पीड़ित बच्ची और उसके परिवार को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। बच्ची के माता-पिता की एक साल पहले मौत हो गई थी।

# मप्र भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित मगर नियुक्तियां नहीं : दिग्विजय

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर कहा है कि विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा के नतीजे घोषित हो चुके हैं, उनके पात्र परीक्षार्थियों की नियुक्ति की जाए। दरअसल, कई परीक्षाओं में भ्रष्टाचार के मामले सामने आए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने पत्र में कहा है कि जिन विभागों में भर्ती की परीक्षा आयोजित की जा चुकी है और परिणाम घोषित होने के बाद गंभीर भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के कारण नियुक्तियां नहीं की गई हैं, उन मामलों में हुए भ्रष्टाचार की शीघ्र जांच पूरी करके पात्र युवाओं को शीघ्र नियुक्तियां दी जाये। अपने पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा है मध्य प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों में ग्रुप एक, दो, चार और पांच के पदों के साथ-साथ पटवारी, वनरक्षक, शिक्षक वर्ग - एक, पुलिस कॉन्स्टेबल तथा कृषि विभाग के अंतर्गत एटीएमए के कुल 37,790 पदों पर भर्ती के लिए मार्च 2023 से अगस्त 2023 तक परीक्षाएं आयोजित की गई थी। उक्त परीक्षाओं में से ग्रुप-दो और पटवारी परीक्षा के कुल 9,073 पदों के परिणाम के अलावा किसी भी परीक्षा का अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया गया है। जिन 9,073 पदों का परिणाम घोषित किया गया है, उन पर भी अभी तक गंभीर भ्रष्टाचार के मामले उजागर होने के कारण नियुक्तियां नहीं की गई हैं।

# भाजपा की जीत में केरल की भी होगी भूमिका : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री ने बुधवार को केरल में पार्टी के कार्यक्रम में कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा की आगामी आम चुनावों में जीत में केरल की भी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि हमारा पहला संकल्प होना चाहिए हम अपना बूथ जीतेंगे और अगर हम एक बूथ जीत सकते हैं, तो हम केरल जीत सकते हैं। प्रधानमंत्री ने केरल के कोच्चि में पार्टी के शक्ति केंद्र प्रभारी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस, सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर जमकर निशाना साधा। कहा, केरल में एलडीएफ और यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि हमें मतदाताओं को बताना होगा कि 10 साल पहले देश में एक कमजोर सरकार थी। तब आए दिन आतंकी



**एलडीएफ और यूडीएफ का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार का पर्याय : नरेन्द्र मोदी**

हमले होते थे। आज पूरी दुनिया भारत को विश्व मित्र के रूप में देख रही है और भारत और भारतीयों का गौरव नई ऊंचाइयों को छू रहा है। खाड़ी देशों में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए अपना बूथ जीतने के लिए हर घर संपर्क करने और पहली बार मतदान करने वाले युवा वोटरों पर विशेष फोकस करने की सलाह दी।

**नमन** सीएम योगी बोले, दिव्य महापुरुष थे गुरु गोविंद सिंह

# खालसा पंथ बना मुगलों के पतन का कारण

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाइयां दी। डीएवी डिग्री कॉलेज में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि गुरु गोविंद सिंह एक दिव्य महापुरुष थे, जिनका इस धराधाम पर निश्चित प्रायोजन से आगमन हुआ था। खालसा पंथ की स्थापना ही मुगल साम्राज्य के पतन का कारण बना। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज दशमेश गुरु महाराज के प्रकाशोत्सव के साथ जुड़कर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए एक नई प्रेरणा प्राप्त कर रहा है। गुरु गोविंद सिंह महाराज एक शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने सत्य




और न्याय की स्थापना के लिए शहादत की जो श्रृंखला उस कालखंड में शुरू की थी, उस परंपरा को गुरु गोविंद सिंह महाराज ने भी आगे बढ़ाया। उनके चारों पुत्र साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह धर्म और देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं। उस वक्त गुरु गोविंद सिंह जी महाराज ने हमारे सामने जो उदाहरण प्रस्तुत किया, वो आज भी हम सबके लिए प्रेरक हैं। मुख्यमंत्री ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि इतिहास में बहुत कम देखने को मिलता है कि कई पीढ़ियां देश और धर्म की रक्षा के लिए खुद को बलिदान कर दें। ये हमारा सौभाग्य है कि लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंध समिति द्वारा साहिबजादों के बलिदान और उनकी स्मृति में वीर बाल दिवस की मांग 2018-19 में उठाई गई और पहली बार मुख्यमंत्री आवास में महान कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसके बाद 2022 से वीर बाल दिवस का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन शुरू हो गया है। आज भारत के कोटि-कोटि नौजवानों के लिए गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादे प्रेरणा बन चुके हैं। मात्र सात साल और नौ साल की उम्र में भी देश और धर्म के प्रति संकल्प से साहिबजादे टस से मस नहीं हुए। कल्पना कीजिए कितनी मजबूत नींव है सिख पंथ की। उन्होंने कहा कि सिख जहां भी रहता है, वहां अपने परिश्रम, पुरुषार्थ और सेवाकार्य के लिए जाना जाता है। देश और धर्म के लिए मर मिटने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

## हर खबर पर...कैमरे की नजर

### सुपरस्टार सुरेश गोपी की बेटी की शादी में पीएम



त्रिशूर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवयूर मंदिर में अभिनेता से नेता बने सुरेश गोपी की बेटी के विवाह समारोह में भाग लिया और नवदंपती को आशीर्वाद दिया।



मोकोकचुंग। बुधवार को नागालैंड के मोकोकचुंग जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान पारंपरिक वस्त्र में समर्थकों के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी।



पटना । बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को पटना में गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर तख्त श्री हरिमंदिर सिंह जी पटना साहिब गुरुद्वारे में प्रार्थना करते हुए।



नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को नई दिल्ली में गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में प्रार्थना करते हुए।



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी पत्नी सुनीता के साथ नई दिल्ली के रोहिणी में 'सुंदर कांड' पाठ में शामिल हुए।

### गया पहुंचने पर लव-कुश रथ का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



**गया (बिहार)।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के द्वारा बिहार के मतदाताओं से रूबरू होने के लिए लव कुश रथ के माध्यम से संपर्क करने के क्रम में गया जी में आगमन हुआ। रथ का स्वागत गया शहर विधायक डॉक्टर प्रेम कुमार बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के मंत्री अमित दांगी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं कार्यकताओं के द्वारा स्वागत किया गया .इस रथ को स्वागत करते हुए अमित दांगी ने कहा बिहार में परिवर्तन की लहर चल रहा है .जिसका परिणाम है कि रथ का स्वागत जगह-जगह पर भारी संख्या में लोग कर रहे हैं. बिहार की जनता 2024 और 2025 मे इंडिया गठबंधन को जीरो पर आउट कर भाजपा की सरकार बनाएगी. रथ के स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव रंजन कुमार सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता सरजू ठाकुर सहित जिला के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आईसीसी की ओर से नियुक्त पहली महिला अंपायर बनी सू रेडफर्न




**एजेंसी। दुबई**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी आईसीसी महिला चैम्पियनशिप और टी20ई मुकाबलों के लिए सू रेडफर्न को अंपायर नियुक्त किया है। इसी के साथ रेडफर्न द्विपक्षीय श्रृंखला में आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन जाएंगी।

रेडफर्न की नियुक्ति आईसीसी के सभी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के साथ-साथ उनके साथ निर्धारित किसी भी टी20ई मैचों के लिए एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद हुई है, जिससे महिला अंपायरों के दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखते हुए मैचों के संचालन में कुछ तटस्थता सुनिश्चित की जा सके। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान इसे एक बड़े विकास के रूप में देखते हैं क्योंकि महिला अंपायरों के लिए अधिक अवसर खुलेंगे।

वसीम खान ने कहा यह महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम महिला मैच अधिकारियों के मार्ग कार्यक्रम को लागू करने और अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वालों के लिए स्थानापन्न अवसरों में तेजी लाने पर विचार कर रहे हैं। निष्पक्ष नियुक्तियों से महिला अंपायरों को विभिन्न परिस्थितियों में अधिक अनुभव मिलेगा और उनके साथ अंपायरिंग करने वाली स्थानीय महिला अंपायरों के सीखने और विकास में सहायता मिलेगी। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में हमारे पास पहला पूर्ण महिला मैच अधिकारियों का पैनल था और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम विकास और उच्च गुणवत्ता वाले अवसरों के संयोजन के माध्यम से उस गति को बनाये रखें। अपनी नियुक्ति को लेकर रेडफर्न ने कहा आईसीसी द्वारा अपनी पहली आधिकारिक महिला तटस्थ अंपायर के रूप में नामित किया जाना सम्मान की बात है और मैं ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी श्रृंखला को लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह महिला क्रिकेट और महिला क्रिकेट अधिकारियों दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है, जिन्होंने कड़ी मेहनत की है और हाल के वर्षों में विकास के अवसर भी मिले हैं।

रेडफर्न जिन्होंने 1995 से 1999 के बीच इंग्लैंड के लिए छह टेस्ट और 15 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें भारत में 1997 विश्व कप में चार शामिल थे, 2016 से अंपायरों के आईसीसी विकास पैनल में हैं। उन्होंने दो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप (2017 और 2022) और तीन आईसीसी महिला टी20 विश्व कप (2018, 2022 और 2024) में अंपायरिंग की है।

### ऑस्ट्रेलिया और द अफ्रीका के मैच जिसमें रेडफर्न अंपायरिंग करेंगी

**द्विपक्षीय टी-20आई श्रृंखला**

| | |
|---|---|
| पहला मैच | मनुका ओवल, कैनबरा, 27 जनवरी |
| दूसरा मैच | मनुका ओवल, कैनबरा, 28 जनवरी |
| तीसरा मैच | बेलेरिव ओवल, होबार्ट, 30 जनवरी |

**आईसीसी महिला चैंपियनशिप**

| | |
|---|---|
| पहला वनडे | एडिलेड ओवल, एडिलेड, 3 फरवरी |
| दूसरा वनडे | नॉर्थ सिडनी ओवल, सिडनी, 7 फरवरी |
| तीसरा वनडे | नॉर्थ सिडनी ओवल, सिडनी, 10 फरवरी |

## अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में खेले गये चार मैच



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की मेजबानी में बुधवार को हुए 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 के अंतर्गत अंडर-14 बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल चार मैच खेले गए। प्रतियोगिता का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम के अलावा मोरहाबादी के मंदिर मैदान और फुटबॉल स्टेडियम में हुआ।

पहला मैच तेलंगाना बनाम विद्याभारती के बीच संपन्न हुआ, जिसमें विद्याभारती की टीम ने तेलंगाना को 1-0 से पराजित किया। दूसरा मैच छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु की बालिका टीम के बीच हुआ। इसमें तमिलनाडु की बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ की टीम को 5-0 से पराजित किया। तीसरा मैच महाराष्ट्र बनाम विद्याभारती के बीच हुआ। इस मैच में महाराष्ट्र की टीम ने विद्याभारती की टीम को 8-0 के बड़े अंतर से पराजित किया।

केरल और छत्तीसगढ़ के बीच हुए मुकाबले में केरल ने दो गोल कर जीत अपने नाम की जबकि एक गोल कर छत्तीसगढ़ रनरअप रहा। आज का अंतिम मैच महाराष्ट्र और आंध्रा प्रदेश के बीच हुआ। इस मैच में महाराष्ट्र की टीम ने आंध्रा प्रदेश को 3-0 से पराजित किया।

# खेल मंत्री ने राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**एजेंसी। रांची**

राज्य के खेल मंत्री हफीजुल हसन ने बुधवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता (एसजीएफआई) का उद्घाटन किया। उन्होंने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता को झारखंड के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि फुटबॉल, कबड्डी, वुशु, स्केटिंग सहित पांच खेलों की मेजबानी झारखंड कर रहा है। अभी झारखंड में ओलंपिक क्वालिफायर भी चल रहा है। यहां लगातार कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विशेष पहल और रुचि है। पहले यहां के स्कूलों में खेल प्रतियोगिता होती थी। खेल उपकरणों के लिए मदद मिलती थी जो किसी कारण से बंद हो गयी थी। अब फिर से स्कूलों में भी खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्कूलों को 5000-8500 रुपये तक खेल उपकरणों की खरीद के लिए मिल रहे हैं। अब एसजीएफआई के आयोजन के जरिये यहां के भी बच्चे अपनी प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर दिखलाएंगे। खेल निदेशक सुशांत गौरव ने एसजीएफआई को एक भारत, श्रेष्ठ भारत का समन्वय बताया। उन्होंने कहा कि 19 फरवरी तक चलने वाली इस खेल प्रतियोगिता के जरिये यहां सब एक दूसरे की संस्कृति, विरासत से भी परिचित होंगे। स्कूली लेवल पर खेल रहे बच्चों के लिए एसजीएफआई एक बड़ा महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। सब यहां खेल भावना के साथ खेलें। एसजीएफआई के खेल इवेंट्स शुरू किए जाने से पूर्व भारतीय लोक कल्याण संस्थान, रांची के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अलग-अलग राज्यों की टीमों ने मार्च पास्ट किया। रंगीन गुब्बारे छोड़े गए। इस मौके पर खेल निदेशक सुशांत गौरव, माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार, झारखंड शिक्षा परियोजना की परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, जेईपीसी के प्रशासनिक पदाधिकारी जयंत मिश्रा, आयोजन सचिव धीरसेन ए सोरेंग, झारखंड ओलंपिक संघ के शिवेंद्र दुबे, झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, सहित अन्य भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि रांची में पहली बार आयोजित एसजीएफआई में देशभर के स्कूलों की चयनित टीम भाग ले रही है। लड़कों की 31 और लड़कियों की 25 टीमें है।

### प्रतियोगिता का होना झारखंड के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि : हफीजुल हसन



## इंग्लैंड को उम्मीद है कि आर्चर जून में टी20 विश्व कप खेलेंगे : रॉब




**लंदन।** इंग्लैंड पुरुष टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे, जो 1-29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में होगा। आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए लंबे समय तक दाहिनी कोहनी की चोट से पीड़ित होने के बाद आर्चर पिछले साल मई से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। आर्चर को पिछले साल दिसंबर में वेस्टइंडीज के सफेद गेंद दौरे के दौरान इंग्लैंड टीम के साथ प्रशिक्षण लेते देखा गया था।

## झारखंड बालक व बालिका मलखंब टीम तिरची, तमिलनाडू रवाना



**एजेंसी। रांची**

खेलों इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए झारखंड की बालक और बालिका मलखंब टीम हटिया रेलवे स्टेशन से तमिलनाडू के तिरची के लिए रवाना हुई। खेलों इंडिया यूथ गेम्स तमिलनाडू के चार शहरों में आयोजित हो रही है। इसी के तहत मलखंब प्रतियोगिता तिरची इंडोर हॉल, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कंपलेक्स तिरची में 21 से 24 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। यहां झारखंड मलखंब टीम को 19 जनवरी को रिपोर्ट करना है। झारखंड बालक टीम पिंटू कुमार (कप्तान), रणबीर कुमार दास (उपकप्तान), आदित्य कच्छप, संजू मिंज, सोमनाथ दत्ता, आर्यन कुमार, प्रशिक्षक निखिल कुमार है। झारखंड बालिका टीम में लवली कुमारी (कप्तान), हंसिका कुमारी (उपकप्तान), अन्नू कुमारी, अमिका कुमारी, निधि कुमारी, दिया दत्ता, प्रशिक्षक सह टीम प्रबंधक प्रीति रानी होंगी। यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

# भारत-जर्मन चुनौती के लिए तैयार

### आज सेमीफाइनल में भारत का सामना जर्मनी से होगा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम अपने अंतिम पूल बी मैच में इटली पर 5-1 से जीत के बाद रांची में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। सेमीफाइनल में जीत भारतीय टीम का पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफिकेशन सुनिश्चित कर देगी।


भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में अपने पहले मैच में यूएसए से 0-1 की हार के साथ बैकफुट पर शुरूआत की, लेकिन इसके बाद जोरदार वापसी करते हुए अपने दूसरे गेम में न्यूजीलैंड को 3-1 से हरा दिया। उन्होंने इटली के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप स्टेज गेम में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और आसानी से 5-1 से मैच जीत लिया। पहले मैच में हार के बाद लगातार जीत के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में उतरेगी।

बेहद अहम सेमीफाइनल मैच से पहले भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा हम पहले ही कई बार जर्मनी से खेल चुके हैं और अच्छा प्रदर्शन किया है। एक टीम के रूप में हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है। हमारा आक्रामक खेल काफी अच्छा है। जर्मनी एक अच्छी टीम है इसलिए हमें अपनी रक्षापंक्ति में शीर्ष पर रहना होगा और जो भी मौका मिले उसे भुनाने की कोशिश करनी होगी।

विश्व में छठे स्थान पर मौजूद भारतीय महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में पांचवें स्थान पर मौजूद जर्मनी से भिड़ेगी और जीत के साथ ओलंपिक में जगह पक्की करने की उम्मीद करेगी। जर्मनी टूनामेंट में सर्वोच्च रैंक वाली टीम होने और जर्मनों के साथ भारत का आमने-सामने का रिकॉर्ड बहुत अनुकूल नहीं होने के बावजूद, भारतीय टीम 2021-22 एफआईएच हॉकी में अपने समकक्षों पर अपनी कड़ी जीत से प्रेरणा लेना चाहेगी। प्रो लीग मार्च 2022 में भुवनेश्वर में खेला गया था। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा जर्मनी के पास बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी हैं लेकिन हमारे पास एक गुणवत्तापूर्ण टीम है जिसने दिखाया है कि वे दबाव में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। हम सेमी-फाइनल को फाइनल की तरह मानेंगे और अपना सब कुछ लगा देंगे।

# अक्षर, यशस्वी ने टी20 में हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग




**एजेंसी। दुबई**

अफगानिस्तान के खिलाफ पहले दो टी-20 मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अक्षर पटेल 12 पायदान आगे बढ़कर गेंदबाजों की आईसीसी टी-20 रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अक्षर के अलावा अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में मजबूत प्रदर्शन के बाद भारत के कई खिलाड़ियों ने टी-20 रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

पटेल ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले दो टी-20 मैचों में4 विकेट लिए, जिससे वह बुधवार को नवीनतम साप्ताहिक रैंकिंग अपडेट के बाद ऑलराउंडरों में दो स्थान ऊपर उठकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसमें मंगलवार तक पूरे हुए सभी मैचों को ध्यान में रखा गया है। इंदौर में पहले टी20 में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल की 34 गेंदों में 68 रन की पारी ने उन्हें सात पायदान ऊपर उठाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि बाएं हाथ के अन्य बल्लेबाज शिवम दुबे की 60 और 63 रनों की लगातार नाबाद पारियों ने उन्हें 265 वें से 58 वें स्थान पर पहुंचने में मदद की है।

रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले एक अन्य खिलाड़ी न्यूजीलैंड के फिन एलन हैं, जिनकी पाकिस्तान के खिलाफ 15 गेंदों में 34 और 41 गेंदों 74 रन की दो पारियों ने 11 स्थान ऊपर उठाकर 16वें स्थान पर पहुंचा दिया। उनके टीम साथी टिम साउथी, जिन्होंने पहले दो मैचों में छह विकेट लिए थे, गेंदबाजों की सूची में आठ स्थान ऊपर 18वें स्थान पर हैं।

शुबमन गिल (बल्लेबाजों में सात पायदान ऊपर 60वें स्थान पर), तिलक वर्मा (बल्लेबाजों में तीन पायदान ऊपर संयुक्त 61वें स्थान पर) और अर्शदीप सिंह (गेंदबाजों में चार पायदान ऊपर 21वें स्थान पर) आगे बढ़ने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं, जबकि नजीबुल्लाह जादरान (ऊपर) एक पायदान ऊपर 46वें) और मोहम्मद नबी (दो पायदान ऊपर 54वें) बल्लेबाजी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले अफगानिस्तान के खिलाड़ी हैं। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैचों में लगातार अर्धशतक बनाने के बाद एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर हैं, जबकि फखर जमान 14 स्थान ऊपर 81वें स्थान पर हैं। डेरिल मिशेल (नौ स्थान ऊपर 37वें स्थान पर) और केन विलियमसन (13 स्थान ऊपर 59वें स्थान पर) आगे बढ़ने वाले अन्य कीवी बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और महेश थीक्षाना क्रमशः एक और दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ दो मैचों में पांच विकेट लेकर दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 14वें स्थान पर पहुंच गये हैं।

## चोट के ब्रेक ने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी बना दिया : सुमित नांगल



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नांगल ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन का पहला राउंड जीता और 1989 में रमेश कृष्णन के बाद ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गये।

## थाई जोड़ी से हारकर अश्विनी-तनीषा बाहर

### इंडिया ओपन




**एजेंसी। नई दिल्ली**

अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की भारतीय महिला युगल जोड़ी को बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट इंडिया ओपन से जल्दी बाहर होना पड़ा। बुधवार को यहां केडी जाधव इंडोर हॉल में जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई की थाई जोड़ी के खिलाफ इस जोड़ी को 5-21, 21-18, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया नं 20 भारतीय जोड़ी शानदार शुरूआत करने में विफल रही और उनके थाई समकक्षों ने शुरूआत से ही पूरा दबदबा बनाए रखा और तेजी से 8-0 की बढ़त बना ली हालांकि अश्विनी-तनीषा बीच-बीच में कुछ अंक हासिल करने में सफल रहीं।

# बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने लखन राजा को 6 साल के लिए किया निलंबित

**एजेंसी। पटना**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने क्रिकेटर लखन राजा को बिहार बनाम मुंबई रणजी ट्रॉफी मैच की पूर्व संध्या पर अपने पिता आदित्य प्रकाश वर्मा के साथ एसोसिएशन विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। 5 जनवरी को मुंबई के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के लिए बीसीए के पूर्व सचिव अमित कुमार ने एक अलग टीम की घोषणा की, जो बीसीए द्वारा अधिकृत नहीं थी।

घटना के बाद बीसीए द्वारा अधिकृत नहीं किए गए खिलाड़ियों की दूसरी सूची में शामिल सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टॉफ को अवैध/एसोसिएशन विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण बताने के लिए कारण बताओ नोटिस दिया गया था। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा बीसीए प्रबंधन समिति के सदस्यों के निर्णय के आलोक में लखन राजा पिछले दिनों से लेकर हाल के घटनाक्रमों तक और बीसीए पर प्रकाशित अधिसूचना के बावजूद अपने पिता आदित्य प्रकाश वर्मा के साथ अनुशासनहीनता और संघ विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे हैं। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने एक बयान में कहा 4 जनवरी 2024 को वेबसाइट को 5 जनवरी 2024 को मोइन उल हक स्टेडियम में हुई घटना में शामिल होने के कारण बिहार क्रिकेट एसोसिएशन से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है।

हम क्रिकेट/अनुशासन की भावना के खिलाफ किसी भी दुर्व्यवहार या गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसमें शामिल लोगों को निलंबित करके, हम बिहार क्रिकेट को निष्पक्ष और एकजुट रखने के लिए मजबूती से खड़े हैं। हम बिहार में खेल की अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## खबरें व्यापार जगत की

### वैश्विक दबाव में ध्वस्त हुआ शेयर बाजार
### निवेशकों को 4.53 लाख करोड़ का नुकसान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार आज जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। आज दिन के ज्यादातर समय बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसकी वजह से शेयर बाजार 2 प्रतिशत से अधिक टूट गया। आज के कारोबार में सेंसेक्स करीब 1,700 अंक तक टूटा। इसी तरह निफ्टी भी इंट्रा-डे में 480 अंक से अधिक लुढ़क गया। हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से दोनों सूचकांक निचले स्तर से मामूली रिकवरी करके बंद हुए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 2.23 प्रतिशत और निफ्टी 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में मेटल, बैंकिंग और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार में लगातार हो रही बिकवाली के कारण बैंक इंडेक्स आज 4 प्रतिशत तक टूट गया। वहीं मेटल, ऑटोमोबाइल, रियल्टी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स में 1 से लेकर 2 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। आज के कारोबार में आईटी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

### यात्रा वृद्धि से भारत में आतिथ्य नौकरियों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई : रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** भारत में यात्रा में वृद्धि की वजह से दिसंबर 2022 और 2023 के बीच पर्यटन और आतिथ्य नौकरियों के लिए नियुक्तियों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह खुलासा बुधवार को जारी की गई रिपोर्ट में हुआ है। ग्लोबल हायरिंग और मैचिंग प्लेटफॉर्म इनडीड की रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में ब्लू-कॉलर हायरिंग में कुल मिलाकर 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि न केवल महामारी के बाद उल्लेखनीय सुधार का संकेत देती है, बल्कि उभरते वैश्विक रुझानों के सामने नौकरी बाजार की अनुकूलनशीलता और लचीलेपन को रेखांकित करते हुए उद्योग के लिए एक आशाजनक भविष्य को भी दर्शाती है। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) के आर्थिक प्रभाव अनुसंधान ने भविष्यवाणी की है कि भारत विश्व स्तर पर यात्रा और पर्यटन उद्योग में तीसरा सबसे प्रभावशाली बाजार बन जायेगा।

### 2024 में नई नौकरी पर विचार कर रहे हैं 88 प्रतिशत भारतीय पेशेवर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एक ताजा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि भारत में लगभग 10 में से नौ (88 प्रतिशत) पेशेवर आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद 2024 में नई नौकरी पर विचार कर रहे हैं। पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन के अनुसार, 2023 की तुलना में संख्या में चार प्रतिशत की (वर्ष-दर-वर्ष) वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया यह दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत देता है, जहां पेशेवर अपने करियर के मालिक खुद हैं और अपने करियर विकास पर ध्यान केंद्रित करके खोए हुए समय की भरपाई करना चाहते हैं। 24 नवंबर, 2023 से 12 दिसंबर, 2023 के बीच पूरे भारत में फुल टाइम और पार्ट टाइम जॉब वाले 1,097 पेशेवरों का सर्वेक्षण किया गया। लिंक्डइन की करियर एक्सपर्ट और सीनियर मैनेजिंग एडिटर निरजिता बनर्जी ने कहा, अपनी नौकरी की तलाश में सफल होने के लिए, पेशेवरों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी प्रोफाइल को बेहतर बनाने, अपने कौशल को उजागर करने और उद्योग के विकास के बारे में सूचित रहने के लिए टाइम दें। उन्होंने कहा इससे उन्हें मनचाही नौकरी पाने की संभावना बढ़ने में मदद मिलेगी और मजबूती के साथ करियर बनाने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मदद मिलेगी।

### सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख सस्ता हुआ सोना, चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** लगातार दो दिन तक तेजी दिखाने के बाद बुधवार को देश का सरार्फा बाजार गिरावट का शिकार हो गया। सोने की कीमत में आज 100 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई, जिसके कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 63,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। आज दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी 600 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी के साथ 75,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 63,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### जेएसडब्ल्यू एनर्जी तेलंगाना में 1500 मेगावाट का पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट करेगी स्थापित

**हैदराबाद।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी ने 9,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ तेलंगाना में एक पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट स्थापित करने की घोषणा की है। प्रस्तावित पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट की ऊर्जा उत्पादन क्षमता 1,500 मेगावाट होगी। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन के मौके पर राज्य सरकार और जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी के बीच इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये। एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, जेएसडब्ल्यू समूह के अध्यक्ष सज्जन जिंदल ने प्रोजेक्ट स्थापित करने की योजना की घोषणा की। मुंबई में मुख्यालय, जेएसडब्ल्यू एनर्जी एक एकीकृत बिजली कंपनी है जो थर्मल, हाइड्रो और सौर स्त्रोतों से बिजली का उत्पादन, संचार और व्यापार करती है। भारत में एक अग्रणी निजी क्षेत्र की बिजली कंपनी के रूप में, इसकी परिचालन क्षमता 4,559 मेगावाट है और यह देश की सबसे बड़ी स्वतंत्र हाइड्रो पावर उत्पादक (आईपीपी) है। बैठक के दौरान उद्योग और आईटीई एंड सी मंत्री डी श्रीधर बाबू, प्रमुख सचिव आईटीई एंड सी, आईएंडसी जयेश रंजन और विशेष सचिव, निवेश संवर्धन, विष्णु वर्धन रेड्डी भी उपस्थित थे।

### स्पाइसजेट विमान के शौचालय में यात्री फंसा रहा, डीजीसीए ने शुरू की जांच

**शौचालय में फंसने वाले यात्री को टिकट के पैसे वापस करेगी स्पाइसजेट**

**मुंबई/नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मुंबई से बेंगलुरु जा रहे स्पाइसजेट के विमान में एक यात्री के शौचालय में फंसने की घटना की जांच शुरू कर दी है। उधर, स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना मंगलवार को मुंबई से बेंगलुरु जा रहे विमान में शौचालय के दरवाजे का 'लॉक' खराब होने की वजह से हुई थी। यात्री को पूरी यात्रा के दौरान मदद मुहैया कराई गई थी। इसके साथ ही यात्री को टिकट के पूरे पैसे वापस किए जा रहे हैं। इस घटना के दौरान क्रू मेंबर ने टॉयलेट के दरवाजे के नीचे से एक नोट अंदर खिसकाया था, जिसमें लिखा गया था कि हम दरवाजा खोलने की पूरी कोशिश कर रहे है।

## एक नजर

### बीडीओ ने निश्चित किया झंडोत्तोलान का समय

**रमना।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को 75वां गणतंत्र दिवस झंडोत्तोलान कार्यक्रम कि समय सारणी को लेकर प्रखंड सभागार में बैठक की गयी, जिसमें सर्व सम्मती से सरकारी संस्थानों में झंडोत्तोलान कार्यक्रम का समय निर्धारित किया गया। तत्पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी के, आदेशानुसार गणतन्त्र दिवस झंडोत्तोलान का समय प्रखंड कार्यालय में 9:05, थाना परिसर में 9:25, बिआरसी में 9:30, राज्यकीय मध्य विद्यालय सिलिदाग-1 में 9:35, बालिका उच्च विद्यालय में 9:40, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 9:50, राजयकृत +2 उच्च विद्यालय में 10:00, वन परिसर में 10:20, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10:30, भारतीय स्टेट बैंक में 10:40और वनांचल ग्रामीण बैंक में 10:50बजे का समय निर्धारित किया गया है।

### विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** प्रखंड की मधेया पंचायत के हूर गांव में स्थित पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय शामिल हुए। उन्होंने भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। वहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम भी कराया गया। मौके पर गढ़वा बीडीओ कुमार अजय साहू, सत्येंद्र तिवारी, रौशन दुबे आदि उपस्थित थे।

### सहायिका के लिए चंद्र रेखा कुमारी का चयन

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र की लोहरगाड़ा पंचायत के हुरका गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर बुधवार को सहायिका चयन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के माध्यम से सहायिका पद पर चंद्र रेखा कुमारी पति रामानंद बैठा का चयन किया गया। इस संबंध में बीडीओ सह सीडीपीओ नंदजी राम ने कहा कि चंद्र रेखा कुमारी का चयन औपबंधिक रूप से किया गया है। इनके द्वारा चयन समिति के समक्ष समर्पित कागजात की जांच के आधार पर उपविकास आयुक्त द्वारा अनुमोदन के पश्चात ही अंतिम चयन पत्र निर्गत किया जायेगा।

### आजसू नेता और दो अन्य अदालत से बरी

**भवनाथपुर।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव जयराम पासवान एवं दो सहयोगी को न्यायमूर्ति बंकिम चंद्र चटर्जी ने बरी कर दिया। खरौंधी प्रखंड के 6 अप्रैल 2010 के तत्कालीन बीडीओ मदन मोहन पांडेय ने आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव जयराम पासवान, गोरखनाथ चौधरी, रामनाथ मेहता के खिलाफ भवनाथपुर थाना में जान से मारने एवं अपहरण करने की धमकी देने का केश दर्ज कराया था।

### करीवाडीह में सांसद-विधायक की मौजूदगी में दिव्य सूर्य मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा, भोजपुरी गायिका हेमा के गीतों ने बांधा समां

# 'दिव्य सूर्य मंदिर पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित'








**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
खरौंधी प्रखंड के करीवाडीह गांव में पंडा नदी के किनारे भव्य एवं दिव्य सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। 15 जनवरी से शुरू व 17 जनवरी तक चले कार्यक्रम के अंतिम दिन पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, विधायक भानु प्रताप शाही सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के बीच वाराणसी के विद्वान आचार्य सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में अन्य विद्वान पंडितों द्वारा भगवान सूर्य को शयन से जगा कर गर्भ गृह में प्रतिष्ठापन हुआ।

### सड़क व छठ घाट का होगा निर्माण : शाही

मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग धन्य हैं जो विपिन बिहारी सिंह और विजय सिंह के नेतृत्व में इस प्रकार कलयुग के साक्षात देव सूर्य भगवान की मंदिर का निर्माण किए हैं। भगवान सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का जो यहां के लोगों ने सौभाग्य दिया है इसके लिएआभार प्रकट करते हैं। वहीं विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि आने समय में भगवान सूर्य की कृपा से यह विशाल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा और झारखंड ही नहीं पूरे देश-दुनिया के लोगों के लोग यहां आकर भगवान सूर्य की आराधना व उपासना करेंगे और आशीर्वाद लेंगे। शाही ने कहा कि इस दिव्य सूर्य मंदिर की ख्याति देश-दुनिया में होगी। ऐसे में यहां पर छठ घाट बनाया जाएगा। विधायक भानु प्रताप शाही ने मंच से ही घोषणा किया कि जिस प्रकार पूर्व से यहां बने संकट मोचन हनुमान मंदिर पर पहुंचने के लिए बजरंगबली की कृपा से पंडा नदी पर यहां विशाल पुल बनाने का काम किया। उसी प्रकार जब यहां दिव्य सूर्य मंदिर बना है तो सूर्य भगवान की कृपा से यहां चमचमाती हुई सड़क भी बनेगी। उन्होंने खरौंधी से करिवाडीह होते हुए खोखा तक अच्छी सड़क बनवाने की बात कही। उन्होंने मंच से ही कल ही अनुशंसा करने और अगले वित्तीय वर्ष में स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य कराने की घोषणा की। वहीं सुंडी मुखिया प्रतिनिधिराजा सिंह की तरफ से 5000 से अधिक लोगों को भंडारे में महाप्रसाद खिलाया गया। शाही ने खुद अपने हाथों से ऐसा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया। वहीं दिल्ली के पूर्व मेयर सह मंदिर के संरक्षक विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि इतने दिव्य इस सूर्य मंदिर का निर्माण और आज संपन्न भव्य प्राण प्रतिष्ठा सभी लोगों के सहयोग से संभव हो सका है। आने वाले समय में दूर-दूर से लोग यहां छठ व्रत करने आएंगे। ऐसे में यह बड़ा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा। इसके लिए किन-किन चीजों की आवश्यकता होगी, कौन-कौन सी सुविधाएं होनी चाहिए इस पर ध्यान देकर काम किया जाएगा।

### पांडेय बहनों के गीतों पर झूम उठे लोग

भोजपुरी लोक गायिका हेमा पांडेय एवं उनकी बहनों द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। भगवान सूर्य एवं अन्य देवी देवताओं से संबंधित भक्ति गीतों पर उनकी सुरम्य आवाज के साथ दी गई प्रस्तुति ने लोगों को भाव विभोर कर दिया। एक से बढ़कर एक भक्ति गीत एवं भजन ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उपस्थित सारे लोग भक्ति भाव से भरी गीतों से सराबोर हो गए। मौके पर अनुसूचित आयोग के अध्यक्ष शिवधारी राम, पूर्व विधायक संजय यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव, बसंत यादव, जिप सदस्य धर्मराज पासवान, मुक्तेश्वर पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश रजक, उप प्रमुखदेवता प्रसाद आर्य, पंचायत के मुखिया मनसा देवी, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, सुंडी मुखिया प्रतिनिधि राजा सिंह, मंदिर समिति के विनोद सिंह, अरुण सिंह, अमरिंदर सिंह, आशुतोष शरण सिंह, शर्मा यादव, कृष्ण सिंह आदि सहित काफी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## हाथियों से पीड़ित परिवारों को दी गई राहत सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**


अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने बुधवार को बाना जांघ के स्कूल में रह रहे हाथियों के उत्पात से बेघर पीड़ित परिवार को राहत सामग्री दी। इस संबंध में सीओ यशवंत नायक ने बताया कि हाथियों के उत्पात से बेघर पीड़ित सभी परिवारों को खाद्य सामग्री में ब्रेड बिस्कुट सब्जी आदि सामान लोगों को उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह हाथियों के उत्पात से बहेरवा गांव के आदिम जनजाति के सभी घर हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसके बाद सभी पीड़ित परिवार बाना जांघ गांव के विद्यालय में शरण लिए हुए हैं। इन सभी लोगों को पहले भी कंबल, चावल सहित जरूरत के कई सामान दिये गये थे। बेघर परिवार के लगभग 50 से 60 लोग हैं। इन सभी लोगों को गुरुवार तत्कालीन कोलोदोहर प्राथमिक विद्यालय में रहने की व्यवस्था कर दी जाएगी। वहां पर रहने के लिए पर्याप्त जगह है। सीओ जसवंत नायक ने कहा कि सभी परिवारों को वन विभाग द्वारा जैसे ही मुआवजा मिलता है वैसे ही जनमन योजना के तहत आवास उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके लिए जमीन का सत्यापन किया जा रहा है।

## भाजपा नेता पांडेय ने मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

**गढ़वा।** गढ़वा के श्री रामलला मंदिर के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय ने गढ़वा के स्टेशन रोड में स्थित श्री रामलला मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अयोध्या में 22 जनवरी को श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के मठ मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया जाने के आह्वान पर वरिष्ठ समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने मंदिर परिसर में झाड़ू लगाया तथा कचरे को एकत्र कर डस्टबिन में डाला। कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को पूरे देश में दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर 22 जनवरी के दिन श्री रामलला मंदिर में अयोध्या में राम जी के आगमन की खुशी में जोरदार उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## गरीब का बेटा हूं, गरीबों का दर्द समझता हूं : विधायक

### भानु प्रताप शाही ने राजी पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का किया शिलान्यास





**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
प्रखंड के राजी पंचायत अंतर्गत पंचायत भवन के पास विधायक भानु प्रताप शाही ने नारियल फोड़ कर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया। राजी पंचायत अंतर्गत बनने वाला उपस्वास्थ्य केंद्र की लगभग 50 लाख की लागत राशि से निर्माण होना है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा की अध्यक्षता और संचालन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए शाही ने कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र मां-बहनों के लिए वरदान साबित होगा। अभी महिलाओं को प्रसव के लिए अन्य जगहों पर जाना पड़ता है जिससे उनको परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब यहा अस्पताल बन जाएगा तो यहां के लोगों का आसानी से इलाज हो सकेगा। कहा कि यहां की जनता द्वारा जब से विधायक मुझे बनाया जा रहा है, तब से लगातार राजी पंचायत का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। गरीब का बेटा हूं, गरीबों का दर्द समझता हूं। मौके पर उमुखिया रिंकु देवी, अवध कुमार मेहता, सुनील कुमार रौशन, बुधनाथ गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, अमरेश मेहता, बीडीसी शीलवंती देवी, अमरेश चौधरी, अमर प्रताप मेहता, देवनाथ उरांव, नरेश पासवान, अशोक पटेल, आनंद चौधरी, विष्णु राम, शिवदास उराव, डॉ. वीके सिंह, ओम प्रकाश उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने दुर्गा मंदिर प्रांगण की सफाई की

**भवनाथपुर।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर भवनाथपुर विधान सभा के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने समर्थकों के साथ बुधवार को टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित सभी मंदिरों में सफाई की। शाही ने सभी लोगों से अपील की कि 22 जनवरी को अपने-अपने क्षेत्र के सभी देवालयों में सफाई के साथ हवन, पूजन व श्रृंगार करें। मौके पर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, चंदन ठाकुर, प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, पंकज सिंह, बुद्धि सिंह, दीपक द्विवेदी, मंदिर कमेटी के संतोष कुमार, गणेश सिंह, जसवंत चौबे, हीरा यादव, बिनोद गुप्ता, पंकज सिंह मौजूद थे।

## हाथियों ने 6 किसानों की फसलें की नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिबला पंचायत के भाटचतरा में मंगलवार रात हाथियों के झुंड आया और आधा दर्जन से भी अधिक किसानों की आलू, टमाटर, अरहर, चना की खेती को खाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिससे लाखों रुपये की क्षति हुई है। भाटचतरा निवासी हीरा तुरी के पांच क्विंटल धान, महेश तुरी की आलू, लालमणि यादव की अरहर की खेती और वीरेंद्र तुरी का टोकरी में तोड़ा हुआ पांच क्विंटल टमाटर, राधवा मासोमात की चना की खेती, नरेश तूरी की आलू, कन्हाई दूरी की आलू, दिलेश्वर यादव की आलू खेती को खाकर पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिससे उन्हें लाखों रुपये की क्षति हुई है। गोनिया पंचायत के बारा ग्राम निवासी धर्मदेव उरांव का 7 क्विंटल चावल और अन्य अनाज खाकर लगभग 50000 का नुकसान किया है। जानकारी मिलते ही वनरक्षी संतोष उरांव ने नुकसानों का जायजा लिया।

## ग्रामीणों ने डीसी से स्कूल को चालू करवाने की लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**
प्रखंड की गोनिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय विश्रामपुर को चालू करवाने के लिए ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि विश्रामपुर विद्यालय को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारा के साथ मर्ज कर दिया गया है, जिससे गांव के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। बिश्रामपुर गांव आदिवासी बहुल क्षेत्र है। बिश्रामपुर से बारा की दूरी लगभग 1 किलोमीटर है। गांव के छोटे-छोटे बच्चे इस दूरी के कारण नहीं जा पाते हैं, जिससे शिक्षा से 200 से भी अधिक आदिवासी बच्चे वंचित हो जा रहे हैं। ग्रामीण विनय उरांव, भोला उरांव, प्रधान उरांव, शिवनाथ उरांव, लालू उरांव सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि यहां मजदूर किसान रहते हैं। बच्चे सरकारी विद्यालय में पढ़ते हैं।

## पेज एक के शेष

### राज्य सरकार तय ...

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने ईडी पर राज्य सरकार को परेशान करने का आरोप लगाते हुए ढेला मुंगरा का सामना करने को तैयार रहने को कहा था। वहीं मंगलवार को झामुमो के प्रवक्ता व महासचिव सुप्रीयो भट्टाचार्य ने भी ईडी को चेतावनी समझने में देरी करने के गंभीर परिणाम की चेतावनी दी थी। भाजपा ने इसे ईडी को धमकाने और बंगाल से भी बदतर स्थिति पैदा करने की साजिश बताया था।

### अब बालू की होगी ...

हुए कहा कि झारखंड में पहली बार झारखंड स्टेट सैंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के अनुसार कुल 351 बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया निगम के द्वारा उपायुक्त के माध्यम से की जायेगी।

### धनबाद के 9 कोयला कारोबारियों के ...

जवान लगे हैं। इनमें धनबाद के अलावा बाहर की भी टीमें शामिल हैं। बुधवार को अहले सुबह हुई इस छापेमारी से कोयलांचल के कोयला कारोबारियों में हड़कंप मच गया। धनबाद में देर रात तक मोबाइल घनघनाते रहे। चर्चा है कि इन कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी हजारीबाग में ईडी के हत्थे चढ़े कोयला कारोबारी इजहार अंसारी से पूछताछ के बाद मिले सुराग के आधार पर की गयी है।

**इन ठिकानों पर चल रही छापेमारी :** वेडलाक ग्रीन होटल एंड रिजार्ट बरवाअड्डा जीटीरोड, तेतुलिया कोक प्लांट, श्याम ट्रेडर्स बरवापुल तेतुलिया, जय मां काली उद्योग जियलगोड़ा, गोविंदपुर, काली माता सॉफ्ट कोक शक्ति चौक तेतुलमारी, रिलायबल कोक भट्ठा बरवाडीह गांव हरिहरपुर, होटल प्रिंस, क्राउन प्लाजा पुराना बाजार, तनेजा हाउस डुमरियाटांड़, लक्ष्मीनिया मोड़ झरिया, श्रीराम प्लाजा बैंक मोड़, लक्की कोक इंडस्ट्री पुरुलिया बंगाल, ज्वाला कोक इंडस्ट्री डुबरा पुरुलिया बंगाल, लक्की कोक मैन्युफैक्चरिंग चास रोड पुरुलिया बंगाल, वसुधा कोक बोकारो, महुदा हार्ड कोक, संजय हार्डकोक बलियापुर, रिलायबल फ्यूल इंडस्ट्रीज बरवाडीह, मां ज्वाला कोक इंडस्ट्री बहादुरपुर जैना मोड़, गोयल फ्लोर मिल आमाघाटा, मोटिया पट्टी कतरास मोड़ शामिल है।

### डीईओ और कम्प्यूटर ऑपरेटर ...

मुक्त करने का आग्रह किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने दोषमुक्त करने के एवज में एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की। इसके बाद एसीबी की टीम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और कम्प्यूटर ऑपरेटर को एक लाख रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

### राम मंदिर से लेकर ...

चालीसा को रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की रचना नहीं मानते हैं। अगर मान भी लिया जाए कि इसकी रचना गोस्वामी तुलसीदास ने ही की होगी, तो भी चालीसा का मतलब 40 चौपाई नहीं है बल्कि 40 पंक्तियाँ भी हो सकती हैं क्योंकि दो अर्धालियों को मिलाकर एक पंक्ति बनती है। अवधी भाषा के संबंध में सबसे प्रामाणिक ग्रंथ डॉ. बाबूराम सक्सेना द्वारा लिखित 'अवधी का विकास माना जाता है। डॉ. बाबूराम सक्सेना विश्वविख्यात भाषाविद थे, वे इलाहाबाद विवि में संस्कृत विभाग के अध्यक्ष रह चुके थे। प्रस्तुत ग्रन्थ उनके डीलिट का शोच प्रबंध है, जो उन्होंने डॉ. ज्यूल ब्लाख और डॉ टर्नर के निर्देशन और मार्गदर्शन में लिखा था। बाँदा जिला के राजापुर में जो अब चित्रकूट जिले में आ गया है और जिसे तुलसीदास का जन्म स्थान माना जाता है, अयोध्या काड की एक हस्तलिखित प्रति उपलब्ध है। ऐसी मान्यता है कि यह गोस्वामी तुलसीदास के हाथ लिखी हुई प्रति है। जो भी हो यह एक प्राचीन प्रति है। इस प्रति में प्रयोग की गई लिपि का विवरण बड़ा दिलचस्प है। बहुत से राम विरोधी ढ़ोल गंवार वाली चौपाई को रामायण का बताकर भी विवाद करते हैं जिसका ताड़ना शब्द के अर्थ में ही उत्तर छिपा है ।

## एक्शन में हाकिम

### डीसी ने आमजनों की समस्यायें सुनी, दिया निदान का भरोसा

# अनुपस्थित मिले एक दर्जन पदाधिकारी व कर्मी ,वेतन स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**


निर्देश देते, अभिलेखों की जांच करते एवं वार्ड का अवलोकन करते डीसी शशि रंजन

**मेदिनीनगर।** सरकार आपके द्वार व प्रत्येक सप्ताह में आयोजित समाधान दिवस भी नागरिकों की समस्याओं को सुलझाने में नाकाम साबित हो रही हैं। जिले के हरेक पंचायतों में पिछले दिनों आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित किये गये थे। जिसमें सरकार के लगभग सभी विभागों के अधिकारी, पदाधिकारी व कर्मचारियों की मौजूदगी में आम ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और बड़ी संख्या में समस्याओं के समाधान भी किये गया। इसके बाद भी जब गांव से लोग अपनी कोई न कोई समस्या लेकर पहुंचते रहे तो उपायुक्त ने बुधवार को समाधान दिवस के रूप में मनाने का निर्देश देते हुए प्रखंडों के बीडीओ व सीओ को कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को सुनने व गंभीरता के साथ समाधान की दिशा में कार्रवाई का निर्देश दिया। बुधवार को प्रखंडो में जनता दरबार लगा भी, किन्तु इसके बाद भी मामूली समस्याओं को लेकर लोग उपायुक्त शशि रंजन के दरबार में पहुंचे और अपनी समस्या सुनाई। हालांकि उपायुक्त ने उनकी समस्याएं जानी और समाधान का भरोसा भी दिया। लेकिन अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए प्रखंडों के ही पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। डीसी के दरबार में चैनपुर से पहुंची प्रीति कुमारी ने उपायुक्त से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया तो सबिला बीवी ने हरा राशन कार्ड की मांग की। पाटन के अरुण कुमार ने मनरेगा से शेड बनाने हेतु सामग्री मद से राशि भुगतान कराने का आवेदन दिया। डीसी के जनता दरबार में अधिकांश मामले यथा आवास योजना, बैंक से संबंधित मामले,स्वास्थ्य, वृद्धा पेंशन,जमीन, राशन, पानी आदि से संबंधित आये। जिनका समाधान ब्लॉक स्तर से ही होना है। उपायुक्त ने फोन कर पदाधिकारियों से बात कर तुरंत मामलों को निष्पादित करने का निर्देश भी दिया। लेकिन सवाल यह उठता है कि लोग बीडीओ व सीओ को छोड़कर सुदूर इलाकों से सीधे उपायुक्त के पास क्यों पहुंचते हैं। मौके पर मौजूद मनातू हरमन राम, चैनपुर की प्रीति कुमारी, पिपरा के सनोज कुमार आदि ने जवाब देते हुए बताया कि प्रखंडों के पदाधिकारी समाधान में रूचि नहीं लेते। आवेदन लेकर रख तो लिया जाता है, पर कार्रवाई नहीं होती। जिससे थक हारकर उन्हें उपायुक्त के पास आना पड़ा है। साफ है कि प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों की कार्यशैली में सुधार के बिना जन समस्याओं के समाधान की सोच बेमानी होगी।

### विभिन्न कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को कार्यालय अवधि शुरू होने के करीब एक घंटे बाद ही अपने चैंबर से निकल कर विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले वे समाहरणालय भवन में अवस्थित अलग-अलग कार्यालयों में गये और निरीक्षण किया। इसके बाद समाहरणालय परिसर के बाहरी हिस्सों यानि कचहरी परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित एवं अनुपस्थित कर्मियों की जानकारी ली और मौके पर अनुपस्थित मिले करीब एक दर्जन से अधिक कर्मियों का वेतन स्थगित रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निरीक्षण के दौरान समाहरणालय के ब्लॉक-ए भवन में अवस्थित नजारत शाखा के नाजिर रामराज राम, अनुसेवक सुजीत कुमार अनुपस्थित पाये गये। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान देवेन्द्र कुमार, राजेश कुमार सिन्हा, शशि शुक्ल, सतीश दुबे, प्रतिमा देवी व सत्येंद्र कुमार मेहता भी अनुपस्थित मिले। योजना शाखा के निरीक्षण में भी कर्मी अनुपस्थित मिले। इसपर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने समाहरणालय के ब्लॉक-सी स्थित भूमि संरक्षण कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां की पूर्णिमा कुमारी अनुपस्थित मिली। डीआरडीए शाखा के औचक निरीक्षण में एपीओ सुधीर कुमार अनुपस्थित पाए गये। इसके बाद उपायुक्त ने समाहरणालय के बाह्य भाग में अवस्थित रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण किया। यहां विजय कुमार गुप्ता व ब्रज किशोर राम अनुपस्थित पाए गये। अवर निबंधन कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। इसके अलावा उपायुक्त निर्वाचन कार्यालय, लेखा कार्यालय, सामाजिक सुरक्षा, जिला कोषागार कार्यालय, खासमहल कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में गये और जायजा लिया।

### एक ही छत के नीचे गर्भवती व नवजात का होगा इलाज

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को एमएमसीएच में 100 बेड वाले मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात यह यूनिट आमजनों के लिये उपलब्ध हो गया।अब एक ही छत के नीचे नवजात बच्चे व गर्भवती महिलाओं का समुचित इलाज हो सकेगा। इस मदर एंड चाइल्ड हेल्थ यूनिट के परिसर में 50 बेड का मेटरनिटी वार्ड व 50 बेड का स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट का निर्माण कराया गया है।न्यूबॉर्न केयर यूनिट के क्रियाशील होने से पलामू में जन्म लेने वाले बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायी जा सकेगी।इस यूनिट में नवजात बच्चों के बेहतर इलाज हेतु रेडिएंट वार्मर,मल्टी पारा मॉनिटर,सिरिंज इनफ्यूजन पंप,चाइल्ड वेंटिलेटर,सभी बेड पर ऑक्सीजन सप्लाई समेत अन्य स्वास्थ्य उपकरणों का अधिष्ठापन कराया गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू डिमापुर पहुंची, सड़क मार्ग से तारालांग्सो रवाना



**डिमापुर (नगालैंड)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हेलीकॉप्टर शनिवार को डिमापुर में उतरा। यहां से राष्ट्रपति मुर्मू नगालैंड से सटे असम के कार्बी आंगलोंग जिला मुख्यालय शहर डिफू के तरालांग्सो के लिए रवाना हुईं। राष्ट्रपति बुधवार दोपहर भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से मेघालय की राजधानी शिलांग से डिमापुर पहुंची। वह असम के कार्बी आंगलोंग जिला मुख्यालय शहर डिफू के तारालांग्सो में अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन कार्बी युवा महोत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगी।

### छत्तीसगढ़ में 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। यहां के जंगल में हुई मुठभेड़ में पांच लाख के इनामी नक्सली रतन कश्यप को मार गिराया गया। वह मिलेशिया प्लाटून का डिप्टी कमांडर था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के मंगनार के जंगल में नक्सलियों के होने की सूचना मिली थी। इस सूचना के आधार पर डीआरजी, बस्तर फाइटर और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को मौके की ओर रवाना किया गया।

### महुआ मोइत्रा को मिला बेदखली का नया नोटिस

**नई दिल्ली।** टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को नई दिल्ली में सरकार द्वारा आवंटित आवास खाली करने के लिए नया नोटिस मिला है। सरकारी आवास खाली करने के लिए यह नोटिस संपदा निदेशालय की तरफ से तीसरी बार भेजा गया है। बुधवार को बेदखली का यह नया नोटिस सरकारी आवास की दीवार पर चस्पा दिया गया है।

### हिंसा में पुलिस कमांडो और महिला की मौत, कई घायल

**इंफाल।** म्यांमार सीमा से लगे मणिपुर के मोरेह में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में मणिपुर पुलिस के एक कमांडो की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जब सुरक्षाबलों ने तीन घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की तो महिलाओं सहित कुछ आदिवासियों ने इसमें बाधा डाली और उनके साथ झड़प की। इस झड़प में इंफाल से 110 किमी दूर मोरेह की सीमा पर एक आदिवासी महिला की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए।

## कितने तरह के कितने 'रामायण'?

# जनमानस में रचा बसा तुलसी रचित 'रामचरितमानस'

■ दशरथ जातक, रामायण का बौद्ध संस्करण, जिसमें राम का पिछले जन्म में बोधिसत्व के रूप में वर्णन है ■ चंद्रवती रामायण में सीता के चरित्र की प्रधानता है, राम की नहीं

**पहलवान रहे, 112वर्ष तक जिये तुलसी दास का यादवों ने साथ नहीं दिया होता तो काशी नहीं रह पाते**

**जैन संस्करण पौमचरिया रामायण में रावण को राम नहीं मारते, जैन धर्म का पालन करते छोड़ देते हैं**

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

अयोध्या में बन रहे राम लला मंदिर और उसमें प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या तो और भी चर्चित हो ही गई है, उसके साथ उससे जुड़े अन्य बहुत कुछ भी चर्चित हो गये हैं। ऐसे में इसके मूल चरित्र राम और उन पर लिखी महत्वपूर्ण पुस्तकें फिर से चर्चा में नहीं आएं यह हो ही नहीं सकता। हालत यह है कि गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस की इतनी रिकॉर्ड तोड़ मांग हो गई है कि गीता प्रेस, गोरखपुर छाप ही नहीं पा रहा है। अगले कई माह तक मांग पूरी करने, आपूर्ति करने से हाथ खड़े कर दिया है। इसलिए, ऑनलाइन पढ़ने व प्रिंट करने के लिए उपलब्ध करा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या राम पर लिखी कोई और बेहतर व प्रसिद्ध पुस्तक नहीं है जिसे लोग पढ़ें? इसका सहज उत्तर यह हो सकता है कि रामचरितमानस अवधी, ब्रजभाषा और भोजपुरी जैसी देसी भाषाओं बोलियों में लिखी गई है। जो अकबर के समय मुगल राज में अवध व सटे राज्यों (तब छोटे-छोटे राजाओं के राज थे, जो मुगल शासन के अधीन थे) की भाषा थी। तुलसी दास जी चित्रकूट व काशी में रहे। इसलिए उनकी शब्द रचना में उस समय इन क्षेत्रों में जो प्रचलित जनभाषा थी उसको विविधता में एकरूपता वाले सहजता के साथ उपयोग किये। ताकि जिसे वह चौपाई का रूप दे रहे हैं उसे जनमानस पढ़ या सुन कर याद कर सके, उसकी जुबान पर चढ़ सके। हुआ भी यही। समूचा उत्तर व मध्य भारत वाया रामभक्ति रामचरितमानस का मुरीद हो गया। उसे पूजा पाठ से लगायत दुख निवारण का माध्यम मान लिया। लेकिन ऐसा नहीं है कि उन दिनों गोस्वामी तुलसीदास को ऐसी भाषा में राम का जीवन चरित्र लिखने का विरोध नहीं हुआ था। खूब हुआ था। तब काशी के पंडित तो संस्कृतनिष्ठ होते थे। उनमें से बहुतों ने इसका विरोध करना शुरू किया। गोस्वामी तुलसी दास पर हमला भी हुआ। उस समय काशी में अस्सी के आस-पास रहने वाले अहीरों (यादवों) ने डट कर गोस्वामी तुलसी दास का साथ दिया था। वैसे तो तुलसी दास खुद भी पहलवान थे, और उनका अखाड़ा आज भी काशी में गंगा किनारे अस्सी घाट के उत्तर तरफ, तुलसी घाट पर उनके आवास व छोटे हनुमान जी मंदिर वाले मकान से सटे पश्चिम तरफ है। लेकिन तब यादवों ने साथ नहीं दिया होता, तो तुलसी दास जी को काशी में रहना मुश्किल हो गया होता, और - संवत सोलह सौ असी, असी गंग के तीर। श्रावण शुक्ला सप्तमी, तुलसी तज्यो शरीर। पढ़ने को नहीं मिलता। गोस्वामी तुलसी दास 112वर्ष तक जिये (जन्म 1 अगस्त 1511 ई०, मृत्यु 03 अगस्त 1623)। उन्होंने कई रचनाएं की लेकिन उनकी कृति रामचरितमानस ने उनको तो अमर कर ही दिया, राम के चरित्र को भी जन-जन तक पहुँचा दिया। विद्वानों का कहना है कि तुलसी ने रामचरितमानस के माध्यम से राम के जीवन, आदर्श व विष्णु के अवतार के रूप वाले, रामायण (महर्षि वाल्मीकि रचित) की कहानी को सरल बना आम जन के भी समझने लायक बना दिया।

वैसे तो उनसे कई सौ साल पहले श्री राम के जीवन चरित पर महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण(महाकाव्य) लिखा था। लेकिन अब संस्कृत भाषा आमजन की भाषा नहीं है,तो वह उतना प्रसिद्ध नहीं है। लेकिन शोधार्थी इसी को राम पर ऑथेंटिक लिखा मानते हैं। लेकिन बाद में अलग-अलग समय में कवियों, ज्ञानियों ने राम की जीवन लीला को अपनी तरह से अलग -अलग भाषाओं में लिखा। वाल्मीकि रामायण राम के 'बालकांड' से शुरू हो सात कांडों में विभक्त है। इसमें राम का बाल जीवन, सीता का अपहरण, रावण की हार के बाद सीता से फिर मिलने की कहानी है।

इसी तरह से दशरथ जातक के रूप रामायण का बौद्ध संस्करण है। इसे बुद्ध की जातक कथाओं के एक भाग के रूप में वर्णित किया गया है। जो वाल्मीकि रामायण से बहुत अलग है। इसमें राम की कहानी का वर्णन पिछले जन्म में बोधिसत्व के रूप में है। जिनको उनके पिता ने वनवास में भेज दिया था। क्योंकि पिता जो राजा थे, का मानना था कि उनकी दूसरी पत्नी राम को अयोध्या के लिए नहीं बल्कि वाराणसी राज्य के लिए मार देगी। इसमें है कि जब राजा (राम के पिता) की मृत्यु हो गई तब राम के भाई भरत उन्हें जंगलों में खोज कर मिलते हैं, वापस आकर राजगद्दी संभालने को कहते हैं, तो राम उनसे पिता द्वारा 12 साल के वनवास के वचन की याद दिलाते हैं। इसके बाद राम वन में 12 साल बिताने के बाद वापस लौटते हैं।

इसी तरह से कहा जाता है कि वाल्मीकि रामायण का जैन संस्करण है पौमचरिया रामायण। जिसमें अहिंसा व नैतिक आचरण के सिद्धांतों का पालन को प्रमुखता से बताया गया है। पौमचरिया रामायण में रावण को राम नहीं मारते हैं। क्योंकि भगवान राम अहिंसा के जैन गुणों का पालन करते हैं, इसलिए वह रावण को नहीं मारते हैं। इसमें वाल्मीकि रामायण के उल्टा, वानर बुराई से लड़ने वाले नहीं हैं, वे एक जनजाति हैं, उनका प्रतीक बंदर का है।

रामायण का बांग्ला रूपांतरण चंद्रवती रामायण है। जिसको महिला कवि चंद्रवती ने लिखा है। इसमें सीता केंद्रित कहानी हैं। चंद्रवती रामायण पात्रों के भावनात्मक पहलुओं को लिखी हैं। इसमें सीता के पति राम के बारे में भी लिखा गया है, लेकिन प्रधानता सीता की है।

### तैयार की जा रही विश्व की सबसे बड़ी स्टील की रामायण



### शरद पवार 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं होंगे, बाद में जाएंगे अयोध्या



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि वह 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं होंगे। समारोह के लिए निमंत्रण प्राप्त करने वाले 83 वर्षीय पवार ने इस मुद्दे पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को एक संक्षिप्त पत्र लिखा है, जिसमें 'दर्शन' के लिए अधिक समय के साथ बाद की तारीख में जाने का वादा किया गया है। पवार ने कहा, भगवान राम न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में उनके लाखों समर्पित अनुयायियों द्वारा पूजनीय हैं। अयोध्या समारोह को लेकर राम भक्तों में काफी उत्साह है और वे बड़ी संख्या में वहां पहुंच रहे हैं। उनके माध्यम से मुझे ऐतिहासिक अवसर का आनंद भी मिलेगा। हालांकि, राकांपा सुप्रीमो ने कहा कि 22 जनवरी के कार्यक्रम के बाद, राम लला का उचित और आराम से 'दर्शन' करना संभव होगा। पवार ने कहा, मेरी कुछ कार्यक्रमों के लिए अयोध्या आने की योजना है। उस समय मैं पूरी आस्था के साथ श्री रामलला के दर्शन के लिए पर्याप्त समय निकालूंगा। उस समय तक, राम मंदिर का निर्माण कार्य भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने निमंत्रण के लिए राय के प्रति आभार जताया और अगले सोमवार (22 जनवरी) को अयोध्या में होने वाले भव्य समारोह के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

**एशियन बौद्ध कॉन्फ्रेंस फॉर पीस की 12वीं महासभा में बोले उपराष्ट्रपति**

# बुद्ध की शिक्षाएं अतीत के अवशेष नहीं हमारे भविष्य के लिए दिशा-निर्देश हैं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि बुद्ध की शिक्षाएं अतीत के अवशेष नहीं बल्कि हमारे भविष्य के लिए एक दिशा-निर्देश हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गौतम बुद्ध का शांति, सद्भाव और सह-अस्तित्व का संदेश नफरत और आतंक की ताकतों के खिलाफ खड़ा है। उपराष्ट्रपति नई दिल्ली में एशियन बौद्ध कॉन्फ्रेंस फॉर पीस (एबीसीपी) की 12वीं महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नैतिक अनिश्चितता के युग में बुद्ध की शिक्षाएं सभी जीवन के लिए स्थिरता, सादगी, संयम और श्रद्धा का मार्ग प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि उनके चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग हमें आंतरिक शांति, करुणा और अहिंसा की ओर ले जाते हैं। धनखड़ ने भारत के सेवा-संचालित शासन के दृष्टिकोण पर बुद्ध की शिक्षाओं के गहरे प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने रेखांकित किया कि कैसे ये सिद्धांत नागरिक कल्याण, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता को प्राथमिकता देने की देश की प्रतिबद्धता में एक मार्गदर्शक शक्ति के रूप में काम करते हैं। बुद्ध के कालातीत ज्ञान पर विचार करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि जीवित प्राणियों के लिए भी शांति का एक शक्तिशाली, सामंजस्यपूर्ण, संपूर्ण और निर्बाध मार्ग प्रदान करता है। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, आतंकवाद और गरीबी जैसी समकालीन चुनौतियों से निपटने में बुद्ध के सिद्धांतों की सार्वभौमिक प्रासंगिकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को आशा की किरण के रूप में उजागर करते हुए इन अस्तित्वगत खतरों को दूर करने के लिए एक सहयोगात्मक और सामूहिक दृष्टिकोण का आह्वान किया। पांच दशकों के बाद भारत में आयोजित हो रहे इस कार्यक्रम में एबीसीपी के अध्यक्ष, मोस्ट वेन गैबजी डेम्बरेल चोइजामट्स और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे।

### उपराष्ट्रपति ने उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता से जुड़ी डॉ. मांडविया की पुस्तक का किया विमोचन



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया की पुस्तक 'उर्वरक आत्मनिर्भरता की राह' के हिन्दी और अंग्रेजी संस्करण का आज विमोचन किया। यह पुस्तक उर्वरकों के क्षेत्र में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का रोचक विवरण उपलब्ध कराती है। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया की पुस्तक 'उर्वरक आत्मनिर्भरता की राह' और 'फर्टिलिसिंग द फ्यूचर- भारत मार्च टूवार्ड फर्टिलाइजर सेल्फ सुफीशियंसी' का विमोचन किया। पुस्तक अमेजन पर उपलब्ध है।

# इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर लालू यादव ने कहा, 'इतनी जल्दी नहीं होता'



**एजेंसी। पटना**

भले ही विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल कई दल अब तक सीट बंटवारा नहीं होने के कारण नाराजगी व्यक्त कर रहे हों, लेकिन, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव अभी इसे जल्दी बताते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को साफ कर दिया कि इतनी जल्दी सीट शेयरिंग नहीं होती है। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में जाने से साफ मना कर दिया। पटना में चर्चा के दौरान जब पत्रकारों ने इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर विवाद के विषय में पूछा तो लालू ने बेबाकी से कहा कि गठबंधन में इतनी जल्दी सीट शेयरिंग नहीं होती है। अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने पर राजद अध्यक्ष ने साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा कि वे इस समारोह में नहीं जाएंगे। बिहार के मुख्यमंत्री और गठबंधन के सहयोगी नीतीश कुमार की नाराजगी के संबंध में जब उनसे पूछा गया तो वे इस प्रश्न को ही टालते नजर आएं।

# विवेक ने हेली, डिसेंटिस से राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने और ट्रंप का समर्थन करने की अपील की



**एजेंसी। वाशिंगटन**

राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान को निलंबित करने के बाद भारतीय-अमेरिकी विवेक रामास्वामी का मानना है कि यह 'देश के लिए अच्छा' होगा यदि रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली और रॉन डिसेंटिस 2024 के व्हाइट हाउस की दौड़ से बाहर हो जाएं और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करें। बायोटेक उद्यमी ने मंगलवार को फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि आयोवा में रिपब्लिकन मतदाताओं ने जोर देकर और स्पष्ट रूप से कहा है कि वे ट्रम्प को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना चाहते हैं। रामास्वामी (38) ने कहा, मुझे लगता है कि रॉन डिसेंटिस और निक्की हेली इस बिंदु पर वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए इस देश और पार्टी की सेवा करेंगे कि हम न केवल डोनाल्ड ट्रम्प को नामांकित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि इस देश पुनर्जीवित करने और उन संस्थापक क्रांतिकारी आदर्शों को पुनर्स्थापित करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह इस देश के लिए यह अच्छा होगा।

# पाकिस्तान के क्वेटा में विस्फोट, 9 लोग घायल



**एजेंसी। क्वेटा**

पाकिस्तान के क्वेटा शहर में बुधवार को बम विस्फोट में एक पुलिसकर्मी सहित कम से कम नौ लोग घायल हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय पुलिस ने मीडिया को बताया कि विस्फोट बलूचिस्तान की प्रांतीय राजधानी क्वेटा में जरघून रोड के किनारे कूड़े के ढेर के पास हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को क्वेटा के ट्रॉमा सेंटर और आपातकालीन विभाग में पहुंचाया। केंद्र के प्रबंध निदेशक अरबाब कामरान ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। उनका गहन चिकित्सा इकाई में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि बम कूड़े के ढेर के पास लगाया गया था। जब तीन बच्चे उसमें से सामान निकाल रहे थे तभी उसमें विस्फोट हो गया। तीन दिन के अंतराल में बलूचिस्तान में यह तीसरा विस्फोट है। सोमवार को, अज्ञात हमलावरों ने मतदान कर्मचारियों के प्रशिक्षण सत्र के दौरान खरान शहर में सरकारी मॉडल हाई स्कूल के परिसर को निशाना बनाया।

# कुर्दिश आतंकवादियों के खिलाफ सीमा पार अभियान जारी रखेगा तुर्की : एर्दोगन




**एजेंसी। अंकारा**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगन ने कहा कि उनका देश प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सीमा पार अभियान तब तक जारी रखेगा जब तक कि वह उत्तरी इराक से साफ नहीं हो जाता। एर्दोगन ने मंगलवार देर रात राजधानी अंकारा में कैबिनेट बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "इस क्षेत्र में हमारा अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक हम उत्तरी इराक में पहाड़ों के हर इंच को सुरक्षित नहीं कर लेते, जहां आतंकवादी छिपे हुए हैं।" 12 जनवरी को पीकेके आतंकवादियों द्वारा उत्तरी इराक में नौ तुर्की सैनिकों की हत्या के बाद शुरू किए गए देश के हालिया सीमा पार सैन्य अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "सीरिया और इराक में तुर्की के हवाई अभियानों के तहत कुल 114 टारगेट को निशाना बनाया गया और पिछले पांच दिनों में कुल 78 आतंकवादियों को मार गिराया गया।" एर्दोगन ने कहा कि पीकेके को हथियार, गोला-बारूद, प्रशिक्षण और आश्रय प्रदान कर 'मजबूत' करने के प्रयासों में तेजी आई है, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि समूह का समर्थन कौन कर रहा है। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा, हमारे सीमा पार अभियानों ने अनियमित प्रवासन की लहर के माध्यम से तुर्की को आंतरिक अशांति में खींचने के उद्देश्य से साजिशों को भी विफल कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले महीनों में तुर्की आतंकवाद से लड़ने के लिए अतिरिक्त कदम उठाएगा, चाहे कोई कुछ भी कहे या कोई भी धमकी दे। मंगलवार को तुर्की की संसद ने आतंकवाद के खिलाफ एक संयुक्त घोषणापत्र पारित किया था, जिसमें कहा गया था, ₹हम पूरी दुनिया के सामने घोषणा करते हैं कि तुर्की के पास देश और विदेश में सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ दृढ़ संकल्प से लड़ने की ताकत है।" पीकेके आतंकवादी अक्सर तुर्की में सीमा पार हमलों की साजिश रचने के लिए उत्तरी इराक में छिपते हैं, जो वाईपीजी को पीकेके समूह की सीरियाई शाखा के रूप में देखता है। तुर्की, अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध पीकेके ने तीन दशकों से अधिक समय से अंकारा सरकार के खिलाफ विद्रोह किया है।

## फिल्म जगत

### इमरान हाशमी ने किया खुलासा, आखिर वे क्यों विलेन का किरदार निभाना चाहते थे?



**मुंबई।** एक्टर इमरान हाशमी ने खुलासा किया कि वह विलेन की भूमिका क्यों निभाना चाहते थे। इमरान को 'टाइगर' फ्रेंचाइजी के थर्ड इस्टॉलमेंट में विलेन के रूप में दिखाया गया, जो अब डिजिटल रूप से स्ट्रीम हो रही है। इमरान ने कहा, "यह वाकई खास होता है जब कोई फिल्म आपको बार-बार सराहना और सम्मान देती रहे। इसका मतलब यह है कि एक फिल्म ने समय की किताबों में अपने लिए जगह बना ली है। 'टाइगर 3' में एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाकर इतना प्यार मिलना वाकई हैरान करने वाला है।" उन्होंने आगे कहा, "मुझे एक ऐसे विलेन की भूमिका निभाने का विचार आया था, जो जितना चतुर और चालाक है, उतना ही शक्तिशाली भी है और टाइगर जैसे आइकोनिक हीरो से आमने-सामने की लड़ाई लड़ सकता है। आदित्य चोपड़ा और मनीष शर्मा ने मुझे चुना, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं।" इमरान ने आगे साझा किया, "मुझे खुशी है कि जब 'टाइगर 3' सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो दर्शकों ने मुझे प्यार दिया और फिल्म बड़ी हिट रही। अब, जब 'टाइगर 3' स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है तो वे फिर से मुझ पर प्यार बरसा रहे हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि फिल्म और इसकी कहानी और इसके किरदार दर्शकों के दिलों से जुड़ गए हैं।"